Springboard ACADEMY

समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

मई - 2025

CURRENT AFFAIRS (May-2025)

PUBLISHER

MAHECHA PUBLICATION

PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026

E-mail: thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

The Notes Hub

+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA PUBLICATION

विषय-सूची

विषय वस्तु	पेज नं.
1. राजस्थान परिदृश्य	3 – 18
2. राष्ट्रीय परिदृश्य	19 – 47
3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य	48 – 61
4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	62 – 72
5. खेल	73 – 79
6. महत्वपूर्ण दिवस	80 – 81
7. महत्वपूर्ण पुस्तकें	82
8. अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न	83 – 86
9. टॉपर्स टॉक	87 – 88

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

© *All Rights Reserved By Publisher*

***नोट:**–इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

01 राजस्थान परिदृश्य

चर्चित व्यक्तित्व

गीता सामोता

- **निवासी** – चाक गाँव, सीकर
- **चर्चा में** – 19 मई, 2025 को गीता सामोता ने माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई करके केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की प्रथम अधिकारी बनने का श्रेय प्राप्त किया।
- **उपलब्धियाँ** –
  - दिल्ली महिला आयोग का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार, 2023 दिया गया।
  - नागरिक उड्डयन मंत्रालय का "Giving Wings to Dreams Award, 2023 भी मिला।
- **वर्तमान** – गीता सामोता उदयपुर के महाराणा प्रताप डबोक हवाई अडड् पर तैनात है।

कंवरलाल मीणा

- **विधायक** – अंता (बारां) विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य।
- **चर्चा में** – हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष ने महाधिवक्ता की विधिक राय के आधार पर एक निर्णय के तहत् विधायक की सदस्यता को अयोग्य घोषित किया।
- **कारण** – वर्ष 2005 के एक मामले में SDM रामनिवास मेहता को पिस्तौल दिखाकर धमकाने एवं राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने।
- **विशेष** –
  - **अयोग्यता तिथि** – 23 मई, 2025 से।
  - अब विधानसभा में 199 विधायक ही रह गए हैं। एक सीट (अंता, बारां) रिक्त है।
- **संवैधानिक आधार** – मीणा को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191(1)(e) तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत् दो वर्ष या उससे अधिक सजा होने पर विधायकी स्वत: समाप्त हो जाती है।

पद्मश्री बतूल बेगम

- **चर्चा में** –
  - हाल ही में **"पेरिस होली महोत्सव, 2025"** में 'केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देश' की प्रस्तुति दी।
  - 28 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया था।
- **विशेष तथ्य**
  - बतूल बेगम वर्ष 2017 से लगातार इस अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है।
  - बेगम वर्तमान में तीन माह के यूरोपीय दौरे पर है, जिसके तहत् फ्रांस, नीदरलैण्ड, इटली, जर्मनी, स्विट्जरलैण्ड सहित कई देशों में राजस्थानी लोक संगीत को वैश्विक पटल पर रखेगी।

राजेश पंचाल

- **निवासी** – खेमरा गाँव, चित्तौड़गढ़
- **चर्चा में** – 22 मई, 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में **"शौर्य चक्र"** से सम्मानित किया गया।
- **तैनात** – CRPF (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) में सहायक कमांडेट के पद पर।
- **उपलब्धि** – नक्सलवादी ऑपरेशन में असाधारण वीरता एवं अदम्य साहस हेतु।

प्रो. अखिल रंजन गर्ग

❒ **नियुक्ति** – 17 मई, 2025 को राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने प्रो. अखिल रंजन गर्ग को बीकानेर के तकनीकी विश्वविद्यालय में **कुलगुरु पद** पर नियुक्त किया।

❒ **विशेष** –
   ➢ **कार्यकाल** – 03 वर्ष / 70 वर्ष की आयु तक।
   ➢ कुलपति का पदनाम ''कुलगुरु'' करने के पश्चात् प्रथम नियुक्ति की गई।

डॉ. गिरिजा व्यास

❒ **निवासी** – उदयपुर

❒ **चर्चा में** – हाल ही में पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष (2005-2011), कवयित्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व्यास का निधन (01 मई, 2025) हो गया।

❒ **विशेष** – 31 मार्च, 2025 को गणगौर पूजा के समय दीपक की लौ से कपड़ो में आग लगने के कारण शरीर 90% तक झुलस गया था।

न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई



❒ **निवासी** – जोधपुर (26 मार्च, 1964 को जन्म)

❒ **चर्चा में** – हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में हिन्दी भाषा में शपथ ली। (30 मई, 2025 को)

❒ **उपलब्धियाँ**
   ✓ 05 फरवरी, 2024 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की थी।
   ✓ 08 जनवरी, 2013 को राजस्थान उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त।
   ✓ **अनुभव** – नागरिक, आपराधिक, संवैधानिक, चुनावी मामलों में।

जस्टिस के.आर. श्रीराम

❒ **चर्चा में** –
   ➢ जस्टिस के. आर. श्रीराम को राजस्थान उच्च न्यायालय के 43वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश कॉलेजियम ने की।
   ➢ केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना भी जारी की गई।

❒ **विशेष तथ्य**
   ➢ जस्टिस के. आर. श्रीराम मद्रास उच्च न्यायालय से राजस्थान स्थानांतरित होंगे।
   ➢ 42वें वर्तमान मुख्य न्यायाधीश (राजस्थान उच्च न्यायालय) एम.एम. श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

अनुच्छेद-217

❍ *उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और पद की शर्तों से संबंधित है, जो राष्ट्रपति को भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श से न्यायाधीशों की नियुक्ति करने का अधिकार देता है।*

डॉ. सौम्या गुर्जर

❒ **निवासी** – जयपुर

❒ **चर्चा में** – हाल ही में ब्राजील में BRICS असेम्बली में डॉ. सौम्या गुर्जर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

❒ **असेम्बली** – BRICS प्लस एसोसिएशन ऑफ सिरीज एंड म्यूनिसिपैलिटीज की जनरल असेम्बली।

❒ **MoU** – जयपुर एवं सेवेरोडविस्क (रूस) शहर के मध्य (संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, आर्थिक विकास)

❒ **वर्तमान पद** – जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर।



चर्चित स्थान

ताज लैक पैलेस, उदयपुर

❒ **स्थिति** – उदयपुर (राजस्थान)

❒ **चर्चा में** – हाल ही में **''ट्रिपएडवाइजर ट्रैवलर्स चॉइस अवॉर्ड, 2025''** से सम्मानित किया गया है।

- **विशेष तथ्य** – इसको ''वन ऑफ ए काइंड होटल्स'' श्रेणी में विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

सभा निवास, सिटी पैलेस, जयपुर

- **चर्चा में** –
  - जयपुर स्थित ''सभा निवास'' हॉल को वापस खोले जाने की घोषणा (सवाई मानसिंह-II संग्रहालय द्वारा)
  - अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के सम्मान में 18 मई, 2025 को हॉल को जनता के लिए फिर से खोल दिया गया।
- **विशेषताएँ**
  1. जयपुर के पूर्व शासक सवाई प्रतापसिंह के जीवन के आदर्श स्वरूप का वृतांत आधारित **''प्रताप प्रकाश''** की तर्ज पर **''सभा निवास''** को **''इमर्जिव स्टोरी टेंलिंग''** और एकीकृत तकनीक से जीवंत किया जाएगा।
  2. **उपयोग** – एक गैलरी के रूप में शाही ठाठ-बाठ, दरबारी अनुष्ठानों, राजकीय, प्रशासनिक, स्वागत कार्यक्रमों में।
  3. **प्रदर्शनी में विशेष**
     - ✓ 18वीं सदी की साहिबराम की चित्र श्रृंखला
     - ✓ 19वीं सदी के सिंहासन (यूरोपीय शैली)
     - ✓ 19वीं सदी का छत्र (शासन का प्रतीक)
     - ✓ 19वीं सदी के हौदे (हाथियों पर बैठने में प्रयुक्त साधन) महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 1961 में जयपुर यात्रा के दौरान सवार हुई थी।

कोटा

- **चर्चा में** – प्रदेश के ''तीसरे प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र'' का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- **स्थान** – महाराव भीमसिंह अस्पताल परिसर, कोटा
- **निर्माण** – भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को)
- **उद्देश्य** – मल्टीपल दिव्यांगजनों का उपकरणों के साथ सशक्तिकरण।

चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत

- **आयोजन** – 10 मई, 2025 को
  - राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर तथा जयपुर पीठ।
  - समस्त जिला एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में।
  - अधिकरणों, आयोगों, उपभोक्ता मंचों पर।
  - राजस्व न्यायालयों में भी।
- **आयोजक** – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वावधान में ''राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण'' (RSLSA) द्वारा।
- **कानून**
  - विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत् लोक अदालत द्वारा पारित किए गए निर्णय को सिविल अदालत की डिक्री प्राप्त है।
  - यह निर्णय अंतिम होता है।
  - सभी पक्षों (पक्ष-विपक्ष) पर बाध्यकारी।
- **लोक अदालत में रखे जाने वाले मामले** –



लोक अदालत में रखे जाने वाले मामले

1. सभी राजीनामा योग्य आपराधिक मामले
2. धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण
3. एम.ए.सी.टी. के प्रकरण
4. वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर)
5. श्रम एवं नियोजन संबंधी विवादों के प्रकरण, कर्मकार मुआवजा, पेंशन मामले
6. भूमि अधिग्रहण मामले
7. राजस्व मामले
8. नल, बिजली, टेलिफोन बिले संबंधी मामले
9. उपभोक्ता शिकायत मामले
10. दीवानी मामले (किरायेदारी, बंटवारा, सुखाधिकार कब्जा प्राप्ति, निषेधाज्ञा, घोषणा, धन वसूली वाद, क्षतिपूर्ति एवं विनिर्दिष्ट पालना के दावे)
11. राजीनामा योग्य मामले जो अन्य अधिकरण/आयोग/मंच/प्राधिकारी के समक्ष लंबित हों।

यदि कोई व्यक्ति/पक्षकार न्यायालय में लंबित अपने उक्त प्रकृति के प्रकरणों को सुलह के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहता है तो वह आज माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं समस्त जिला न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में प्रकरणों को रखवा सकता है।

सृजन की सुरक्षा योजना, 2025

- ***प्रारंभ*** *– राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RSLSA) द्वारा।*
- ***उद्देश्य*** *– वर्तमान कानूनी परिदृश्य के तहत् महिलाओं, बालिकाओं को कानूनन लाभ, जागरूकता, आत्मनिर्भर न्यायिक दृष्टिकोण हेतु एवं पर्यावरणवाद को प्रेरित करना।*
- ***विशेष*** *–*
  - *यह योजना "ईको-फेमिनिज्म सिद्धांतों" पर आधारित।*
  - *पिपलांत्री ग्राम मॉडल, राजसमंद से प्रेरित है।*

कृषक उपहार योजना

- **चर्चा में** – कृषि विपणन विभाग द्वारा कृषक उपहार योजना के अंतर्गत राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी जारी की।
- **लॉटरी का आयोजन** – शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन, जयपुर में हुआ।
- योजना के माध्यम से किसानों को (e-NAM) पोर्टल और (e-Payment) के माध्यम से अपने कृषि उत्पादों की बिक्री करने और भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- **पुरस्कार विजेता किसान**

क्र.सं.	किसान	राशि (₹)	पुरस्कार
1.	गोलू (कृषि उपज मंडी, कोटा)	2,50,000/-	प्रथम
2.	ओमप्रकाश (कृषि उपज मंडी, हनुमानगढ़)	1,50,000/-	द्वितीय
3.	रामभरोसे (कृषि उपज मंडी, कोटा)	1,00,000/-	तृतीय

अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम

- **दिनांक** – 11 मई, 2025 को मनाया गया।
- **स्थल** – जनाना अस्पताल, जयपुर
- **विभाग** – चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार
- **कार्यक्रम की थीम** = "मातृत्व की सुंदरता"
- **विशेष तथ्य** –

  1. माताओं व नवजात शिशुओं हेतु **"वात्सल्य कवच"** वितरित किए गए (**उद्देश्य** – सार्वजनिक स्थलों पर शिशु स्तनपान को सुरक्षित बढ़ावा देना)
  2. **सुवा दाई माँ** – उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कोटड़ी गाँव, रूपनगढ़ (अजमेर) की वृद्ध महिला को सम्मानित किया
     - **उपलब्धि** – पिछले 60 वर्षों में 2,800 से अधिक सुरक्षित प्रसव एवं निःस्वार्थ सेवा भाव, मानवता, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण का अद्धभूत उदाहरण पेश किया।

एकमुश्त समझौता योजना

- **उद्देश्य** – राजस्थान सरकार द्वारा किसानों एवं लघु उद्यमियों को राहत प्रदान करना, भूमि विकास बैंकों की वित्तीय स्थिति एवं संस्थागत ढाँचे को मजबूत करना।
- **घोषणा** – राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 में।
- **बजट आवंटित** – 200 करोड़ रुपये।
- **प्रथम चरण लागू** – 01 मई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक।
- **प्रभावी** – यह योजना "राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एंड विकास सहकारी निगम लिमिटेड (RMFDCC) द्वारा वितरित उन ऋणों पर लागू जो 31 मार्च, 2024 तक अतिदेय हो चुके हैं।
- **मुख्य बिन्दु**
  1. 30 सितम्बर, 2025 तक संपूर्ण बाकी मूलधन की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।
  2. समय पर भुगतान होने से सामान्य तथा दण्डात्मक ब्याज से 100% छुटकारा।

बर्तन बैंक योजना

- **उद्देश्य** – ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना।
- **चर्चा में** – राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण के अन्तर्गत 1,000 ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रुपये के स्टील बर्तन सैट उपलब्ध करवाए जाएँगे।

- **घोषणा** – राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 में।
- **प्रावधान**

1. तीन रुपये में बर्तन सेट किराए पर उपलब्ध होंगे। जो शादी और अन्य सामाजिक आयोजनों में उपयोगी।
2. प्रथम चरण में बारां जिले की 24 ग्राम पंचायतों को शामिल किया जाएगा।
3. **बर्तन सैट** - एक सैट में तीन कटोरी, एक थाली, एक गिलास और एक चम्मच शामिल होंगे।
4. प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुल 400 बर्तन सैट रखे जाएँगे, प्रत्येक बर्तन पर ग्राम पंचायत का नाम होगा तथा 'स्वच्छ भारत मिशन' अंकित किया जाएगा।
5. **विशेष वर्गों** – BPL, SC, ST दिव्यांगजनों को किराए में 50% की छूट मिलेगी।
6. **संचालन व देखभाल** – राजीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से।
7. **नोट** – प्रदेश के प्रथम स्टील बर्तन बैंक का शुभारंभ राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले के रामगंज मंडी की खैराबाद पंचायत समिति से विधिवत रूप से किया।

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2025

- **आयोजन** – जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
- **अवधि** – 09-18 मई, 2025 तक।
- **विभाग** – सहकारिता विभाग, राजस्थान एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड।
- **उद्देश्य** –
  - देश-प्रदेश के प्रसिद्ध एवं श्रेष्ठ मसालों की अनूठी प्रदर्शनी लगाकर उनकों क्रय-विक्रय में आगे बढ़ाना।
  - सहकार मसाले स्वाद एवं सुगंध में निराले शुद्धता एवं विश्वास की खसोटी पर खरे।
- **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली संस्थाएँ**

क्र.सं.	शीर्ष बिक्री	जिला उपभोक्ता भंडार	क्रय-विक्रय सहकारी समितियाँ
प्रथम	कॉन्फैड	कोटा	मथानिया
द्वितीय	तिलम संघ	उदयपुर	भीनमाल
तृतीय	RCDF, जयपुर	जोधपुर	नागौर

मीट इन इंडिया कॉन्क्लेव, जयपुर

- **अवधि** – 04-06 मई, 2025 तक।
- **सहयोग** – केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) के सहयोग से 14वें ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (GITB) के उपलक्ष्य पर आयोजन।
- **लक्ष्य** – भारत मंडपम, यशोभूमि, जियो वर्ल्ड सेंटर आदि जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और MICE पर विशेष ध्यान देने के साथ कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष MICE गंतव्यों में शामिल करना है।
- **उद्देश्य** – पर्यटन नीतियाँ, MICE के रूप में राज्य तथा भारत को एक अग्रणी केन्द्र के रूप में विकसित करना।
- **विशेष तथ्य**
  1. भारत का MICE (मीटिंग, इन्सेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशंस) उद्योग तीव्र गति से वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है।
  2. भारत के MICE बाजार ने वर्ष 2024 में 49,402.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न किया, जिसके 13% CAGR की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2030 तक 103,686.5 मिलियन अमेरिकी $ पहुँचने की उम्मीद है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान, राजस्थान

- **अवधि** – 29 मई-12 जून, 2025 तक।
- **विजन** – **'लैब टू लैंड' (प्रयोगशाला से खेत तक)**
- **आयोजनकर्ता** – कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा ICAR के संयुक्त तत्वावधान में।

- ❒ **उद्घाटन** – केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी द्वारा राज्यस्तरीय अभियान का उद्घाटन अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखण्ड के रलावता गाँव से।
- ❒ **उद्देश्य** –
  - ➢ किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकी जानकारी देना।
  - ➢ मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित फसल चयन के प्रति जागरूकता करना।
  - ➢ प्राकृतिक खेती की जानकारी देना।
  - ➢ संतुलित उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताना।
  - ➢ आईसीटी और आधुनिक यंत्रों के उपयोग से स्मार्ट कृषि के बारे में जानकारी देना।
- ❒ **मुख्य बिन्दु**
  1. **प्रयोगशाला से खेत तक (लैब टू लैंड)** की संकल्पना को क्रियान्वित करना। जिससे कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य प्रत्यक्ष संवाद (दो तरफा) होगा।
  2. कृषिगत पद्धतियों में वैज्ञानिक तकनीकों को धरातल पर उतारना।
  3. अभियान के तहत् वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें देशभर के गाँवों में जाकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद करेगी।
  4. फसल विविधीकरण और मशीन आधारित खेती के मॉडल का प्रदर्शन।

ऑपरेशन शील्ड

- ❒ **आयोजन** – 31 मई, 2025 को राजस्थान सहित चार राज्यों (पंजाब, गुजरात, हरियाणा) और केन्द्रशासित प्रदेशों (चंडीगढ़ एवं जम्मू कश्मीर) में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया।
- ❒ **उद्देश्य** – ड्रोन हमलों व युद्धक विमानों से पहले सायरन बजाने ब्लैक आउट एवं घायल व्यक्तियों के त्वरित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, बचाव हेतु अभियान।

पुरस्कार

संसद रत्न पुरस्कार, 2025

- ❒ **प्रदाता संस्था** – प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन।
- ❒ वर्ष 2025 हेतु कुल 17 सांसदों का चयन किया गया।
- ❒ **राजस्थान से 02 सांसदो को**

  1. मदन राठौड़ – राज्यसभा सांसद

  2. पी.पी. चौधरी – पाली लोकसभा क्षेत्र (पी.पी. चौधरी को पूर्व में वर्ष 2015 और 2016 का भी संसद रत्न पुरस्कार मिल चुका है।

मनोज माथुर जर्नल्जिम अवॉर्ड, 2025

- ❒ **आयोजक** – मनोज कुमार फाउण्डेशन द्वारा।
- ❒ **आयोजन** – पिंक सिटी प्रेस क्लब, जयपुर
- ❒ **वितरण** – विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा।

क्र.सं.	पुरस्कार विजेता	क्षेत्र
1.	अवधेश आकोडिया	प्रिन्ट मीडिया
2.	सौरभ भट्ट	डिजिटल मीडिया
3.	महेश दाधीच	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

डॉ. रमेश रलिया

- ❒ **निवासी** – जोधपुर
- ❒ **चर्चा में** – वैज्ञानिक एवं डॉ. रमेश रलिया और उनके सह-आविष्कारक डॉ. प्रतीम बिस्वास को उनके NPK नैनो-उर्वरक के लिए 06 मई, 2025 को अमेरिकी पेटेंट प्रदान किया गया।
- ❒ **उपलब्धि** –
  - ➢ यह नैनो सॉल्यूशन फसलों को नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पौटेशियम की आपूर्ति करेगा।
  - ➢ भारत को तरल नैनो यूरिया लॉन्च करने वाला विश्व का प्रथम आत्मनिर्भर देश बनाया।

राजस्थान परमाणु पॉवर प्रोजेक्ट

- **नाम** – माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पॉवर प्रोजेक्ट
- **चर्चा में** – हाल ही में 9 मई, 2025 को ''परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) ने माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (MBRAPP) के स्थान निर्धारण हेतु अनुमति दे दी है।
- **मुख्य बिन्दु**
  1. माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, जिसे राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के पास 1,366.49 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाना है।
  2. प्रोजेक्ट में 700 मेगावॉट क्षमता के 04 परमाणु रिएक्टर स्थापित होंगे।

राज्य का प्रथम परमाणु ऊर्जा संयंत्र – रावतभाटा (राजस्थान परमाणु ऊर्जा स्टेशन)

- ***शुरूआत*** *– 1973 में प्रथम यूनिट का कार्य शुरू*
- ***संचालन*** *– NPCIL (न्यूक्लिर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड)*
- ***सहयोगी देश*** *– कनाडा*

इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन

- **अधिसूचना जारी** – 30 अप्रैल, 2025 को।
- **प्रभावी** – 01 मई, 2025 से वैध माना गया।
- **विशेष** – इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति और बोर्ड को मान्यता देने वाला देश का प्रथम राज्य राजस्थान बना।
- **पृष्ठभूमि** –
  1. पूर्व में वर्ष 2018 में इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड को वैधानिक मान्यता प्रदान करने हेतु राजस्थान विधानसभा में ''राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी सिस्टम ऑफ मेडिसीन बिल, 2018'' पारित किया गया था।
  2. राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा प्रणाली अधिनियम, 2018 (10 अप्रैल, 2018 को राज्यपाल की स्वीकृति)।
- **संरचना** = (1+6) = कुल 07

क्र.सं.	विवरण	पद
1.	प्रमुख सचिव, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग	अध्यक्ष
2.	श्री हेमंत सेठिया	सदस्य
3.	श्री गोविंद लाल सैनी	सदस्य
4.	श्री कुलदीप वर्मा	सदस्य
5.	श्री हरि सिंह बूमरा	सदस्य
6.	श्री एस.एस. पाटोदिया	सदस्य
7.	निदेशक, आयुर्वेद विभाग	रजिस्ट्रार (सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी)

इलेक्ट्रोपैथी

- ***क्या*** *– वानस्पतिक गुणों एवं औषधी तत्वों पर आधारित जिसे उच्चतम न्यायालय ने वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति माना है।*
- ***जनक*** *– डॉ. काउंटसीजर मैटी*

पिंक प्रॉमिस अभियान

- **प्रारम्भ** – रॉयल राजस्थान फाउण्डेशन (RRF) द्वारा
- **उद्देश्य** – महिला सशक्तिकरण के तहत् उन्हें स्वच्छ सोलर ऊर्जा तथा समान लैंगिक भावनाओं को बढ़ावा देना।
- **चर्चा में** – रॉयल राजस्थान फाउण्डेशन, RRF द्वारा जयपुर के SMS स्टेडियम में IPL के 50वें मैच में ''प्रत्येक सिक्स (छक्के) पर सांभर क्षेत्र के 12 घरों को सोलराइज करने हेतु ''पिंक प्रॉमिस मैच'' खेला।
- **विशेष** – कुल 13 छक्के लगे जिससे सांभर क्षेत्रों के 156 घरों को सौर ऊर्जा से रोशन किया जाएगा।

राजस्थान का प्रथम साइबर सपोर्ट सेंटर

- **उद्घाटन** – 24 मई, 2025 को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में।
- **उद्देश्य** – साइबर अपराधों से निपटना एवं साइबर पीड़ितों को न्याय दिलाना, एकमुश्त त्वरित समाधान।
- **सहयोग** – जयपुर पुलिस द्वारा मुंबई स्थित NGO ''रेस्पॉन्सिबल नेटिजन्स'' के सहयोग से।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, 2025 (राजस्थान की स्थिति)

- राजस्थान में तम्बाकू उपभोग का कुल प्रचलन 24.7% है।
- **टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 1.0** (वर्ष 2023-24) के अन्तर्गत राजस्थान ने सभी सूचकांकों में सम्पूर्ण राष्ट्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, राजस्थान को "टोबैको कंट्रोल एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया था।
- **टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0** – 24 सितम्बर, 2024 से 60 दिवसीय कार्यक्रम।
- **तम्बाकू नियंत्रण अभियान** – राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और NHM (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) का सहयोग।

मानस पोर्टल



- यह एक राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल है।
- **उद्देश्य** –
  - प्रत्येक नागरिक के लिए 24×7 (टोल फ्री नंबर 1933) पर ड्रग से संबंधित मामलों की रिपोर्ट करने के लिए एक उपयोगकर्ता-अनुकूल मंच स्थापित करना है।
  - यह विशेष पोर्टल ड्रग तस्करी, अवैध बिक्री / खरीद / भंडारण / निर्माण और नारकोटिक ड्रग्स / साइकोट्रोपिक पदार्थों की अवैध खेती सहित ड्रग से संबंधित मामलों की एक श्रृंखला को संबोधित करने के लिए समर्पित है।

खेल गतिविधियाँ

पलक दशलानिया

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – ताइक्वांडो (U-17 बालिका वर्ग)
- **चर्चा में** – "ऑल इंडिया IPSC गर्ल्स ताइक्वांडो टूर्नामेंट" 2025 जो भोपाल, मध्यप्रदेश में आयोजित हुआ। जिसमें पलक ने U-17 (52-55 kg वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता।

रघुराज सिंह बिश्नोई

- **निवासी** – रंजीतपुरा गाँव, बीकानेर
- **चर्चा में** – संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आयोजित **फुजैरा अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप, 2025** में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- **विशेष** – चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 10 वर्षों के अंतराल को तोड़ा।

कृष्णा नागर

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – बैडमिंटन (पैरा-खिलाड़ी)
- **खेल कैटेगरी** – SH-6 (बैडमिंटन, स्ट्रोक और हिटिंग)
- **चर्चा में** –
  - दुबई में आयोजित "6वीं फाजा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025" में कांस्य पदक जीता।
  - सेमीफाइनल मैच में कृष्णा नागर ने ब्राजील के विटोर टैवरेस से पराजित होने के बाद कांस्य पदक जीता।
- **उपलब्धियाँ**
  - 2020, टोक्यो पैरालंपिक = स्वर्ण पदक
  - 2019, पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप = कांस्य
  - 2021, खेल रत्न पुरस्कार विजेता

दिव्यकृति सिंह राठौड़

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – घुड़सवारी (Equestrian)
- **चर्चा में** –
  - हाल ही में जारी, ग्लोबल ड्रेसाज रैंकिंग – 2024-25 में एशिया की नंबर 01 घुड़सवार का खिताब जीता।
  - यह रैंकिंग "फेडरेशन इक्वेस्ट्रियन इंटरनेशनल (FEI) द्वारा जारी की गई।
- **उपलब्धियाँ**
  1. 19वें एशियन गेम्स, चीन = स्वर्ण पदक
  2. घुड़सवारी में अर्जुन पुरस्कार विजेता प्रथम भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त किया।

3. भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 'स्टेट आइकन' नामित किया गया।

4. आगामी लक्ष्यों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।
   - ✓ एशियन चैंपियनशिप, 2025 (थाइलैंड)
   - ✓ वर्ल्ड गेम्स, 2025 (जर्मनी)

योग्या सिंह

- **निवासी** – जोधपुर
- (**खेल** – तैराकी)
- **चर्चा में** –
  - ➢ राज्य स्तरीय सीनियर तैराकी चैंपियनशिप, 2025 (जयपुर) में 05 स्वर्ण और 03 रजत पदक जीते।
  - ➢ स्वर्ण पदक = 50, 100, 200 मीटर फ्री स्टाइल और 50, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में जीते।

- **विशेष** – योग्या सिंह चौथी बार राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ तैराक बनी। (वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ तैराक)

महेश गुर्जर

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – भाला फेंक (जैवलिन थ्रो F-42 कैटेगरी)
- **चर्चा में** – स्विट्जरलैण्ड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में पुरुषों की भाला फेंक की F-42 श्रेणी में 61.17 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता।
- **उपलब्धियाँ**
  - ➢ महेश गुर्जर ने वर्ष 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन के 59.19 मीटर रिकॉर्ड को तोड़ा।
  - ➢ महेश गुर्जर का ग्रैंड प्रिक्स में दूसरा स्वर्ण पदक है। (पूर्व में T-42 स्पर्धा में)

भारती श्योराण

- **निवासी** – भामासी गाँव, सादुलपुर, चुरू
- **खेल** – एथलेटिक्स (दौड़)
- **चर्चा में** – आगामी फ्रांस में आयोजित होने वाली वर्ल्ड ग्रैंड प्रिक्स चैंपियनशिप में पैरा एथलीट के तौर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। (1500 मीटर दौड़)
- **पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष** – देवेन्द्र झाझड़िया, चुरू (राजस्थान)

जूही कुमारी

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – कराटा
- **चर्चा में** –
  - ➢ राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप 17-18 मई, 2025 को जयपुर में हुई जिसमें जूही ने अलग-अलग इवेंट में 02 स्वर्ण पदक तथा 01 रजत पदक जीता।
  - ➢ जूही कुमारी का लगातार यह आठवाँ खिताब है।
  - ➢ जूही अब देहरादून, उत्तराखण्ड में 12-15 जून, 2025 को आयोजित होने वाली सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी।

74वीं राजस्थान राज्य सीनियर तैराकी चैंपियनशिप, 2025

- **आयोजन** – 25-27 मई, विद्याश्रम स्कूल, जयपुर में
- **आयोजक** – राजस्थान तैराकी संघ, जयपुर
- **ओवरऑल विजेता** – जयपुर (152 अंकों के साथ)
- **युग चेलानी** – 03 स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते।
- **रितिका खाटा** – 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक नया रिकॉर्ड बनाया।
- **अनिल व्यास** – राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष

सॉफ्ट हॉकी एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2025

- **आयोजक संस्थाएँ** –
  - ➢ एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया
  - ➢ राजस्थान सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन
- **सम्मानित खिलाड़ी** = 16 (सीनियर पुरुष, सीनियर महिला, जूनियर वर्ग)
- **अभियान** = हर घर हॉकी-हॉकी को जन-जन तक पहुँचाने हेतु।

प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स, 2025

- **आयोजन** – 19-24 मई, 2025 तक।
- **मेजबान राज्य/संघ क्षेत्र** – दादर नागर हवेली एवं दमन द्वीव
- **राजस्थान का प्रदर्शन** –
  - **पदक तालिका में स्थान** = 19वाँ
  - **कुल पदक** = 06 (01 रजत, 05 कांस्य)
  - **रजत पदक (01)** = कबड्डी टीम (हरियाणा ने राजस्थान को 48-29 से पराजित किया)
  - **पेंचेक सिलाट में 05 कांस्य पदक** = चेनाराम, रवि चौधरी, अजय चौधरी, गायत्री चौधरी, पूनम बिश्नोई।

19वीं सीनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता

- **आयोजन** – डीडवाना-कुचामन
- **परिणाम** –
  - **प्रथम स्थान** – जयपुर (19 स्वर्ण, 9 रजत, = कुल 130 अंक)
  - **द्वितीय स्थान** – जोधपुर
  - **तृतीय स्थान** – कोटा
  - **बेस्ट पुरुष खिलाड़ी** – मानस थपलियाल, जयपुर
  - **बेस्ट महिला खिलाड़ी** – महक शर्मा, कोटा

7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार

- **राजस्थान का प्रदर्शन**
  - **पदक तालिका में स्थान** – तीसरा
  - **कुल पदक** – 60 (24 स्वर्ण, 12 रजत, 24 कांस्य)
  - राजस्थान के खिलाड़ियों ने रोड साइकिलिंग स्पर्धा में स्वर्ण, रजत, कांस्य तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।
    1. मंजू चौधरी – स्वर्ण (32 मिनट 15.42 सेकेण्ड)
    2. रामवतार चिम्पा – स्वर्ण (40 मिनट 21.24 सेकेण्ड)
  - हैमर थ्रो में अंश ने 66.60 मीटर थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता।
  - वेट लिफ्टिंग में हरिओम ने कुल 271 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।
  - हंसराज धायल ने डिस्कस थ्रो (63.18 मीटर) फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। (नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया)
  - योगासन में प्रथम बार 02 स्वर्ण पदक (ऋतिक बिश्नाई, आर्टिस्टिक पेयर और आर्टिस्टिक एकल में)

महाराणा प्रताप खेल पुरस्कार, गुरु वशिष्ठ अवॉर्ड

- राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को महाराणा प्रताप पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ कोचों को गुरु वशिष्ठ अवॉर्ड प्रदान किया जाता है।
- **चर्चा में** – नियमों में बदलाव किया गया है।
  - पिछले 04 वर्षों की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के आधार पर चयन किया जाएगा।
  - NADA व WADA के टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ी इसके पात्र नहीं होंगे।
  - अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता, अंतर्राष्ट्रीय पार्टिसिपेशन व नेशनल गेम्स पदक विजेता मान्य।
  - **चयन समिति** – अब खेल प्रशासक नही द्रोणाचार्य शामिल होंगे, 05 सदस्यों में स्पोर्ट्स काउंसिल अध्यक्ष, शसन उप-सचिव, 01 अर्जुन अवॉर्डी, 01 द्रोणाचार्य और स्पोर्ट्स काउंसिल सचिव होंगे।

विविध

राजस्थान और ओडिशा में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों को स्वीकृति

- **सैद्धांतिक मंजूरी** – 05 मई, 2025 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने **राजस्थान के कोटा** एवं ओडिशा के पुरी में।
- **उद्देश्य** – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत् स्वीकृति, हवाई संपर्क यात्रा को गुणवत्तापूर्ण व आमजन हेतु हवाई यात्रा को किफायती करना।
- **कोटा हवाई अड्डा** –
  - **विकास** – दो चरणों में।
  - **निवेश** = कुल 1,507 करोड़ रुपये

डॉ. अजय डाटा की पुस्तक "ZENITH"

- **चर्चा में** – हाल ही में डॉ. अजय डाटा (प्रख्यात तकनीकी उद्यमी) ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को AI आधारित पुस्तक ZENITH भेंट की।
- **पुस्तक की विषयवस्तु** – AI का दैनिक जीवन व कार्यस्थल पर प्रभावी उपयोग कैसे करें।
- **शीर्षक** – "ZENITH : Mastering AI For Everday Work and Life"

जयपुर मैट्रो फेज-2 की DPR का अनुमोदन

- **कब** – 21 मई, 2025 को मुख्यमंत्री ने जयपुर मेट्रो के फेज-2 के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) को स्वीकृति प्रदान की।
- **विशेषताएँ** –
  - **फेज-2 कुल लम्बाई** = 42.80 किमी.
  - **क्रियान्वयन** – राज्य : केन्द्र (50 : 50) की संयुक्त उद्यम कंपनी ''राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन''।
  - **उद्देश्य** – जयपुर शहर में सार्वजनिक परिवहन को सशक्त और सुलभ बनाना।

प्रधानमंत्री मोदी का राजस्थान दौरा

- **चर्चा में** – हाल ही में 22 मई, 2025 को मोदी ने बीकानेर जिले के देशनोक में ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' के तहत् पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करते हुए देश भर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया। (विरासत भी-विकास भी)
- देश के पहले प्रधानमंत्री जिन्होंने करणी माता मंदिर, देशनोक का दौरा व दर्शन किए।
- **राजस्थान के आठ रेलवे स्टेशन** –

1. देशनोक	2. गोगामेड़ी
3. बूँदी	4. माण्डलगढ़
5. गोविन्दगढ़	6. मण्डावर-महुआ रोड
7. फतेहपुर शेखावाटी	8. राजगढ़

- बीकानेर से 26,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण।

शिलान्यास	लोकार्पण
• गोटन - साथिन (पीपाड़) राज्य राजमार्ग सं. 86-बी के विकास का कार्य • अमृत 2.0 के अंतर्गत पाली, मारवाड़ जंक्शन, बाली, रानी, सोजत सिटी, फालना, सादड़ी में शहरी जल प्रदाय योजनाओं के पुनर्गठन के कार्य एवं जायका वित्त पोषित जिला झुंझुनूं (285 गांव) व सूरजगढ़ तथा उदयपुरवाटी शहर में पेयजल आपूर्ति कार्य • डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर के गिरजासर, गड़ियाला माइनर, देवड़ा वितरिका, कोलायत विकरिका, नखत बन्ना माइनर और उप-माइनर के कमांड क्षेत्र में फव्वारा सिंचाई प्रणाली को विकास	• अजमेर, ब्यावर, नगौर, जोधपुर, चुरू, हनुमानगढ़, बाँसवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, सीकर, टोंक एवं जालोर जिलों के 14 राज्य राज्यमार्गों के 12 विकास कार्य • बाँसवड़ा जिले में माही सिंचाई परियोजना की 10 नहर प्रणालियों के पुनर्वास के कार्य • राजपुरा (बीकानेर) एवं सराड़ा (सलूम्बर) में 132 केवी जीएसएस लाइनें • नाथद्वारा (राजसमन्द), प्रतापगढ़, पालड़ी (भीलवाड़ा) एवं धौलपुर में नर्सिंग कॉलेज

यंग आर्टिस्ट फैलोशिप में राजस्थान के 07 कलाकार चयनित

- **चर्चा में** – भारत सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्रालय ने हाल ही में वर्ष 2022-23 हेतु यंग आर्टिस्ट फैलोशिप की घोषणा की।
- **राजस्थान का प्रदर्शन** –
  - 07 कलाकारों का चयन एवं 15वाँ स्थान (वर्ष 2022-23 में)
  - वर्ष 2021-22 में कुल 17 कलाकारों का चयन हुआ था।
- **राजस्थान के चयनित कलाकारों के नाम** –

	कलाकार नाम	क्षेत्र	निवासी
1.	करन मलिक	कव्वाली	जयपुर
2.	नरेन्द्र सैन	ग्राफिक्स	जयपुर
3.	मनहर जोशी	कथक नृत्य	जयपुर
4.	श्वेता खत्री	थियेटर	जयपुर
5.	चेतना मेहरा	ग्राफिक्स	अलवर
6.	अमित डागर	थियेटर	अलवर
7.	अलेना भारती	गजल गायक	कोटा

राज्य का प्रथम देवनारायण कॉरिडोर, भीलवाड़ा

- **चर्चा में** – हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा भीलवाड़ा में राज्य के प्रथम देवनारायण कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की गई।
- **कार्य** – "प्रसाद योजना" के तहत् जिसमें भगवान देवनारायण संबंधित तीर्थ स्थलों का संरक्षण और संवर्द्धन होगा।
- **कॉरिडोर में शामिल स्थल** –
  - मालासेरी डूंगरी
  - साडूमाता की बावड़ी
  - बरनार
  - गढगोढ़ा
  - सवाई भोज मंदिर
- **स्वीकृत राशि** = 48.73 करोड़ रुपये।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

- **चर्चा में** – हाल ही में 19 मई, 2025 को मुख्यमंत्री ने अलवर के डूंगरी पार्क में वीर शिरोमणि प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया।
- **विशेषताएँ**
  - **निर्माण** = पंचधातु से निर्मित।
  - **लागत** = लगभग 50 लाख रुपये।
  - **ऊँचाई** = 12.5 फीट
  - **वजन** = 2,200 किलोग्राम
- **विशेष** – इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने "बहरोड़ बनेगा बेहतर" पुस्तक का विमोचन भी किया।

सांगरी को मिला GI टैग

- **चर्चा में** – राजस्थान (विशेषतः पश्चिमी) के खेजड़ी वृक्ष की हरी फली को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के सहयोग से GI टैग मिला।

- **GI टैग क्रमांक** – राजस्थान के 17वें GI टैग के रूप में (उत्पाद श्रेणी में) जिसे चेन्नई स्थित जियोग्राफिक्ल इंडिकेशन्स रजिस्ट्री कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया।
- **सांगरी क्या है?**
  - खेजड़ी वृक्ष की हरी फली।
  - आमतौर पर इसकी सब्जी बनाई जाती है।

  - रोग प्रतिरोधक क्षमता युक्त फल/फली
  - सूखने पर इसे 'खोखा' (स्थानीय भाषा में) कहते हैं।
  - **पैदावार** – विशेषत: बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, नागौर इत्यादि पश्चिमी राजस्थान के जिलों में।

कृष्ण गमन पथ

- **उद्देश्य** – धार्मिक पर्यटन विकास को बढ़ाने के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करना।
- **विकास** – संयुक्त रूप से (राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश)
- **चर्चा में** – हाल ही में कृष्ण गमन पथ में राजस्थान के आठ मंदिरों को शामिल किया गया।

क्र.सं.	शामिल मंदिर	स्थान
1.	जगन्नाथ मंदिर	कैमरी, करौली
2.	श्री बिहारी जी मंदिर	भरतपुर
3.	बाड़ का कैलादेवी मंदिर	बयाना
4.	मदन मोहन जी	करौली
5.	त्रिनेत्र गणेश मंदिर	रणथम्भौर
6.	केशवराम जी महाराज	बूँदी
7.	द्वारकाधीश मंदिर	कोटा
8.	मथुराधीश मंदिर	झालरापाटन (झालावाड़)

राजस्थान विधानसभा में समितियों का गठन

- **चर्चा में** – 30 अप्रैल, 2025 को विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा 16वीं राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2025-26 हेतु समितियों का गठन किया गया।
- **राजस्थान विधानसभा समितियाँ, 2025**

क्र.सं.	समिति का नाम	सभापति/अध्यक्ष
1.	नियम समिति	वासुदेव देवनानी
2.	पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी	केसाराम चौधरी
3.	अनुसूचित जाति कल्याण समिति	डॉ. विश्वनाथ मेघवाल
4.	अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति	फूलसिंह मीणा
5.	पुस्तकालयों/सरकारी आश्वासन संबंधी	जितेन्द्र कुमार गोठवाल
6.	याचिका एवं सदाचार समिति	कैलाशचंद्र वर्मा
7.	अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी	दयाराम परमार
8.	सामान्य प्रायोजनों संबंधी	वासुदेव देवनानी
9.	विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विधान संबंधी	नरेन्द्र बुडानिया
10.	गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी	हरिसिंह रावत
11.	प्रश्न एवं संदर्भ समिति	संदीप शर्मा
12.	महिलाओं एवं बालको संबंधी	कल्पना देवी
13.	जनलेखा समिति	टीकाराम जूली
14.	प्राक्कलन समिति "क"	अर्जुनलाल जीनगर
15.	प्राक्कलन समिति "ख"	बाबूसिंह राठौड़
16.	राजकीय उपक्रम समिति	कालीचरण सर्राफ

राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पदोन्नत

- **चर्चा में** – केन्द्र सरकार के विधि एवं न्याय विभाग द्वारा राजस्थान उच्च न्यायायल में वकील कोटे से तीन नवीन न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई। (29 मई, 2025)
- **पदोन्नत न्यायाधीश के नाम**
  1. संजीव पुरोहित, जोधपुर
  2. बिपिन गुप्ता, जयपुर
  3. रवि चिरानिया, जयपुर
- **विशेष तथ्य** – राजस्थान उच्च न्यायालय में स्वीकृत कुल न्यायाधीशों की संख्या 50 (1+49) है, इनकी नियुक्ति पश्चात् कुल कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 40 हो जाएगी।

राजस्थान राज्य OBC (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग

- **उद्देश्य** – पंचायतों और शहरी निकायों में OBC के लिए राजनीतिक आरक्षण संबंधी सुझाव व सिफारिश देना।
- **अध्यक्ष** – श्री मदनलाल (सेवानिवृत्त न्यायाधीश)
- **सदस्य** – मोहन मारवाल, प्रो. राजीव सक्सेना, अधिवक्ता गोपालकृष्ण, पवन मंडाविया।
- **कार्यकाल** – प्रारंभिक तौर पर 03 माह (आवश्यकता होने पर विस्तार संभव)
- **नोडल विभाग** – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार
- **विशेष** – राज्य में प्रथम बार ऐसा आयोग गठित किया गया।

8वीं मिसेज राजस्थान प्रतियोगिता, 2025

- **आयोजन** – बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर
- **आयोजक** – फ्यूजन ग्रुप द्वारा होटल ग्रैंड सफारी के सहयोग से।
- **उद्देश्य** – राजस्थान की विवाहित महिलाओं की प्रतिभा आत्मविश्वास, सम्मान, गरिमा को प्रदर्शित करने हेतु।
- **परिणाम** –
  - **विजेता** – निधि शर्मा, जयपुर
  - **उप-विजेता** – ललिता नेहरा
  - **द्वितीय रनर अप** – वैदेही जोशी

संत आत्माराम लक्ष्य पैनोरमा

- **घोषणा** – 21 मई, 2025 को बिड़ला सभागार में अखिल भारतीय रैगर समाज सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने।

संत आत्माराम

- ***जन्म*** – *अगस्त 1907 को शिवदासपुरा गाँव, जयपुर*
- ***मूल नाम*** – *कन्हैयालाल*
- ***योगदान*** – *रैगर समाज के सामाजिक उत्थान हेतु महत्वपूर्ण प्रयास सामाजिक समानता, सुधारों पर बल दिया था।*

चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट निर्माण को मंजूरी

- **स्वीकृति** – राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड से।
- **एक्वाडक्ट की लम्बाई** – 2,280 मीटर
- राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) के प्रथम चरण में।
- **मुख्य बिन्दु** –
  - ✓ रामगढ़, महलपुर, नवनैरा बैराज का जल चम्बल नदी को पार करते हुए मैज बैराज में वितरित किया जाएगा।
  - ✓ बीसलपुर और ईसरदा बाँध तक लिफ्ट सिस्टम के जरिए पानी पहुँचाया जाएगा।
  - ✓ इसका एक छोर कोटा के पीपल्दा समेल गाँव में और दूसरा छोर बूँदी के गुहाटा गाँव से जुड़ेगा।

पोटाश ब्लॉकों की निलामी

- केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम बार पोटाश ब्लॉक नीलामी व खनन की शुरूआत राजस्थान से हुई।
- **राजस्थान में 02 खनन ब्लॉक आवंटित किए गए–**
  1. जोर्कियन-सतीपुरा-खुंजा पोटाश और हैलाइट मिश्रित ब्लॉक (हनुमानगढ़) = ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) को।
  2. झंडावाली-सतीपुरा मिश्रित पोटाश औी हैलाइट ब्लॉक= हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) को।
- **मुख्य बिन्दु**
  1. भारत में उपलब्ध पोटाश का 95% से अधिक भाग राजस्थान में स्थित है।
  2. राजस्थान में शुरूआत में 32.47 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पोटाश खनन की योजना बनाई गई।

राज्य स्तरीय सहकारिता समिति

- **गठन** – 30 अप्रैल, 2025 को।
- **अध्यक्ष** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- **उद्देश्य** – अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष, 2025 के उत्सव और क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तरीय समिति कार्यक्रमो को बेहतर गुणवत्तापूर्ण स्थापित करेगी।
- **विशेष** – UNO ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है।

वेव्स (WAVES) इंडिया सम्मेलन में राजस्थान

- राजस्थान के स्टार्टअप्स को सम्मेलन में विशिष्टता प्रदान की गई (गेमिंग एवं कॉमिक्स में विशेषज्ञता)।
  - **गोगूंज** – इस कम्पनी ने 1 से 7-8 मिनट की लघु विडियो फिल्मों और विज्ञापनों को 12 भाषाओं में प्रस्तुत किया।
  - **आर्टिप्लेक्स (उदयपुर)** – इस स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट ''इतिहासम'' के माध्यम से राजस्थान के वीर बलिदानियों, सेनानियों, योद्धाओं का ऐतिहासिक वर्णन किया।

अलवर में श्वेत क्रांति 2.0 का शुभारंभ

- **कब** – 19 मई, 2025 को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अलवर दुग्ध संघ दिवस के उपलक्ष्य पर।
- **श्वेत क्रांति 2.0 के तहत्** –
  - 700 नई डेयरियों की स्थापना होगी।
  - 125 करोड़ रुपये का बजट अलवर डेयरी को आवंटित।
  - 1,000 क्विंटल गुणवत्तापूर्ण चारा उत्पादन।
  - NDDB (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) 5% सब्सिडी पर 175 करोड़ रुपये देगा जिससे 05 लाख लीटर का दुग्ध संयंत्र बनेगा।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- ''कर्नल केसरी सिंह कानोता-द टाइगर'' पुस्तक का विमोचन होटल नारायण निवास, जयपुर में किया गया।
- उप-मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने राज्य में सैनिकों, गौरव सेनानियों और वीरांगनाओं को RTDC होटलों में विशेष छूट - RTDC के सभी होटल एवं गेस्ट हाउस में ठहरने पर सेवारत एवं गौरव सेनानियों को 25% और वीरांगनाओं को 50% छूट प्रदान की जाएगी।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT जोधपुर) ने एक महत्वाकांक्षी पहल ''साइंस ऑफ हैप्पीनेस'' शुरू की (उद्देश्य-तकनीकी क्षमता के साथ-साथ आत्मबोध, जीवन एवं भावनात्मक प्रबंध)
- **पृथ्वीराज चौहान जयंती** – हाल ही में राजस्थान राज्य धरोहर प्राधिकरण एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक समिति द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयंती मनाई गई।
- एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 (जो 1-6 जुलाई, 2025 को दक्षिण कोरिया में आयोजित होगी) राजस्थान के 03 खिलाड़ियों का चयन - दिव्यांशी जैन (U-13 बालिका वर्ग), प्रभव बाजोरिया (U-13 बालक वर्ग), सुभाष चौधरी (U-17 बालक वर्ग)
- राजस्थान के पहले ''स्काउट गाइड एडवेंचर पार्क'' की स्थापना श्री गंगानगर में की जाएगी (घोषणा-18 मई, 2025 शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा)
- दुबई में ''राजस्थान पर्यटन स्टैंड'' का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत और दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत संतोष कुमार सिवन ने ''अरेबियन ट्रैवल मॉर्केट'' (ATM) दुबई में किया।
- IQAir की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2024 में राजस्थान के टॉप 20 में शामिल शहर - श्रीगंगानगर, भिवाड़ी, हनुमानगढ़ हैं।
- टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड द्वारा 300 मेगावॉट का सोलर प्रोजेक्ट भानीपुरा, बीकानेर में स्थापित किया जाएगा।
- नागौर सोलर पॉवर प्रोजेक्ट (मुवाना, नागौर) राइजिंग राजस्थान MoU के तहत् 1.89 मेगावॉट क्षमता का Solar 91 Cleantech Ltd. द्वारा स्थापित किया जाएगा।
- लखनऊ, उत्तर प्रदेश में 13वीं राष्ट्रीय पेंचेक सिलाट चैंपियनशिप में जयपुर निवासी रवि चौधरी ने 80-85 किलोग्राम भार वर्ग लगातार 5वाँ राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता।
- राजस्थान का प्रथम ''वंदे भारत सुपरफास्ट ट्रेन मेंटेनेंस डीपो'' जोधपुर स्थित भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर निर्मित किया जाएगा।
- बरेली, उत्तर प्रदेश में आयोजित 8वीं एलीट पुरुष नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 2025 में 85-90 किलोग्राम वर्ग में

राजस्थान के हर्ष चौधरी ने कांस्य पदक जीता।

- रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्र लोंगेवाला, जैसलमेर के दौरे पर आए थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्ध जैसी विषम स्थिति में उत्कृष्ट प्रशासनिक प्रबंधन हेतु जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी को सम्मानित किया।
- जोधपुर निवासी खेतसिंह राजपुरोहित को प्रतिष्ठित फोर्ब्स-30 (अंडर-30) एशिया सूची में शामिल किया गया (स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में क्लेमबडी नामक स्टार्टअप शुरू करने हेतु)
- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने RAJSICO (राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड) के सेंट्रलाइज्ड इन्वेंट्री, सेल्स, बिलिंग एवं एयर कार्गो सॉफ्टवेयर 'सरल' की लॉन्चिंग की।
- राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC-01 Oct. 1964) द्वारा बसों की भौतिक एवं यांत्रिक स्थिति में सुधार, यात्रियों को बेहतर गुणवत्तापूर्ण सुविधा देने हेतु ''मेरी बस-मेरी जिम्मेदारी अभियान'' शुरू किया।
- दक्षिणी-पश्चिमी सेना कमांड का 21वाँ स्थापना दिवस समारोह जयपुर में मनाया गया।
- किशनगढ़, अजमेर निवासी अनुराग मालू को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) द्वारा वर्ष 2025 के लिए ''यंग ग्लोबल लीडर'' चुना गया।
- बूँदी जिले में राज्य की प्रथम अत्याधुनिक शूटिंग रेंज की स्थापना की जाएगी।
- जयपुर की सौम्या चौधरी ने अंडर-12 अंतर्राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप, 2025 (कोलम्बो, श्रीलंका) में श्रीलंका को 4-0, 4-1 से पराजित करके भारत को स्वर्ण पदक दिलवाया।
- नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी (500) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में शेरगढ़, जोधपुर ब्लॉक ने जोन-4 (पश्चिमी भारत, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान) में प्रथम रैंक व सम्पूर्ण भारत 18वीं रैंक हासिल की है। शेरगढ़ ब्लॉक को 1.5 करोड़ रुपये की इनाम राशि दी जाएगी।
- KCF दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड, 2025 संगीत के क्षेत्र में कोटा जिले की पार्श्वगायिका रेखा राव को दिया गया।
- नागौर निवासी मोहम्मद कैफ का अंडर-19 सेफ एशियाई फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। कैफ वर्ष 2023 व 2024 में अंडर-16 व अंडर-17 सेफ चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिला चुके हैं।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव (1-2 मई, 2025) लोनेवाला, महाराष्ट्र में राजस्थान का प्रतिनिधित्व उप-मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया, राजस्थान आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य रहा।
- NDDB (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) की वर्ष 2024 रिपोर्ट के अनुसार, दूध खपत में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। प्रति व्यक्ति दूध खपत के मामले में राजस्थानी हर दिन औसतन 459 ग्राम दूध या दूध से बने किसी भी उत्पाद का सेवन करते हैं।
- आगरा, उत्तर प्रदेश में 29 अप्रैल से 01 मई, 2025 तक खेली गई तीसरी नेशनल लैक्रोज प्रतियोगिता में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 05 स्वर्ण तथा 01 कांस्य पदक जीता।
- राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत् गिर गायों की नस्ल सुधार हेतु ब्राजील से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले सांडो (एसपेटाकुलो FIV और IVF) के हिमकृत वीर्य का उपयोग शुरू किया। पशुपालकों को मात्र रूपये 100 में यह वीर्य उपलब्ध है।
- PWD विभाग, राजस्थान की सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा (सगुनि) को ''इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स'' में दर्ज किया गया।
- 13-16 मई, 2025 को रॉयल कलकत्ता गॉल्फ क्लब में आयोजित चैंपियनशिप में जयपुर की युवा गोल्फर ओजस्विनी सारस्वत ने आईजीयू पश्चिम बंगाल लेडीज जूनियर गर्ल्स गॉल्फ चैंपियनशिप में अपना आठवाँ खिताब जीता।
- ऑपरेशन अभ्यास (7 मई, 2025 - जयपुर) नाम से एक मॉक ड्रील का आयोजन पहलगाम आंतकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति के दौरान की गई।
- कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से क्रमश: 19,23,27 अप्रैल, 2025 तथा 01 मई, 2025 को कुल 04 चुजों के जन्म लेने के पश्चात् सम और रामदेवरा ब्रीडिंग केन्द्रों में गोडावणों की कुल संख्या 59 हो गई है।
- बीकानेर निवासी पर्वतारोही राकेश बिश्नोई की मृत्यु मई 2025 को विश्व की सबसे ऊँची चोटी ''माउंट ल्होत्से'' (नेपाल) से उतरने के बाद हुई।

❖❖❖

02 राष्ट्रीय परिदृश्य

चर्चित व्यक्तित्व

विश्वनाथ कार्तिकेय पादकांति

- विश्व के सात महाद्वीपों की सर्वोच्च पर्वत चोटियों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र (16 वर्ष) के भारतीय (विश्व में दूसरे सबसे कम उम्र के व्यक्ति)।
- इससे पहले काम्या कार्तिकेयन 17 वर्ष की आयु में सात चोटियों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र की भारतीय थी।
- विश्व के सबसे कम उम्र के व्यक्ति-अमेरिकी पर्वतारोही जॉर्डन रोमेरो (15 वर्ष)।

बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली में बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म की प्रतिमा का अनावरण।
- राजधानी दिल्ली में एक सड़क का नाम बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म मार्ग रखा गया।
- बोडो जाति, भाषा और क्षेत्र के लिए सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्म की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर।
- बोडो असम की सबसे बड़ी मैदानी जनजाति है जो बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (BTR) में निवास करती है।
- बाथौइज्म बोडो लोगों का पारंपरिक धर्म है।
- 22 फरवरी, 2025 को असम में बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (BTR) की सरकार ने विभिन्न आवेदन पत्रों के धर्म अनुभाग में बाथौइज्म को एक आधिकारिक विकल्प बना दिया।

चर्चित स्थान

गया जी

- बिहार के गया शहर को अब 'गया जी' के नाम से जाना जाएगा।
- गया शहर अपने धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।
- हर साल पितृपक्ष के दौरान दुनिया भर से लाखों पर्यटक गया आते हैं और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करते हैं।
- यह शहर फल्गु नदी के तट पर स्थित है।
- विष्णुपद मंदिर - फल्गु नदी के तट पर स्थित।
  - बेसाल्ट के एक खंड पर भगवान विष्णु के पदचिह्न उकेरे गए हैं।
- बोधगया - बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण तीर्थस्थान।
  - एक बरगद के पेड़, बोधि वृक्ष के नीचे गौतम ने सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त किया और बुद्ध बन गए।

रंगाचेरा

- सौर ऊर्जा और स्वच्छ जल की उपलब्धता वाला त्रिपुरा का पहला हरित गांव।
- त्रिपुरा की सरकार ने मोहनपुर उपखंड के अंतर्गत रंगाचेरा गांव में एक सौर संयंत्र और सौर-आधारित जल शोधक प्रणाली को से स्थापित किया है।
- **कार्यान्वयन प्राधिकरण** - त्रिपुरा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (TREDA)।
- **लागत** - 1.25 करोड़ रुपये।

कोझिकोड

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्लोबल नेटवर्क ऑफ एज-फ्रेंडली सिटीज एंड कम्युनिटीज (GNAFCC) की सदस्यता।
- इस सदस्यता के साथ, केरल का कोझिकोड उन शहरों के नेटवर्क में शामिल हो गया है जो बुजुर्गों की सहायता करने के उद्देश्य से नीतियाँ बनाते हैं, सेवाएँ प्रदान करते हैं, बुनियादी ढाँचा विकसित करते हैं और बुढ़ापे में उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और रचनात्मक बने रहने में मदद करते हैं।

GNAFCC-
- ***स्थापना*** *- 2010*
- ***सदस्य*** *- 51 देशों से 1300 सदस्य।*

- *उद्देश्य – दुनिया भर के शहरों, समुदायों और संगठनों को उनके समुदायों को वृद्धावस्था के लिए बेहतरीन स्थान बनाने के साझा दृष्टिकोण के साथ जोड़ना।*

चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय योजना

- बजट 2024-25 और बजट 2025-26 के तहत की गई घोषणा के अनुरूप एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में प्रारंभ।
- **कुल परिव्यय** – 60,000 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा: 30,000 करोड़ रुपये, राज्य हिस्सा: 20,000 करोड़ रुपये और उद्योग हिस्सा: 10,000 करोड़ रुपये)।
- एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक द्वारा समान रूप से केंद्रीय हिस्से के 50% की सीमा तक का सह-वित्तपोषण किया जाएगा।
- यह योजना उद्योग जगत के अनुरूप फिर से तैयार किये गये पाठ्यक्रमों के साथ 'हब और स्पोक' व्यवस्था के तहत 1,000 सरकारी आईटीआई के उन्नयन और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (NSTI) की क्षमता वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें इन संस्थानों में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना शामिल है।
- पांच साल की अवधि में, 20 लाख युवाओं को ऐसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से कुशल बनाने का लक्ष्य।
- प्रशिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण (ToT) से जुड़ी सुविधाओं के लिए पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (NSTI) में अवसंरचना का उन्नयन (भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर और लुधियाना)।

संशोधित शक्ति (भारत में पारदर्शी तरीके से कोयला उपयोग में लाने और आवंटन योजना) नीति

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने केन्द्रीय क्षेत्र/राज्य क्षेत्र/स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) के ताप विद्युत संयंत्रों को नए कोयला लिंकेज प्रदान करने को मंजूरी दे दी है।
- कोयला मंत्रालय द्वारा 2017 में प्रस्तुत की गई शक्ति नीति विद्युत क्षेत्र को कोयला आवंटित करने का एक पारदर्शी तरीका है।
- **उद्देश्य** – आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देते हुए तथा आयातित कोयले पर निर्भरता को कम करते हुए क्षेत्र की गतिशील कोयला मांगों को पूरा करना।
- **सरलीकृत आवंटन ढांचा** – यह विद्युत क्षेत्र में कारोबार को आसान बनाने के लिए पहले की 8 श्रेणियों को 2 सरलीकृत तंत्रों में समेकित करके कोयला आवंटन को सुव्यवस्थित करता है।
  - **विंडो-I** – केन्द्र और राज्य सरकारों के स्वामित्व वाले ताप विद्युत संयंत्रों को, उनके संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों सहित, अधिसूचित मूल्यों पर कोयला लिंकेज उपलब्ध कराया जाना जारी रहेगा।
  - **विंडो-II** – सभी ताप विद्युत उत्पादक, जिनमें घरेलू या आयातित कोयले का उपयोग करने वाले उत्पादक भी शामिल हैं, अब नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम का भुगतान करके कोयला खरीद सकते हैं।
- **अनिवार्य पीपीए (विद्युत क्रय समझौते) को हटाना** – विंडो-II के लिए पीपीए की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।
- **क्षेत्र की गतिशील कोयला मांग को पूरा करना** – नीलामी से 12 महीने से लेकर 25 वर्ष तक की अवधि के लिए खरीद की अनुमति होगी।
- **'खदान स्थल' विद्युत संयंत्रों को प्राथमिकता** – ग्रीनफील्ड ताप विद्युत परियोजनाओं की स्थापना को मुख्य रूप से कोयला स्रोत के निकट, बढ़ावा दिया जाएगा।

स्टार्टअप्स के लिए ऋण गारंटी योजना (CGSS) का विस्तार

- क्रेडिट गारंटी योजना (CGSS) के अंतर्गत प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है।
- 10 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि के लिए गारंटी कवरेज की सीमा को डिफॉल्ट राशि के 85% और उस सीमा से अधिक राशि के लिए 75% तक संशोधित किया गया है।

- 27 चिह्नित चैंपियन क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क (AGF) में कमी-2% प्रति वर्ष से घटाकर 1%।
- CGSS को 6 अक्टूबर, 2022 को अधिसूचित किया गया था।
- **नोडल मंत्रालय** – वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय।
- यह योजना अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (AIFI), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) और SEBI-पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) द्वारा पात्र स्टार्टअप को दिए जाने वाले ऋण साधनों के विरुद्ध गारंटी कवरेज प्रदान करती है।
- **उद्देश्य** – कार्यशील पूंजी, सावधि ऋण और उद्यम ऋण जैसे साधनों के माध्यम से संपार्श्विक-मुक्त ऋण वित्तपोषण को अधिक सुलभ बनाना।

संशोधित 'संचार मित्र योजना'

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 26 मई को संशोधित 'संचार मित्र योजना' का शुभारंभ।
    - दूरसंचार विभाग द्वारा युवाओं पर केंद्रित एक पहल जिसका उद्देश्य सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए युवा छात्रों की ऊर्जा और क्षमता का दोहन करना है।
    - इस योजना के तहत् संचार मित्र नामक छात्र स्वयंसेवक मोबाइल सुरक्षा, दूरसंचार धोखधड़ी की रोकथाम और सरकारी डिजिटल पहलों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाएंगे।
    - यह योजना 4D-लोकतंत्र (Democracy), जनसांख्यिकी (Demography), डिजीटलीकरण (Digitization) और वितरण (Delivery) के दृष्टिकोण पर आधारित हैं।
    - टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित सभी पात्र तकनीकी संस्थानों के छात्रों का चयन दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी या साइबर सुरक्षा कार्यक्रमों से किया जाएगा।

संशोधित ब्याज सहायता योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान घटक को जारी रखने तथा आवश्यकता निधि व्यवस्था को मंजूरी दी।
- केन्द्रीय क्षेत्र योजना।
- **उद्देश्य** – किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- किसानों को केसीसी के माध्यम से 7% की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक के अल्पकालिक ऋण मिलते हैं, ऋण देने वाली पात्र संस्थाओं को 1.5% ब्याज अनुदान भी दिया जाता है।
- समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 3% तक ब्याज अनुदान दिया जाता है, जिससे केसीसी ऋण पर उनकी ब्याज दर प्रभावी रूप से 4% तक कम हो जाती है।
- केवल पशुपालन या मत्स्य पालन हेतु लिए गए ऋणों पर ब्याज लाभ 2 लाख रुपये तक लागू है।
- KCC का क्रियान्वयन-राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा।

अरावली लैंडस्केप के पुनरुद्धार के लिए विस्तृत कार्य योजना

- भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला-अरावली को पुनर्जीवित करने के लिए रणनीति तैयार करने पर विस्तृत हितधारकों की सलाह से जुड़ी एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन 21 मई को उदयपुर (राजस्थान) में किया गया।
- कार्यशाला में अरावली की पारिस्थितिकी अखंडता को बहाल करने के लिए समुदाय-नेतृत्व वाली और नीति समर्थित रोडमैप की रूपरेखा दी गई है।
- यह पांच बिन्दुओं पर केन्द्रित है-
    - सामुदायिक भागीदारी : स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को योजना और कार्यन्वयन में शामिल करना।
    - नीति और शासन : विनियामक ढांचों को सुदृढ़ करना, योजनाओं को फैलाना और प्रभावी निगरानी।
    - संपोषित आजीविका : पारिस्थितिकी पर्यटन, कृषि वानिकी और गैर-लकड़ी वन उपज (एनटीएफपी) आधारित उद्यमों को प्रोत्साहन देना।
    - अनुसंधान और नवाचार : सूचित कार्रवाई के लिए जीआईएस-आधारित मानचित्रण, रिमोट सेंसिंग और पुनर्स्थापन पारिस्थितिकी प्रथाओं का इस्तेमाल करना।

महिला राजमिस्त्री पहल-लखीमी मिस्त्री

- केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गुवाहाटी, असम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के अंतर्गत शुभारंभ।
- भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल।
- **उद्देश्य** – महिलाओं को रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए आवश्यक राजमिस्त्री कौशल से लैस करना।
- शुभारंभ के उपलक्ष्य में, पांच महिलाओं को सुरक्षा किट वितरित की गई, जिन्हें लखीमी मिस्त्री पहल के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा।

इंदिरा सौर गिरी जल विकास योजना

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा नागरकुरनूल जिले के माचाराम गांव से शुभारंभ।
- इस योजना के तहत आदिवासी किसानों को बागवानी फसलों की सिंचाई के लिए 5-7.5 हॉर्स पावर के मुफ्त सोलर पंप मिलेंगे।
- योजना के तहत बिजली सुविधा से वंचित छह लाख एकड़ भूमि को कवर किया जाएगा।
- पहले वर्ष में 10 हजार किसानों की 27 हजार एकड़ से अधिक भूमि को खेती के अंतर्गत लाने के लिए लगभग 600 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- सरकार ने अगले 4 वर्षों में पूरे राज्य में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए 12 हजार 600 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं।

मध्य प्रदेश को पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए मंजूरी

- मध्य प्रदेश के धार जिले के भेंसोला गांव में स्थापित किया जाएगा।
- पीएम मित्र (मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) योजना के तहत विकास के लिए स्वीकृत सात पीएम मित्र पार्कों में से एक।
- पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (PM-MITRA) योजना के तहत तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र पार्क स्थापित किए जाएँगे।

पीएम मित्र योजना

- *भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की योजना।*
- ***उद्देश्य** – संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक स्थान पर रखकर रसद लागत को कम करना, निवेश आकर्षित करना, निर्यात क्षमता को बढ़ाना आदि।*
- *प्रधानमंत्री के 5एफ विजन (अर्थात फार्म से फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन) से प्रेरित।*

UP AGREES और AI Pragya

- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व बैंक की सहायता से प्रारंभ पहल।
- UP AGREES - कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए।
- AI Pragya-10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में प्रशिक्षित करना।

ज्योति योजना

- केरल सरकार द्वारा प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – प्रवासी श्रमिकों के 3 से 6 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में लाना और 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों को सरकारी स्कूलों में शामिल करना।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

- भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का अभियान।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर प्रारंभ।
- 29 मई को पुरी (ओडिशा) से अभियान की शुरूआत।
- 29 मई से 12 जून (15 दिवसीय अभियान) तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित।
- **उद्देश्य** –
  - क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करना।
  - किसानों के लिए उपयोगी सरकारी योजनाओं-नीतियों के बारे में जागरूक करना।

➢ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करना व किसानों से फीडबैक प्राप्त करना ताकि उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त कर अनुसंधान की दिशा का निर्धारण किया जा सकें।

❒ **लक्ष्य** –

➢ विभिन्न राज्यों में लगभग डेढ़ करोड़ किसानों तक प्रत्यक्ष रूप से पहुंचना व सीधे संवाद करना।

➢ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''लैब टू लैंड'' के विजन को धरातल पर उतारना।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (SSG) 2025

❒ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल द्वारा नई दिल्ली में जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना की उपस्थिति में जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) द्वारा राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (SSG) 2025 का शुभारंभ।

❒ SSG 2025 के तहत 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 761 जिलों के 21,000 गांवों को शामिल किया जाएगा।

❒ **चार प्रमुख घटकों के आधार पर रैंकिंग** –

➢ जिला स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट और ओडीएफ प्लस मॉडल सत्यापित गांवों के डेस्कटॉप सत्यापन के आंकड़ों के आधार पर सेवा-स्तर की प्रगति (एसएलपी)।

➢ नमूनाबद्ध गांवों, घरों और स्कूलों में क्षेत्र-आधारित अवलोकन के माध्यम से गांवों की स्वच्छता स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन।

➢ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों, गोबरधन संयंत्रों और मल कीचड़ प्रबंधन प्रणालियों जैसे स्वच्छता बुनियादी ढांचे की कार्यक्षमता का प्रत्यक्ष अवलोकन।

➢ एसएसजी 2025 नागरिक प्रतिक्रिया, मोबाइल एप्लिकेशन और क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान आमने-सामने बातचीत के माध्यम से एकत्र।

आदिशक्ति अभियान

❒ महाराष्ट्र सरकार ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके जन्मस्थान चौंडी में आयोजित एक विशेष सत्र के दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए आदिशक्ति अभियान को मंजूरी दी।

❒ **मुख्य उद्देश्य एवं फोकस क्षेत्र**–

➢ मौजूदा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन और विस्तार।

➢ कुपोषण, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना।

➢ घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों को संबोधित करना।

➢ पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

➢ गांव से राज्य स्तर तक जागरूकता एवं कार्रवाई के लिए समितियों की स्थापना।

➢ ग्राम पंचायतों के अच्छे कार्यों को सम्मानित करने हेतु 'आदिशक्ति पुरस्कार' की शुरुआत।

❒ **कुल बजट** – 10.50 करोड़ रुपये

मनस्वी

❒ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली द्वारा हाई स्कूल की लड़कियों के लिए प्रारंभ STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) मेंटरशिप कार्यक्रम।

❒ **उद्देश्य** – युवा लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) में करियर तलाशने के लिए प्रेरित करना।

कैम्पस कॉलिंग कार्यक्रम

❒ राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) की एक पहल।

❒ युवा विकास मंच 'युवमंथन' के सहयोग से प्रारंभ।

❒ **उद्देश्य** – छात्रों को लिंग आधारित भेदभाव, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करना।

❒ **लक्ष्य** – देश भर में 1,000 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों तक पहुंचना।

❒ प्रत्येक प्रतिभागी संस्थान से दो पुरुष और दो महिला कैम्पस एम्बेसडर की नियुक्ति।

एक राष्ट्र, एक मिशन : प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें अभियान

- 22 मई को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में प्रारंभ एक राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन अभियान।
- मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के साथ संरेखित।

वन फैमिली, वन एंटरप्रेन्योर पहल

- आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा अपनी एमएसएमई और उद्यमी विकास नीति 4.0 (2024-29) के हिस्से के रूप में प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – प्रत्येक परिवार से एक उद्यमी को प्रोत्साहित करके आंध्र प्रदेश के सभी 1.4 करोड़ परिवारों को सशक्त बनाना।

ANKUR (अटल नेटवर्क फॉर नॉलेज, अर्बनाइजेशन एंड रिफार्म)

- ओडिशा सरकार के आवास और शहरी विकास विभाग द्वारा राज्य में समावेशी, सतत और नवोन्मेषी शहरी विकास को गति देने के लिए प्रारंभ पहल।

यशोदा एआई अभियान

- राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा प्रारंभ यशोदा एआई: आपकी एआई सखी अभियान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता में कौशल के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का अभियान।

मिशन वैष्णवी

- दहेज उत्पीड़न के कारण आत्महत्या करने वाली 23 वर्षीय महिला वैष्णवी हगावने की मौत के बाद महाराष्ट्र के मराठा समुदाय द्वारा प्रारम्भ दहेज विरोधी पहल।
- दहेज उत्पीड़न में लिप्त परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय।
- परिवारों के लिए विवाह खर्च को समान रूप से साझा करना अनिवार्य।

हर शिखर तिरंगा अभियान

- राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान (NIMAS), दिरांग (अरुणाचल प्रदेश) की टीम द्वारा शुरू किया गया अभियान।
- **उद्देश्य** – भारत के प्रत्येक राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराना।
- टीम ने एक साल में 30,000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सभी 28 भारतीय राज्यों के सबसे ऊंचे बिंदुओं पर चढ़ाई की।
- हाल ही में निमास के निदेशक और कंचनजंगा अभियान के टीम लीडर कर्नल रणवीर सिंह जामवाल के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम द्वारा 8586 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कंचनजंगा की चोटी पर चढ़ाई के साथ ही यह अभियान पूरा हो गया है।
- कंचनजंगा ग्रेट हिमालय रेंज में सिक्किम और नेपाल की सीमा पर स्थित विश्व का तीसरा सबसे ऊँचा पर्वत है।

आयोजन/सम्मेलन/बैठक

प्रथम विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES)

- **आयोजन** – भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर, महाराष्ट्र में।
- **उद्देश्य** – WAVES को मीडिया और मनोरंजन (M&E) उद्योग के लिए एक अग्रणी वैश्विक मंच के रूप में स्थापित करना, जिससे भारत को रचनात्मकता, नवाचार और कंटेंट क्रिएशन के लिए एक पावर हाउस के रूप में स्थापित किया जा सके।
- **लक्ष्य** – 2029 तक 50 बिलियन डॉलर का बाजार बनाना।
- **उद्घाटन** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा।
- रचनात्मक क्षेत्र के लिए मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की शुरूआत की घोषणा।
- भारत द्वारा पहली वैश्विक मीडिया वार्ता (जीएमडी) की मेजबानी।
  - वार्ता का आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से।
  - शिखर सम्मेलन में 77 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसके बाद सदस्य देशों द्वारा WAVES घोषणा को अपनाया गया।

- प्रधानमंत्री द्वारा भारत की ऑरेंज इकोनॉमी को आगे बढ़ाने का आह्वान। ऑरेंज इकोनॉमी के तीन स्तंभ - कंटेंट, क्रिएटिविटी और कल्चर।

दूसरा राष्ट्रीय आयुष मिशन (NAM) कॉन्क्लेव 2025

- **आयोजन** - 1 से 2 मई तक कैवल्यधाम, लोनावाला (महाराष्ट्र) में।
- **उद्घाटन** - केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा।

राष्ट्रीय आयुष मिशन (NAM)

- *भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014 में प्रारंभ।*
- ***उद्देश्य** - भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के माध्यम से पूरे देश में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पहुंच और गुणवत्ता को बढ़ाना।*

ई-गवर्नेंस पर 28वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन

- 9 और 10 जून को नोवोटेल, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित।
- भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित।
- **थीम** - विकसित भारत: सिविल सेवा और डिजिटल परिवर्तन"

सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM) इंडिया इको-सिस्टम शिखर सम्मेलन 2.0

- 07 मई, 2025 को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में।
- एयरोस्पेस सर्विसेज इंडिया (ASI) और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) के सहयोग से संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र (CENJOWS) द्वारा।

भारत 6जी 2025

- तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी।
- 14 मई को नई दिल्ली में आयोजित।
- **उद्घाटन** - संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी द्वारा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 23 मार्च, 2023 को भारत 6जी विजन लॉन्च।
- 6जी विजन का लक्ष्य-भारत 6जी गठबंधन; 111 से अधिक वित्त पोषित अनुसंधान परियोजनाओं; जापान, सिंगापुर तथा फिनलैंड के साथ वैश्विक साझेदारी और टेराहर्ट्ज संचार और एआई-नेटिव नेटवर्क में सफलताओं के माध्यम से 2030 तक भारत को वैश्विक 6जी लीडर के रूप में स्थापित करना।
- भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने के मामले में विश्व स्तर पर शीर्ष छह देशों में शामिल है।

समावेशी भारत शिखर सम्मेलन

- **आयोजन** - 15 मई, 2025 को वैश्विक सुगम्यता जागरूकता दिवस (GAAD) के अवसर पर इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एसबीआई फाउंडेशन और नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी), नई दिल्ली के साथ साझेदारी में आयोजित।

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025

- 20-21 मई को मुंबई में।
- नेशनल कैमिकल लेबोरेटरी (NCL), राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (NEERI) और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशियानोग्राफी (NIO) द्वारा आयोजित।

CERT-In SAMVAAD 2025

- 19-21 मई तक महाबलीपुरम, तमिलनाडु में आयोजित।
- भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (CERT-In) द्वारा SkillsDA के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (ICGEB) के गवर्नर्स की 31वीं बोर्ड बैठक

- 14-15 मई को नई दिल्ली में आयोजित।

- बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारत की अपनी तरह की पहली सार्वजनिक वित्त पोषित डीएसटी-आईसीजीईबी 'बायो-फाउंड्री' को समर्पित किया।
- यह सुविधा स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के सहयोग से जैव-आधारित नवाचारों को बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।

इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (ICGEB)

- *1983 में स्थापित, इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (ICGEB) एक प्रमुख अंतर-सरकारी संगठन है जो जीवन विज्ञान में अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।*
- *भारत ICGEB के संस्थापक सदस्यों में से एक है।*
- *आईसीजीईबी के 69 देश सदस्य हैं।*
- *यह संगठन तीन मुख्य केंद्रों के माध्यम से संचालित होता है: नई दिल्ली (भारत), ट्राइस्टे (इटली) और केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका)।*

अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन 2025

- **आयोजन** – 19 और 20 मई को बिहार के पटना में।
- **आयोजक** – भारत सरकार का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद् (TPCI) और बिहार सरकार।

राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025

- 23-24 मई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित।
- **उद्घाटन** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 के 9वें संस्करण की थीम का अनावरण।
- **थीम** – 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म'।
- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के 9वें संस्करण का आयोजन दूरसंचार विभाग (DoT) और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) द्वारा 8 से 11 अक्टूबर 2025 तक यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में किया जायेगा।

PadhAI

- शिक्षा में एआई पर सम्मेलन।
- 27-28 मई को सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस (CPRG) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित।

प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन

- **आयोजन** – 3 मई को नई दिल्ली में।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा भारतीय मध्यस्थता संघ का शुभारंभ।
- भारतीय मध्यस्थता संघ (MAI) एक अग्रणी राष्ट्रीय संस्था है जिसकी स्थापना भारत में मध्यस्थता केन्द्रित संस्कृति की ओर संक्रमण का समर्थन करने के लिए की गई है।

वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन (GLEX) 2025

- **संस्करण** – 12वाँ।
- **आयोजन** – 7 से 9 मई 2025 तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक** – अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF), मेजबान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और सह-मेजबान भारतीय अंतरिक्ष यात्री सोसायटी (ASI)।
- **थीम** – "नई दुनिया तक पहुंचना : अंतरिक्ष अन्वेषण पुनर्जागरण (Reaching New Worlds : A Space Exploration Renaissance)"
- **उद्घाटन** – केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा।

भारत टेलीकॉम 2025

- **संस्करण** – 22वाँ
- **उद्घाटन** – नई दिल्ली में केन्द्रीय संचार और पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा।
- दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्धन परिषद् (TEPC) द्वारा दूरसंचार विभाग (DoT) के सहयोग से आयोजित।

दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए एआई पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- 30 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) द्वारा मंत्रालय के तहत कार्यरत मिनी रत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (ALIMCO) के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित।

- सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्रालय द्वारा एआई और सुगम्यता पर केंद्रित चार प्रमुख पहलों का शुभारंभ -
  1. मिशन एआई एक्सेसिबिलिटी
  2. मिशन एआई: दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए सहायक तकनीकों और उपकरणों में एआई का कार्यान्वयन।
  3. राष्ट्रीय दिव्यांगता सहायता एआई चैटबॉट।
  4. यूनाइटेड बेनिफिट्स इंटरफेस (UBI)।
     - इन मिशनों का उद्देश्य समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम के निर्माण के लिए एआई का उपयोग करना तथा सहायक प्रौद्योगिकी में स्केलेबल समाधान प्रदान करना है।

समझौते

- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) तथा सयुंक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के मध्य समझौता** - श्रम दिवस 2025 के अवसर पर वित्त और प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ कचरा बीनने वालों को सुरक्षित और टिकाऊ कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के लिए।
- **सी-डॉट और सीएसआईआर** - एनपीएल द्वारा क्लासिकल और क्वांटम संचार में सहयोगात्मक अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और सिनर्जी क्वांटम के मध्य ड्रोन आधारित प्रणालियों में उपयुक्त क्वांटम कुंजी वितरण प्रौद्योगिकी को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर।
- आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंस (ARIES), नैनीताल और उपकरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (IRDE), देहरादून के बीच ग्राउंड बेस्ड स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस (SSA) में भारत की क्षमताओं को मजबूत करने के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- आयुष को वैश्विक स्तर पर मुख्य धारा में लाने के लिए भारत तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के मध्य पारंपरिक चिकित्सा हस्तक्षेप पर समझौता।

पुरस्कार

संसद रत्न पुरस्कार 2025

- कुल 17 सांसद और दो संसदीय स्थायी समितियों को प्रदान किया गया।
- प्राइम पॉइंट फाउंडेशन (पीपीएफ) द्वारा स्थापित संसद रत्न पुरस्कार, संसद में उनके योगदान के लिए सांसदों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।
- जूरी समिति द्वारा उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया जाता है।
- इस वर्ष की जूरी की अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने की।
- भर्तृहरि महताब, सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) और श्रीरंग अप्पा बारने करे 16वीं और 17वीं लोकसभा के दौरान शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में ''संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान'' के लिए पुरस्कार।
- एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का नेतृत्व करने वाले पीपी चौधरी (राजस्थान के पाली से सांसद) को तीसरी बार पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- **अन्य संसद सदस्य-**
  - स्मिता वाघ (भाजपा)
  - अरविंद सावंत (शिवसेना यूबीटी)
  - नरेश गणपत म्हस्के (शिवसेना)
  - वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस)
  - मेधा कुलकर्णी (भाजपा)
  - प्रवीण पटेल (भाजपा)
  - रवि किशन (भाजपा)
  - निश्किांत दूबे (भाजपा)
  - बिद्युत बरन महतो (भाजपा)
  - मदन राठौर (भाजपा) राजस्थान (राज्यसभा)
  - सीएन अन्नादुरई (डीएमके)
  - दिलीप सैकिया (भाजपा)
  - विभागों से संबंधित दो स्थायी समितियों - वित्त और कृषि को भी उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए चुना गया है।

- वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष भर्तृहरि महताब हैं, जबकि कृषि संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी हैं।

- पीपीएफ एक गैर-लाभकारी संगठन है और इसने 2010 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना की थी, जिन्होंने उस वर्ष चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था।
- हंसराज अहीर, जो अब एनसीबीसी के अध्यक्ष हैं, संसद रत्न पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता थे।

नागरिक अलंकरण समारोह-II

- 27 मई को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित।
- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 69 पद्म पुरस्कार (3 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री प्रदान)।
- **3 पद्म विभूषण**
  - न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर (भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश) - सार्वजनिक मामले (चंडीगढ़)
  - कुमुदनी रजनीकांत लाखिया - कला (गुजरात)
  - शारदा सिंह (मरणोपरांत) - लोक गायिका (बिहार)
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अप्रैल 2025 में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-I में 71 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये गये थे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जनवरी 2025 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 139 पद्म पुरस्कारों (7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री) की घोषणा की गई थी।
- जापान के ओसामु सुजुकी को मरणोपरांत व्यापार और उद्योग श्रेणी में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

भारत के राष्ट्रपति द्वारा 58वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार वितरण

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित।
- गुलज़ार खराब स्वास्थ के कारण समारोह में शामिल नहीं हुए।
- 58वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार 2023 संस्कृत के लिए जगद्गुरु रामभद्राचार्य और उर्दू के लिए गुलजार को प्रदान किया गया था।
- 59वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार 2024 हिंदी कवि और लेखक विनोद कुमार शुक्ल को प्रदान करने की घोषणा की गई है।
  - विनोद कुमार शुक्ल यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले और हिंदी के 12वें लेखक हैं।
- पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 में जी शंकर कुरुप को दिया गया था।

> - *ज्ञानपीठ पुरस्कार, भारत का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है, जो भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त 22 अनुसूचित भाषाओं में से किसी एक में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक साहित्यिक लेखन के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है और 2013 से अंग्रेजी भाषा में भी दिया जाता है।*
> - *इस पुरस्कार में नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ज्ञान की देवी वाग्देवी (सरस्वती) की कांस्य प्रतिकृति दी जाती है।*
> - *ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट द्वारा प्रदान किया जाता है।*

अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025

- बानू मुश्ताक की अनुवादित कन्नड़ कहानियों के संग्रह, हार्ट लैंप को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया।
- कन्नड़ भाषा की पहली लेखिका।
- दीपा भस्थी द्वारा अनुवादित हार्ट लैंप, 1990 और 2023 के बीच बानू मुश्ताक द्वारा लिखी गई 12 लघु कथाओं का संग्रह है।
- इससे पहले, उनकी लघु कथाओं के संग्रह, हसीना और अन्य कहानियाँ के अंग्रेजी अनुवाद ने वर्ष 2024 के लिए अंग्रेजी पेन अनुवाद पुरस्कार जीता था।
- इसका अनुवाद भी दीपा भस्थी ने किया था।

> ***अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार***
> - *यह पुरस्कार अनुवादकों के महत्वपूर्ण कार्य को मान्यता देता है, जिसमें £50,000 की पुरस्कार राशि बराबर-बराबर बांटी जाती है £25,000 लेखक के लिए और £25,000 अनुवादक के लिए (या कई अनुवादकों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है)।*

- *शॉर्टलिस्ट की गई प्रत्येक पुस्तक के लिए £5,000 का पुरस्कार है £2,500 लेखक के लिए और £2,500 अनुवादक के लिए (या कई अनुवादकों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है)।*

पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2024

- भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा दूरसंचार नवाचार, दूरसंचार कौशल, दूरसंचार सेवाएँ, दूरसंचार विनिर्माण और दूरसंचार अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में उनके अनुकरणीय और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष पाँच पुरस्कार प्रदान।
  - प्रत्येक पुरस्कार में एक शॉल, प्रशस्ति पत्र/पट्टिका और दो लाख रुपये की नकद राशि दी जाती है।
  - **विजेता**
    - ✓ पराग नाइक, सह-संस्थापक, संख्या लैब्स
    - ✓ निरल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु
    - ✓ लेखा वायरलेस, बेंगलुरु
    - ✓ प्रो. चंद्र रामभद्र मूर्ति, आईआईएससी बेंगलुरु
    - ✓ Centre for Development of Telematics (C-DOT)

राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार 2025

- सेवानिवृत्त होने वाले/सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने अनुभव को लेख के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक वार्षिक पुरस्कार योजना।
- पहली बार केंद्र सरकार के उद्यमों (CPSE) और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) के कर्मचारियों को भी राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मान्यता देने के लिए इस योजना में शामिल किया गया।
- 05 अनुभव पुरस्कार और 10 जूरी प्रमाण पत्र प्रदान।
- **05 अनुभव पुरस्कार विजेता-**
  - हुकुम सिंह मीना, अपर सचिव भूमि संसाधन विभाग।
  - शालिनी कक्कड़, सीजीएम, एसबीआई
  - एम. वेंकटेशन, ओएसडी, राज्य मंत्री (पीएमओ)
  - ओ. विरुपाक्षप्पा, वरिष्ठ डाकघर अधीक्षक
  - साजू पीके, सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल।

10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

- मुम्बई में वेव्स 2025 में 8वें राष्ट्रीय सामुदायिक सम्मेलन में केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन द्वारा चार अलग-अलग विषयों के अन्तर्गत 12 उत्कृष्ट सामुदायिक रेडियों स्टेशनों को प्रदान।
- **पुरस्कृत सामुदायिक रेडियो स्टेशन (प्रथम पुरस्कार)** -
  1. थिमेटिक्स अवॉर्ड्स - रेडियो मयूर, बिहार।
  2. मोस्ट इनोवेटिव कम्युनिटी इंगेजमेंट अवॉर्ड्स-यरला वाणी, महाराष्ट्र।
  3. प्रोमोटिंग लोकल कल्चर अवॉर्ड्स-रेडियो ब्रह्मपुत्र, असम।
  4. सस्टेनेबिलिटी मॉडल अवॉर्ड्स-रेडियो बेंजीगर, केरल।

बिल्ड ए बेटर फ्यूचर पुरस्कार, 2025

- जम्मू के कक्षा 12 के छात्र जप्तेग सिंह बुमराह ने प्रतिष्ठित ऑनर्सग्रैड्यू 2025 स्कॉलरशिप जीती है और अपने अविष्कार - सोलर मैकेनिकल इंजन के लिए प्रतिष्ठित ''बिल्ड ए बेटर फ्यूचर'' पुरस्कार हासिल किया है।
- जिज्ञासा हैकाथॉन के तहत् CSIR-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसन (IIIM), जम्मू के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नासिर उल रशीद के मार्गदर्शन में।
- यूएस-आधारित एक गैर-लाभकारी संस्था ऑनर्स ग्रेजुएशन द्वारा दी जाने वाली ऑनर्सग्रैड्यू स्कॉलरशिप छात्र-नेतृत्व वाली नवाचार परियोजनाओं की मदद के लिए बनाई गई है।
- वर्ष 2012 में कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से जप्तेग सूची में शीर्ष पर आने वाले पहले और एकमात्र भारतीय छात्र हैं।

राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2025

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 30 मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में प्रदान।
- राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों द्वारा प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं को मान्यता देने और सम्मानित करने के लिए की गई थी।
- कुल 15 नर्सिंग कर्मियों को पुरस्कार।

राजा रमन्ना चेयर (आरआरसी)

- CSIR-Indian Institute of Chemical Technology (IICT) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक मनोरमा सुंकारा वरधीरेड्डी को परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा राजा रमन्ना चेयर (आरआरसी) से सम्मानित किया गया है।
- इस पद का कार्यकाल तीन साल का है और वह CSIR-IICT में शामिल होंगी।
- रासायनिक सेंसर (परमाणु रिएक्टरों के लिए कम तापमान पर हाइड्रोजन सल्फाइड का पता लगाना, हाइड्रोजन गैस के लिए और ऑक्सीजन से वंचित क्षेत्रों में रक्षा कर्मियों की सुरक्षा के लिए कार्बन मोनोऑक्साइड सेंसर) और नैनोमैटेरियल में महत्वपूर्ण शोध।

22वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2025

- 6 पुरस्कार श्रेणियों में 19 परियोजनाओं/पहलों का चयन।
- 10 स्वर्ण, 6 रजत और 3 जूरी पुरस्कार।
- **10 स्वर्ण पुरस्कार में से महत्वपूर्ण पुरस्कार** –
  1. **बहु खतरा पूर्व चेतावनी निर्णय सहायता प्रणाली** – भारत मौसम विज्ञान विभाग।
  2. **डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग** – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।
  3. **डिजी यात्रा** – नागरिक उड्डयन मंत्रालय।
  4. **राष्ट्रीय पशु रोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली** – पशु रोगों पर डेटा आधारित रोग निगरानी और पूर्वानुमान विश्लेषण को एकीकृत करना (एनएडीआरईएस वी2)- आईसीएआर - राष्ट्रीय पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान और रोग सूचना विज्ञान संस्थान।
  5. **डेटा हार्मोनाइजेशन फॉर रिस्क इनसाइट्स एंड सिक्योरिटी थ्रेट इंटेलिजेंस (DHRISTI)** – राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी)।
  6. **क्वांटम सेफ वीपीएन** – रक्षा मंत्रालय।
- **03 जूरी पुरस्कार** –
  1. **सुआकाटी ग्राम पंचायत** – केंदुझार जिला, ओडिशा
  2. **पलसाना ग्राम पंचायत** – सूरत जिला, गुजरात
  3. **स्वच्छ भविष्य: सतत विकास के लिए स्मार्ट अपशिष्ट प्रबंधन** – ललितपुर नगर पालिका परिषद्, उत्तर प्रदेश।

फोर्टुना ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड्स - 2025 (भारत संस्करण)

- कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (KSRTC) को सार्वजनिक परिवहन में अपनी अभिनव पहल और नेतृत्व के लिए तीन फोर्टुना ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड्स - 2025 (भारत संस्करण) बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर, विजनरी लीडरशिप इन गवर्नमेंट सर्विस और ब्रांड स्ट्रेटेजी लीडर अवार्ड प्रदान।

52वें वार्षिक कर्नाटक राज्य ललित कला अकादमी पुरस्कार

- कलबुर्गी के कलाकार रहमान पटेल को वर्ष 2022-23 के लिए 52वें वार्षिक कर्नाटक राज्य ललित कला अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- उनकी पारंपरिक लघु चित्रकला 'मध्यमदि राग' को यह पुरस्कार दिया गया है।
- 25000 रुपये की नगद राशि और प्रशस्ति पत्र।

उत्सव/महोत्सव

सरस्वती पुष्करलु-कुंभ

- 15-26 मई तक तेलंगाना के मंदिरों के शहर कालेश्वरम में आयोजित।
- 12 साल में एक बार होने वाला यह विशाल धार्मिक उत्सव भूमिगत सरस्वती नदी की पूजा के लिए समर्पित है, जो कालेश्वरम में 'त्रिवेणी संगमम' नामक संगम बिंदु पर गोदावरी और प्राणहिता के साथ मिलती है।

पुष्कर कुंभ

- उत्तराखंड के चमोली जिले के सीमावर्ती गांव माणा में स्थित केशव प्रयाग में 12 साल बाद पुष्कर कुंभ का आयोजन।
- अलकनंदा और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित केशव प्रयाग में हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाला यह मेला महर्षि वेदव्यास, रामानुजाचार्य और माधवाचार्य जैसे संतों से जुड़ा हुआ है।

मछली महोत्सव

- 18 मई को त्रिपुरा के अगरतला में आयोजित।

- केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (MoFAH&D) और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा उद्घाटन।
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत कैलाशहर, त्रिपुरा में 42.4 करोड़ रुपये की लागत से एक एकीकृत एक्वा पार्क की आधारशिला रखी।
- देश के 11 एकीकृत एक्वा पार्कों में से 4 पूर्वोत्तर क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव-2025

- 29 मई को देहरादून स्थिति सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (CSIR-IIP) में आयोजित।
- उद्देश्य-भारत में बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना।
- यह कार्यक्रम 'आजादी का अमृत महोत्सव' पहल का एक हिस्सा है और इसे पहली बार जुलाई 2023 में शुरू किया गया था।

अभ्यास

एक्सरसाइज राहत

- भारतीय सेना तथा राष्ट्रीय आपदा राहत बल (NDRF) का संयुक्त आपदा राहत अभ्यास।
- 13-15 मई तक नागालैंड के रंगापहाड़ सैन्य स्टेशन में आयोजित।

तीस्ता प्रहार अभ्यास

- पश्चिम बंगाल के तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना का अभ्यास।
- सेना की विभिन्न इकाइयों इन्फेंट्री, मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री, आर्टिलरी, सशस्त्र कोर, पैरा स्पेशल फोर्सेज, सेना विमानन इंजीनियरिंग और सिग्नल की भागीदारी।

ऑपरेशन/अभियान

ऑपरेशन सिंदूर

- भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला।
- ये स्थल लश्कर-ए-तयैबा (LeT), जैश-ए-मोहम्मद (JeM) और हिजबुल मुजाहिदीन (HM) जैसे प्रतिबंधित समूहों से जुड़े थे।
- पाकिस्तान वायुसेना के एयरबेस को भी निशाना बनाया गया।

_भारत द्वारा चलाये गए प्रमुख सैन्य अभियान_

- ***ऑपरेशन बंदर*** *– फरवरी 2019 में सीआरपीएफ के काफिले पर जैश-ए-मोहम्मद द्वारा किए गए पुलवामा आतंकी हमले के बाद बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमला।*
- ***ऑपरेशन विजय*** *– मई 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्रों को पुन: प्राप्त करने के लिए प्रारंभ।*
- ***ऑपरेशन कैक्टस*** *– मालदीव में 1988 में तख्तापलट की कोशिश को विफल करने के लिये भारत द्वारा हस्तक्षेप।*
- ***ऑपरेशन पवन और ऑपरेशन पूमलाई*** *– 1987 से 1990 तक श्रीलंका में भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) का मिशन।*
- ***ऑपरेशन मेघदूत*** *– भारतीय सेना द्वारा अप्रैल 1984 में सियाचिन पर सामरिक ऊंचाइयों को सुरक्षित करने के लिए प्रारंभ।*
- ***ऑपरेशन जैकपॉट*** *– 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान पूर्वी पाकिस्तान के भीतर पाकिस्तानी सेना से मुकाबला करने के लिए बंगाली सेना, पूर्वी पाकिस्तान राइफल्स, पुलिस और नागरिक स्वयं सेवकों को परिचालन और रसद सहायता, प्रशिक्षण, उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए।*
- *ऑपरेशन कैक्टस लिली (मेघना हेली ब्रिज या मेघना क्रॉसिंग) -दिसंबर 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान मेघना नदी को पार करने और ढाका पहुंचने के लिए भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना द्वारा किया गया एक हवाई हमला।*
- ***ऑपरेशन एब्लेज और ऑपरेशन रिडल*** *– भारत द्वारा 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रारम्भ।*

ऑपरेशन शिवा

- भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए प्रारंभ।
- अनंतनाग जिले में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में बर्फ का शिवलिंग।
- दो छोटे बर्फ के स्तंभ शिव की पत्नी पार्वती और उनके पुत्र गणेश का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- तीर्थयात्रा श्रावण मास में होती है, जब शिवलिंग पूर्ण आकार तक पहुंच जाता है।
- तीर्थयात्रा की उत्पत्ति संस्कृत ग्रंथ 'भृंगेश संहिता' में वर्णित है।

ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट

- नक्सल विरोधी अभियान।
- छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रागुट्टालु पहाड़ियों पर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पुलिस और CRPF द्वारा।
- भारत सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य रखा है।

पर्यावरण

16वीं एशियाई शेर गणना

- मई 2025 में की गई नवीनतम जनगणना के अनुसार गुजरात में एशियाई शेरों (पैंथेरा लियो पर्सिका) की आबादी 891 तक पहुंच गई है।
- यह पांच वर्ष पूर्व की पिछली जनगणना के दौरान दर्ज की गई 674 शेरों की संख्या से पर्याप्त वृद्धि (32%) को दर्शाता है।
- वर्तमान आबादी में 196 नर, 330 मादा, 140 उप-वयस्क और 225 शावक शामिल हैं।
- गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में 384 शेर दर्ज किए गए, जबकि 507 शेर इसकी सीमाओं से बाहर के क्षेत्रों में पाए गए।
- शेरों की 16वीं गणना 10 से 13 मई तक चार दिनों तक की गई जिसमें 11 जिलों के 58 तालुकाओं के लगभग 35,000 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र को कवर किया गया।
- उच्च रिज़ॉल्यूशन कैमरों, कैमरा ट्रैप और जीपीएस-सक्षम रेडियो कॉलर सहित आधुनिक उपकरणों का उपयोग।

प्रोजेक्ट लायन

- ***प्रारंभ*** *– 15 अगस्त, 2020*
- ***अवधि*** *– 10 वर्ष*
- ***कार्यान्वयन*** *– गुजरात राज्य सरकार और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण जैसे अन्य हितधारकों द्वारा।*
- *प्रोजेक्ट लायन पहल के अंतर्गत निम्नलिखित शामिल है–*
  - *लैंडस्केप पारिस्थितिकी आधारित संरक्षण स्थायी शेर आवास सुनिश्चित करना।*
  - *सामुदायिक भागीदारी-स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करना।*
  - *रोग प्रबंधन भारत को बड़ी बिल्लियों के स्वास्थ्य अनुसंधान और उपचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना।*

- भारत की संरक्षण पहलों के कारण अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में वर्ष 2008 में एशियाई शेर को "गंभीर रूप से लुप्तप्राय (Critically Endangered) से लुप्तप्राय (Endangered) के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया।
- भारत सरकार ने मार्च 2025 में गुजरात के जूनागढ़ जिले में नेशनल रेफरल सेंटर वाइल्ड लाइफ (NRC-W) की स्थापना को भी मंजूरी दी है।
  - NRC-W का उद्देश्य वन्यजीवों में बीमारियों की निगरानी करना है, खासकर उन बीमारियों की पहचान करना जो जानवरों से मनुष्य (जूनोटिक) में फैल सकती है।

- *अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने अफ्रीका और भारत में शेर (पेंथेरा लियो) के लिए अपना पहला ग्रीन स्टेटस मूल्यांकन जारी किया है।*
  - *इसके अनुसार शेर को 'Largely Depleted' श्रेणी में रखा गया है।*
  - *मूल्यांकन से यह पता चलता है कि संरक्षण ने पश्चिम और दक्षिणी मध्य अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका और भारत से संभावित विलुप्ति को रोका है।*
  - *मानवीय प्रभाव शेर को अपने पूर्व क्षेत्र में पूरी तरह से पारिस्थितिक रूप से कार्यात्मक होने से रोक रहे हैं।*

हेसरघट्टा ग्रासलैंड कंजर्वेशन रिजर्व

- कर्नाटक सरकार द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (WPA) 1972 की धारा 36ए के तहत अधिसूचित।
- कर्नाटक में बेंगलुरू के निकट हेसरघट्टा झील के आसपास स्थित बेंगलुरू क्षेत्र में शेष बचा अंतिम घास का मैदान।
- संरक्षण रिजर्व को WPA 1972 के तहत संरक्षित क्षेत्र माना जाता है और इसे राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा भू-परिदृश्य, समुद्री परिदृश्य, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा के लिए घोषित किया जा सकता है।
- ये आमतौर पर स्थापित राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों और भारत के आरक्षित और संरक्षित वनों के बीच बफर जोन या कनेक्टर और माइग्रेशन कॉरिडोर के रूप में कार्य करते हैं।

त्साराप चू संरक्षण रिजर्व

- हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी में एक संरक्षित क्षेत्र।
- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 36ए (1) के तहत अधिसूचित।
- हिमाचल प्रदेश का पांचवा संरक्षण रिजर्व।
- भारत का सबसे बड़ा संरक्षण रिजर्व (1,585 वर्ग किमी)।
- यह स्थान विशेष रूप से हिम तेंदुए के लिए जाना जाता है, जिसे प्राय: 'पहाड़ों का भूत' कहा जाता है।

ऑपरेशन ओलिविया

- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) द्वारा प्रतिवर्ष नवंबर से मई तक आयोजित किया जाने वाला वार्षिक अभ्यास।
- **उद्देश्य** – विशेष रूप से गहिरमाथा बीच और ओडिशा के आसपास के तटीय क्षेत्रों में ओलिव रिडले कछुओं के लिए घोंसले (Nesting) की जगह सुनिश्चित करना है, जहाँ हर साल आठ लाख से अधिक कछुए आते हैं।

ओलिव रिडले कछुए

- *विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सर्वाधिक संख्या में पाए जाने वाले कछुए।*
- *ये कछुए सर्वाहारी होते हैं और इनका ये नाम इनके जैतून रंग के कवच के कारण पड़ा है।*
- *वे अपने अद्वितीय सामूहिक नीडन के लिए प्रसिद्ध हैं, जिसे 'अरिबादा (Arribada)' कहा जाता है, जहाँ हजारों मादाएँ अंडे देने के लिए एक ही समुद्र तट पर एकत्र होती है।*
- *यह प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के उष्ण जल में पाए जाते हैं।*
- *ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य समुद्री कछुओं के विश्व के सबसे बड़े रॉकरी (प्रजनन करने वाले पशुओं का एक समूह) के रूप में जाना जाता है।*
- *भारत में इनकी आकस्मिक मृत्यु की घटनाओं को कम करने के लिए ओडिशा सरकार ने ट्रॉल के लिए टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइसेज (Turtle Excluder Devices-TED) का उपयोग अनिवार्य कर दिया है (जालों को विशेष रूप से एक निकास के साथ बनाया गया है, जिसके उपयोग से समुद्री कछुओं को सुरक्षित निकास मिल जाता है)।*

कछुआ संरक्षण के लिए नागशंकर मंदिर मॉडल

- विश्व कछुआ दिवस (23 मई) पर, असम में नागशंकर मंदिर को आधिकारिक तौर पर कछुआ संरक्षण के लिए एक आदर्श मंदिर घोषित किया गया।
- नागशंकर मंदिर असम के बिस्वनाथ जिले में ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर स्थित भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन हिंदू मंदिर है।
- **निर्माण** – नागखा के राजा नरशंकर ने चौथी शताब्दी में।
- मंदिर परिसर में एक बड़ा तालाब है, जिसमें दुनिया की सबसे दुर्लभ प्रजातियों के 250-300 कछुए हैं।
  - इन प्रजातियों में ब्लैक सॉफ्टशेल, इंडियन सॉफ्टशेल और मलायन सॉफ्टशेल शामिल हैं।

त्राल वन्यजीव अभयारण्य

- केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर त्राल वन्यजीव अभ्यारण्य के आसपास एक पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) घोषित किया है।
- जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित।
- लुप्तप्राय कश्मीरी हिरण हंगुल के लिए प्रसिद्ध।

- पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र (ESZ)- राष्ट्रीय पर्यावरण नीति (2006) ने इको-सेंसिटिव जोन को "ऐसे क्षेत्र/जोन के रूप में परिभाषित किया है जिनके पास अद्वितीय पर्यावरणीय संसाधन होते हैं जिन्हें उनके संरक्षण के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है"।

पोर्टल/एप

PRASHAST ऐप

- दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा दिव्यांग छात्रों की शुरुआती पहचान को कारगर बनाने के लिए लॉन्च।
- यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 में उल्लिखित व्यापक लक्ष्यों का हिस्सा है, जो सभी शिक्षार्थियों के लिए समावेशी और समान शिक्षा पर केंद्रित है।
- PRASHAST ऐप को आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 21 दिव्यांगताओं के लिए प्रारंभिक मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें दृश्यमान और छिपी हुई दोनों स्थितियाँ शामिल हैं।

डिपो दर्पण पोर्टल और डिजिटल प्लेटफॉर्म अन्न मित्र और अन्न सहायता का शुभारंभ

- केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ।
- **उद्देश्य** – भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में बदलाव लाना।
- **डिपो दर्पण**
  - एक डिजिटल स्व-मूल्यांकन और निगरानी पोर्टल।
  - **उद्देश्य** – डिपो अधिकारियों को व्यवस्थित रूप से उनके संचालन का मूल्यांकन करने और उसे बेहतर बनाने के लिए सशक्त बनाना।
- **अन्न मित्र**
  - सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के प्रमुख क्षेत्र स्तरीय हितधारकों को आवश्यक परिचालन डेटा तक सुरक्षित, वास्तविक समय तक पहुंच के साथ सशक्त बनाने के लिए एक मोबाइल ऐप।
  - अपने वर्तमान रोलआउट में, अन्न मित्र चार राज्यों- असम, उत्तराखंड, त्रिपुरा और पंजाब को कवर करता है और यह दो भाषाओं में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।
- **अन्न सहायता**
  - एक उन्नत शिकायत निवारण प्रणाली है जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKAY) लाभार्थियों में पहुंच, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाना है।
  - अन्न सहायता पायलट चरण में पांच राज्यों - गुजरात, झारखंड, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश को कवर करती है और यह पांच भाषाओं, हिंदी, गुजराती, तेलुगु, बांग्ला और अंग्रेजी में उपलब्ध है।

iGOT कर्मयोगी

- राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम - मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत भारत द्वारा संचालित और प्रबंधित डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म।
- iGOT कर्मयोगी पर पूरे भारत में 1 करोड़ से ज्यादा सरकारी कर्मचारी पंजीकृत हो चुके हैं।
- पंजीकृत उपयोगकर्ताओं में से 60% से अधिक सभी 36 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं जबकि शेष केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और संगठनों से है।
- शीर्ष 5 राज्य - बिहार, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश।
- 16 भाषाओं में 2,400 से ज्यादा कोर्स उपलब्ध।
- सभी कोर्स स्वदेशी रूप से विकसित कर्मयोगी योग्यता मॉडल के अनुरूप हैं जो भारतीय ज्ञान और मिशन कर्मयोगी के सिद्धान्तों पर आधारित है।

पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) 2.0 पोर्टल

- पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) संस्करण 2.0 पर नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लेखन कार्यशाला में लॉन्च।
- पीएआई एक बहुआयामी मूल्यांकन का ढांचा है जिसे पंचायती राज मंत्रालय ने स्थानीय कृति सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के साथ संरेखित नौ विषयों में 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन को ट्रैक करने में सक्षम बनाने के लिए विकसित किया गया है।

- नौ विषयों में शामिल हैं- गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत और महिला अनुकूल पंचायत।

❒ पीएआई संस्करण 1.0 ने बेसलाइन के रूप में काम किया और 29 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2.16 लाख ग्राम पंचायतों से डेटा कवर किया है।

❒ पीएआई 1.0 में संकेतक 516, पीएआई 2.0 में संकेतक 147 (72% कमी)।

❒ पीएआई 1.0 में डेटा पॉइंट-794, पीएआई 2.0 में डेटा पॉइंट-227।

ECINET

❒ भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा विकसित किया जा रहा नया वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म।

❒ भारत निर्वाचन आयोग के मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लीकेशन शामिल।

❒ ECINET पर डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा।

❒ किसी भी विवाद के मामले में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा।

आयुष सुरक्षा पोर्टल

❒ 30 मई को केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा नई दिल्ली के आयुष भवन में शुभारंभ।

❒ भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों, राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस केंद्रों और प्रमुख नियामक हितधारकों से डेटा को एकीकृत करके भ्रामक विज्ञापनों और दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की रियल टाइम निगरानी, व्यवस्थित विश्लेषण और समन्वित कार्रवाई की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रारम्भ।

❒ सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्धा (CCRS) के तकनीकी सहयोग से विकसित।

'अपना डिजिपिन जानें और 'अपना पिन कोड जानें' पोर्टल

❒ भारत सरकार के संचार मंत्रालय के डाक विभाग द्वारा प्रारम्भ डिजिटल प्लेटफॉर्म।

❒ राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 के अनुरुप प्रारम्भ।

❒ **'अपना डिजिपिन जानें' पोर्टल**-

- डिजिपिन (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर) एक ओपन- सोर्स, इंटरऑपरेबल, जियो-कोडेड, ग्रिड-आधारित डिजिटल एड्रेस सिस्टम है जिसे डाक विभाग ने आईआईटी हैदराबाद और National Remote Sensing Centre (NRSC), इसरो के सहयोग से विकसित किया है।
- यह डाक विभाग के एड्रेस-एज-ए-सर्विस (एएएएस) पेश करने की कल्पना का आधार है।
- पोर्टल के माध्यम से सटीक भौगोलिक स्थान के आधार पर उनका डिजिपिन प्राप्त किया जा सकता है।
- यह पहल लोकेशन मैपिंग को सरल बनाती है, और अंतिम मील तक डिलीवरी सुनिश्चित करती है, खासकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में।

❒ अपना पिन कोड जानें वेब एप्लीकेशन।

रिपोर्ट/सूचकांक

सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) रिपोर्ट 2021

❒ भारत के महापंजीयक (RGI) द्वारा 07 मई, 2025 को जारी।

❒ भारत में मातृ मृत्यु दर पर विशेष बुलेटिन, 2019-21 के अनुसार मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) 2014-16 के प्रति लाख जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गया है।

- आठ (8) राज्य पहले ही MMR (2030 तक <=70) का SDG लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं-केरल (20), महाराष्ट्र (38), तेलंगाना (45), आंध्र प्रदेश (46), तमिलनाडु (49), झारखंड (51), गुजरात (53), कर्नाटक (63)।

- मातृ मृत्यु अनुपात MMR को एक निश्चित समय अवधि के दौरान प्रति 100000 जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

❒ शिशु मृत्यु दर (IMR) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 39 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 27 हो गई है।
- शिशु मृत्यु दर (IMR) एक वर्ष में प्रति 1000 जीवित जन्म लेने वाले बच्चों पर 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु की संख्या बताता है।

❒ नवजात मृत्युदर (NMR) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 26 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 19 हो गई है।
- छह (6) राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही एनएमआर का एसडीजी लक्ष्य (वर्ष 2030 तक <=12) प्राप्त कर चुके हैं: केरल (4), दिल्ली (8), तमिलनाडु (9), महाराष्ट्र (11), जम्मू और कश्मीर (12) और हिमाचल प्रदेश (12)।
- NMR किसी दिए गए वर्ष या अन्य अवधि में प्रति 1000 जीवित जन्मों में जीवन के पहले 28 पूर्ण दिनों के दौरान होने वाली मौतों की संख्या होती है।

❒ पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर (U5MR) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 45 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 31 हो गई है।
- बारह (12) राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही U5MR (2030 तक <=25) का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं: केरल (8), दिल्ली (14), तमिलनाडु (14), जम्मू और कश्मीर (16), महाराष्ट्र (16), पश्चिम बंगाल (20), कर्नाटक (21), पंजाब (22), तेलंगाना (22), हिमाचल प्रदेश (23), आंध्र प्रदेश (24) और गुजरात (24)।
- U5MR किसी विशिष्ट वर्ष या अवधि में प्रति 1000 जीवित जन्मों में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर को संदर्भित करती है।

❒ जन्म के समय लिंग अनुपात 2014 में 899 से सुधरकर 2021 में 913 हो गया है।

❒ कुल प्रजनन दर 2021 में 2.0 पर स्थिर है, जो 2014 में 2.3 से उल्लेखनीय सुधार है।

❒ मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने में भारत की प्रगति वैश्विक औसत से अधिक है।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS)

❒ सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जनवरी 2025 से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) में परिवर्तन।

❒ **उद्देश्य** – श्रम बाजार संकेतकों की आवृत्ति, दायरा और विश्वसनीयता को बढ़ाना तथा नीति निर्माण के लिए समय पर और विस्तृत रोजगार आंकड़े उपलब्ध कराना।

❒ PLFS को वर्ष 2017 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कायार्लय (NSO) द्वारा लॉन्च किया गया था।

❒ **प्रमुख परिवर्तन**
- पहली बार अखिल भारतीय स्तर पर श्रम संकेतक जैसे श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), बेरोजगारी दर (यूआर) का मासिक प्रकाशन।
- यह वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) पर आधारित होगा।
- तिमाही अनुमानों का विस्तार-रोजगार बेरोजगारी संकेतकों के अनुमान अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को कवर करेंगे (पहले केवल शहरी)।
- कैलेंडर वर्ष के आधार पर वर्षिक रिपोर्ट-नया चक्र जनवरी दिसंबर प्रारूप में होगा (पिछला जुलाई-जून प्रारूप)।
- इससे अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस के साथ बेहतर संरेखण सुनिश्चित होता है।
- नमूना आकार में वृद्धि-परिवारों के नमूना आकार में 2.65 गुना वृद्धि की गई है ।
- इससे श्रम बाजार संकेतक अनुमानों की सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार होता है।
- बेहतर भौगोलिक प्रतिनिधित्व-अधिकांश क्षेत्रों के लिए जिले को प्राथमिक भौगोलिक इकाई बनाया गया, जिससे स्थानीयकृत डेटा संग्रहण में सुधार होगा।
- ग्रामीण स्तरीकरण गांवों की दूरी पर आधारित है-जिला मुख्यालय से 5 किमी के भीतर या 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों/कस्बों पर।

वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (FRI)

- भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा प्रारंभ।
- वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) के हिस्से के रूप में विकसित एक बहुआयामी विश्लेषणात्मक उपकरण का आउटपुट है, जो साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए अग्रिम कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी उपलब्ध कराकर वित्तीय संस्थानों को सशक्त बनाता है।
- यह एक जोखिम आधारित मापीय उपकरण है जो किसी मोबाइल नंबर को वित्तीय धोखाधड़ी के मध्यम, उच्च या बहुत उच्च जोखिम से जुड़े के रूप में वर्गीकृत करता है।
- यह वर्गीकरण भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) डीओटी के चक्षु प्लेटफॉर्म और बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों की ओर से साझा की गई खुफिया जानकारी सहित विभिन्न हितधारकों से प्राप्त जानकारी का परिणाम है।
- यह हितधारकों-विशेष रूप से बैंकों, एनबीएफसी और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को प्रवर्तन को प्राथमिकता देने और मोबाइल नंबर के उच्च जोखिम के मामले में अतिरिक्त ग्राहक सुरक्षा उपाय करने का अधिकार देता है।
- FRI को सबसे पहले फोन-पे ने अपनाया था।

कंपोजिट बैकवार्डनेस इंडेक्स (CBI)

- तेलंगाना सरकार द्वारा डेटा-आधारित और न्यायसंगत नीति निर्माण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ पहल।
- तेलंगाना योजना एवं विकास सोसाइटी (TGPDS) द्वारा राज्य की प्रत्येक उपजाति के लिए कंपोजिट बैकवार्डनेस इंडेक्स (CBI) का विकास।
- सूचकांक के विकास की देखरेख सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ कार्य समूह द्वारा।
- राज्य स्तर पर अपनी तरह का पहला प्रयास जो समुदायों में सापेक्ष पिछड़ेपन का सांख्यिकीय रूप से वस्तुनिष्ठ माप प्रदान करेगा।
- यह सूचकांक 2024 में किए गए सामाजिक, शैक्षिक, रोजगार, आर्थिक, राजनीतिक और जाति (SEEEPC) सर्वेक्षण के डेटा का उपयोग करके बनाया जा रहा है।
- विभिन्न सामाजिक-आर्थिक आयामों के आधार पर उप-जातियों की समग्र और श्रेणी-विशिष्ट रैंकिंग।

रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (RI)

- मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (RI) पर फ्रेमवर्क के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत।
- सितम्बर 2024 में, उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए) द्वारा रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (RI) की रूपरेखा विकसित करने के लिए अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा की अध्यक्षता में समिति गठित।
- समिति ने मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स के शुरूआती चरण में अधिसूचना के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट को एक उत्पाद श्रेणी के रूप पहचाना है।
- रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स एक अनिवार्य लेबल है जिसे निर्माता उत्पाद की मरम्मत योग्यता के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रदर्शित करते हैं।
- **उत्पादों को 1-5 के पैमाने पर स्कोर।**
  - **1 का स्कोर** - ऐसे उत्पाद जिनमें क्षति का उच्च जोखिम होता है तथा जिनके एक भाग तक पहुंचने के लिए कई घटकों को तोड़ना पड़ता है।
  - **5 का स्कोर** - ऐसे उत्पाद जिनकी मरम्मत करना आसान है तथा बैटरी या डिस्प्ले जैसे प्रमुख भागों तक सीधी पहुंच है।



समिति/आयोग

आपदा प्रबंधन की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय समिति

- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 8बी की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गठित।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में।
- **तीन सदस्य**–
  1. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान
  2. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
  3. राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति) आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी।

नियुक्तियाँ

- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन** – पूर्व रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) प्रमुख आलोक जोशी नये प्रमुख नियुक्त।
  - **कुल 7 सदस्य**–
    1. एयर मार्शल पीएम सिन्हा
    2. लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह
    3. रियर एडमिरल मोंटी खन्ना
    4. सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन वर्मा
    5. मनमोहन सिंह
    6. पूर्व राजनयिक बी वेंकटेश वर्मा
- **संजय जायसवाल (भाजपा)** – वर्ष 2025-26 के लिए संसद की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष नियुक्त। और बैजयंत पांडा सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति के अध्यक्ष नियुक्त।
  - प्राक्कलन समिति में लोकसभा के 30 सदस्य शामिल होते है।
- **बैजयंत पांडा (भाजपा)** – वर्ष 2025-26 के लिए सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति के अध्यक्ष नियुक्त।
  - 22 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 15 और राज्यसभा से 7 सदस्य चुने जाते हैं।
- **प्रवीण सूद** – कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है।
- **न्यायमूर्ति के. सोमशेखर** – मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।
- **तपन कुमार डेका** – खुफिया ब्यूरो (IB) प्रमुख तपन कुमार डेका को एक और वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया गया है।
- **ज्ञानेश्वर कुमार सिंह** – भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (IICA) के नए महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त।
- **लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा** – उधमपुर स्थित उत्तरी सेना कमान के नए कमांडर-इन-चीफ।
- **एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी** – वायुसेना उपप्रमुख नियुक्त।
- **एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित** – चीफ आफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआइएससी) नियुक्त।
- **एयर मार्शल तेजिंदर सिंह** – वायुसेना की प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) नियुक्त।
- **मेजर जनरल लिसम्मा पीवी** – सैन्य नर्सिंग सेवा (MNS) की अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त।
- **डॉ. अजय कुमार** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
  - सुजाता चतुर्वेदी तथा अनुराधा प्रसाद संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य नियुक्त।
- **न्यायाधीश सूर्यकांत** – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत।
- **अभिजीत बनर्जी** – अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के निमंत्रण पर सलाहकार के रूप में तेलंगाना राइजिंग के विजन बोर्ड में शामिल हो गए हैं।
- **हरवंश चावला** – ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नियुक्त।

- भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्रतिष्ठित प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है।
- **श्रीप्रकाश मगदूम** – राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के प्रथम निदेशक नियुक्त।
- **विनोद सिंह गुंजियाल** – बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त।
- **एयर मार्शल नागेश कपूर** – दक्षिणी-पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख नियुक्त।
- **सुप्रीम कोर्ट में 3 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति** – मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, विजय बिश्नोई और एएस चंदुरकर को पद की शपथ दिलाई।
  - वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो गई है।
- **डॉ. समीर वी. कामथ** – मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (DDR&D) के सचिव और रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत की सेवा में एक वर्ष की अविधि के लिए विस्तार को मंजूरी दे दी है।

निधन

- **डॉ. एमआर श्रीनिवासन** – भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के प्रमुख आधार स्तंभ और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष।
  - देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर के रूप में कार्य और दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (PHWR) के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका।
  - भारत के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में डॉ. होमी भाभा के साथ कार्य।
  - भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (NPCIL) के संस्थापक अध्यक्ष। उनके नेतृत्व में 18 परमाणु रिएक्टर विकसित किए गए।
  - पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित।।
  - भारतीय विज्ञान कांग्रेस से होमी भाभा स्वर्ण पदक, होमी भाभा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त। वर्ष 2016 में एशियाई वैज्ञानिक 100 सूची में भी शामिल।
  - विश्व परमाणु संचालक संघ (WANO) के संस्थापक सदस्य।
  - **पुस्तक** – 'फ्रॉम फिजन टू फ्यूजन : द स्टोरी ऑफ इंडियाज एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम'।
- **डॉ. जयंत नार्लीकर** – भारत के प्रसिद्ध खगोल भौतिकीविद्।
  - पुणे में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA) के संस्थापक-निदेशक।
  - ब्राह्मण्ड की उत्पत्ति के लिए लोकप्रिय बिग बैंग सिद्धांत का वैकल्पिक मॉडल प्रस्तुत करने के लिए प्रसिद्ध।
- **सरोज घोष** – राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (NCSM) के संस्थापक महानिदेशक और भारत के विज्ञान संग्रहालय आंदोलन के जनक।
- **बाबा शिवानंद** – वाराणसी के योग साधक (2022 में पद्मश्री से सम्मानित)।
- **केवी राबिया** – केरल के वयस्क साक्षरता कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता।
  - 2022 में पद्मश्री से सम्मानित।
  - आत्मकथा – 'स्वप्नंगलकु चिरकुकल उंडु' (ड्रीम्स हैव विंग्स)।
  - 'चलनम' नामक एक स्वैच्छिक संगठन का गठन।

विविध

कैबिनेट द्वारा आगामी जनगणना में जाति गणना को मंजूरी

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार, जनगणना संघ का विषय है, जो सातवीं अनुसूची में संघ सूची में 69वें स्थान पर सूचीबद्ध है।
- भारत में पहली जनगणना-वर्ष 1872 में।
- भारत की पहली दशकीय जनगणना-वर्ष 1881 में।

- दशकीय जनगणना के संचालन की जिम्मेदारी भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पास है।
- वर्तमान महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त- मृत्युंजय कुमार नारायण।
- स्वतंत्र भारत में1951 से 2011 तक की हर जनगणना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बारे में डेटा प्रकाशित किया गया है, लेकिन अन्य जातियों के बारे में नहीं।
- इससे पहले, 1931 तक की हर जनगणना में जाति के बारे में डेटा होता था।
- 1941 में जाति आधारित डेटा एकत्र किया गया था, लेकिन प्रकाशित नहीं किया गया था।
- भारत में अंतिम दशकीय जनगणना वर्ष 2011 में आयोजित की गई थी जो भारत की कुल 15वीं और स्वतंत्र भारत की 7वीं जनगणना थी।
- जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या-1,21,08,54,977।

मिजोरम पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता हासिल करने वाला भारत का पहला राज्य

- मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने 20 मई को आधिकारिक तौर पर मिजोरम को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया।
- उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम या न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (NILP) के अन्तर्गत।
- भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा परिभाषित 95% से अधिक साक्षरता दर पूर्ण साक्षरता के बराबर मानी जाती है।
- मिजोरम ने हाल ही में 98.2% साक्षरता दर हासिल कर ली है।

> ○ ***उल्लास*** *– नव भारत साक्षरता कार्यक्रम या न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (NILP)*
> - *एक केंद्र प्रायोजित योजना (2022-2027 तक लागू)।*
> - *NEP 2020 के साथ संरेखित यह योजना उन वयस्कों (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) को लक्षित करती है जो स्कूल नहीं जा सके।*
> - *इस योजना के पाँच घटक हैं- मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा।*
> - *उल्लास योजना का विजन भारत को जन-जन साक्षर बनाना है और यह कर्त्तव्य बोध की भावना पर आधारित है और इसे स्वयंसेवा के आधार पर लागू किया जा रहा है।*

- इससे पहले 24 जून 2024 को लद्दाख पूर्ण साक्षरता घोषित करने वाली पहली प्रशासनिक इकाई बना था।
- हाल ही में गोवा पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता हासिल करने वाला भारत का दूसरा राज्य बना।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

- भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।
- 24 मई को नई दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार भारत अब 'चार ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था है।
- अमेरिका, चीन और जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएँ ही भारत से बड़ी हैं।
- विकास की उच्च दर के कारण भारत की जीडीपी 2028 में 5.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे अर्थव्यवस्था बन जाएगी।
- विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद 2025 तक 30.5 ट्रिलियन डॉलर आंका गया है, जबकि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 19.2 ट्रिलियन डॉलर है।

तीन Defence Public Sector Undertaking (DPSU) को मिनीरत्न का दर्जा

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL) आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (AVNL) और इंडिया ऑप्टल लिमिटेड (IOL) को ''मिनीरत्न'' श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है।

- **मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा पाने के लिए मानदंड-**
  - Central Public Sector enterprises (CPSEs) ने पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ कमाया है।
  - कम से कम तीन वर्षों में कर-पूर्व लाभ 30 करोड़ रुपये या उससे अधिक है।
  - जिनकी निवल संपत्ति सकारात्मक है।
- केन्द्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना 500 करोड़ रुपये तक का निवेश करने का अधिकार।

ई-जीरो एफआईआर (e-Zero FIR) पहल

- साइबर क्राइम से निपटने के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (I4C) की नई पहल।
- दिल्ली के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च।
- यह सिस्टम राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल (NCRP) या राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज 10 लाख रुपये से ऊपर की सीमा के साइबर वित्तीय अपराधों को स्वत: ही FIR में परिवर्तित कर देगा।
- इसे तुरंत संबंधित क्षेत्रीय साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों को भेजा जाएगा।
- शिकायतकर्त्ता 3 दिनों के भीतर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में जाकर जीरो FIR को नियमित FIR में परिवर्तित कर सकते हैं।
- शुरू की गई नई प्रक्रिया में I4C के NCRP सिस्टम, दिल्ली पुलिस के e-FIR सिस्टम और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (CCTNS) का एकीकरण शामिल है।
- दिल्ली के e-Crime पुलिस स्टेशन को NCRP पर दर्ज विशिष्ट प्रकृति की साइबर अपराध शिकायतों के लिए e-FIR दर्ज करने और उन्हें क्षेत्रीय पुलिस स्टेशनों में स्थानांनतरित करने के लिए अधिसूचित किया गया है।

द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः और द्रव्यनामाकरनिघण्टुः

- केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दो दुर्लभ और महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक पांडुलिपियों - द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः और द्रव्यनामाकरनिघण्टुः को पुनर्जीवित किया गया है।
- **आयुर्वेद में निघंटुः** शब्द से तात्पर्य औषधियों के समूह, पर्यायवाची, गुण और उनके प्रयुक्त भाग के वर्णन से है।
- इन प्रकाशनों का अनावरण मुंबई में राजा रामदेव आनंदीलाल पोद्दार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया।
- **द्रव्यरत्नाकरनिघण्टुः**-1480 ई. में मुद्गल पंडित द्वारा लिखित इस पहले अप्रकाशित शब्दकोश में अठारह अध्याय हैं जो औषधि के पर्यायवाची, चिकित्सीय क्रियाओं और औषधीय गुणों पर गहन ज्ञान प्रदान करते हैं।
  - 19वीं शताब्दी तक महाराष्ट्र में व्यापक रूप से संदर्भित यह ग्रंथ, धन्वंतरि और राजा निघण्टु जैसे शास्त्रीय निघण्टुओं से प्रेरणा लेता है, जबकि पौधे, खनिज और पशुमूल से कई नए औषधीय पदार्थों का दस्तावेजीकरण करता है।
- **द्रव्यनामाकरनिघण्टुः**-भीष्म वैद्य द्वारा रचित यह अद्वितीय कार्य धन्वंतरि निघण्टु के लिए एक स्वतंत्र परिशिष्ट के रूप में कार्य करता है।
  - आयुर्वेद के लिए अध्ययन का एक जटिल क्षेत्र जो विशेष रूप से औषधि और पौधों के नामों के समानार्थी शब्दों पर केंद्रित है।

पूर्वोत्तर का पहला भूतापीय उत्पादन कुआं

- अरुणाचल प्रदेश के दिरांग में पृथ्वी विज्ञान और हिमालय अध्ययन केंद्र (CESHS) द्वारा प्रारंभ।
- सीईएसएचएस, नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टीट्यूट (NGI), ओस्लो, नॉर्वे, आइसलैंडिक भूतापीय फर्म जियोट्रॉपी ईएचएफ और गुवाहाटी बोरिंग सर्विस (GBS) की ड्रिलिंग टीम के बीच अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग का परिणाम।

भूतापीय ऊर्जा

- *भूतापीय ऊर्जा पृथ्वी से प्राप्त ऊष्मा ऊर्जा है-भू (पृथ्वी)+ तापीय (ऊष्मा)।*
- *भूतापीय प्रौद्योगिकी इस ऊर्जा/ऊष्मा को प्रत्यक्ष हीटिंग और कूलिंग के लिए निकालती है, या इसे बिजली में परिवर्तित करती है।*
- *यह आंतरिक ऊष्मा/तापीय ऊर्जा रेडियोधर्मी क्षय और पृथ्वी के निर्माण से होने वाली निरंतर ऊष्मा हानि से उत्पन्न होती है।*

सारनाथ से प्राप्त पवित्र बुद्ध अवशेष का संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस 2025 पर वियतनाम में प्रदर्शन

- पहली बार, भारत के सारनाथ से पवित्र बुद्ध अवशेष, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) वेसाक दिवस 2025 के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी के लिए वियतनाम भेजे गए।
- अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भारत और वियतनाम के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को रेखांकित करता है।

भारत निर्वाचन आयोग की तीन नई पहल

1. आयोग मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (वर्ष 2023 में संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के महापंजीयक से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा।
2. मतदाता सूचना पर्चियों (VIS) में मतदाता का सूची क्रमांक और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, साथ ही फॉन्ट का आकार भी बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नाम को सुगमतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाएगा।
3. सभी बीएलओ (जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13बी (2) के अंतर्गत ईआरओ द्वारा नियुक्त) को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान नागरिक बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें।

पहला 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS) सुविधा केंद्र'

- कोलकाता के न्यूटाउन में 'कॉर्पोरेट भवन' में शुभारंभ।
- एमसीए सीआईआई पीएमआईएस केंद्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के बीच एक सहयोगी पहल है।
- **उद्देश्य** – पात्र युवाओं (21-24 वर्ष की आयु) को भागीदार कंपनियों द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाले इंटर्नशिप अवसरों से लाभान्वित करना।
- 'कॉर्पोरेट भवन' का उद्घाटन 1 मई को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया।
- इस नए भवन में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के विभिन्न कार्यालय एक ही स्थान पर होंगे।

डिजिटल घड़ी डिजाइन प्रतियोगिता

- देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगाने के लिए नई डिजिटल घड़ियाँ डिजाइन करने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतियोगिता।
- **उद्देश्य** – प्लेटफॉर्म और स्टेशनों पर इस्तेमाल की जाने वाली डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करना।
- यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों के प्रतिभागियों के लिए खुली है, जिनमें पेशेवर, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र और स्कूली छात्र शामिल हैं।
- पांच लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार और तीनों श्रेणियों में से प्रत्येक में 50-50 हजार रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार।

विश्व का पहला ऊर्जा संचरण उद्यान ''बाबूजी वनम''

- एक विशेष स्मारक विरासत परियोजना के रूप में संस्कृति मंत्रालय के साथ साझेदारी में हार्टफुलनेस द्वारा निर्मित।
- तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में स्थित।
- **उद्घाटन** – तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा द्वारा।

ट्राई-सर्विसेज फ्यूचर वारफेयर कोर्स का दूसरा संस्करण

- 09 मई, 2025 को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित।
- हेडक्वार्टर्स इंटीग्रेटेड डिफेन्स स्टाफ (HQIDS) के मार्गदर्शन में तीन सप्ताह से अधिक समय तक आयोजित और सेंटर फॉर जॉइंट वॉरफेयर स्टडीज (CENJOWS) द्वारा समन्वित।
- ट्राई-सर्विसेज फ्यूचर वारफेयर कोर्स की शुरुआत सितंबर, 2024 में हुई थी।

भारत बोध केन्द्र

- इंडिया हैबिटेट सेंटर (IHC) नई दिल्ली के हैबिटेट लाइब्रेरी और रिसोर्स सेंटर में स्थापित।

- **उद्घाटन** – केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा।
- भारत बोध केंद्र में भारतीय कला, संगीत, आध्यात्मिकता, इतिहास, दर्शन और अन्य संबंधित क्षेत्रों पर पुस्तकों और संसाधनों का एक संग्रह उपलब्ध होगा।

भारत का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क

- आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में स्थापित किया जाएगा।
- आंध्र प्रदेश सरकार,आईबीएम, टीसीएस और एल एंड टी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

पिपरहवा अवशेष

- संस्कृति मंत्रालय की कोशिशों के बाद हांगकांग के सोथबी द्वारा पिपरहवा अवशेषों की नीलामी को रोक दिया गया है।
- 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेप्पे द्वारा पिपरहवा स्तूप (प्राचीन कपिलवस्तु, भगवान बुद्ध की जन्मस्थली) से उत्खनन किया गया।
- अवशेषों में हड्डियों के टुकड़े, क्रिस्टल और सोपस्टोन के ताबूत, बलुआ पत्थर का संदूक, तथा सोने के आभूषण और रत्न जैसे उपहार शामिल हैं।
- ब्राह्मी लिपि में एक शिलालेख से पता चलता है कि ये अवशेष बुद्ध के हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा जमा किया गया था।

राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित भारत के तीन सिद्धांत

- **भारत तीन सिद्धांतों पर निर्णय लेगा–**
  - पहला–अगर भारत पर कोई आतंकवादी हमला होता है तो जवाब अपनी शर्तों पर दिया जाएगा।
  - दूसरा–भारत किसी भी तरह के परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।
  - तीसरा–भारत अब आतंकवादी सरगनाओं और उन्हें शरण देने वाली सरकारों के बीच अंतर नहीं करेगा।

एक देश एक धड़कन

- देशभक्ति की अमर भावना को भावभीनी श्रद्धांजलि देने और राष्ट्र के वीरों को सम्मानित करने के लिए, संस्कृति मंत्रालय की एक पहल।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की देखरेख में, देश भर में 60 से अधिक विरासत स्मारकों को तिरंगे से रोशन किया गया।

राजों की बावली

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने वर्ल्ड मोनूमेंट्स फंड इंडिया और टीसीएस फाउंडेशन के सहयोग से नई दिल्ली स्थित महरौली पुरातत्व उद्यान में 16वीं शताब्दी की 'राजों की बावली' का संरक्षण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।
- यह परियोजना वर्ल्ड मोनूमेंट्स फंड 'भारत की ऐतिहासिक जल प्रणालियाँ' नामक पहल का हिस्सा थी, जिसे टीसीएस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित किया था, जो वर्ल्ड मोनूमेंट्स फंड की जलवायु विरासत पहल के अनुरूप है।
- लगभग 1506 में लोदी राजवंश के दौरान निर्मित, राजों की बावली लोदी युग की वास्तुकला और पारंपरिक जल इंजीनियरिंग का प्रमाण है।

> - *वर्ल्ड मोनूमेंट्स फंड (WMF), जिसे पहले इंटरनेशनल फंड फॉर मोनूमेंट्स (IMF) कहा जाता था, की स्थापना वर्ष 1965 में कर्नल जेम्स ए. ग्रे ने की थी, जो पीसा की झुकी हुई मीनार के सामने आने वाली चुनौतियों से प्रेरित थे।*
> - *वर्ल्ड मोनूमेंट्स फंड की भारत की ऐतिहासिक जल प्रणालियां नामक पहल के अंतर्गत संरक्षित की गई अन्य जल प्रणालियां–*
>   - *ताज बावड़ी, कर्नाटक; कुंडवाव, गुजरात; तथा जयपुर बावली, राजस्थान में वर्ल्ड मोनूमेंट्स फण्ड भारत का कार्य टीसीएस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया गया है।*

GEAPP एनर्जी ट्रांजिशन इनोवेशन चैलेंज (ENTICE)

- उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) तथा ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट (GEAPP) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- ENTICE एक प्रतिस्पर्धी मंच है जो प्रभावी समाधानों के लिए 500,000 डॉलर तक का पुरस्कार प्रदान करता है।

- भारत के स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्रों में नवाचार, स्थिरता और उद्यमशीलता में तेजी लाने के लिए।
- यह द्विवर्षीय साझेदारी धन की व्यवस्था करने, मेंटरशिप, प्रारंभिक अवसरों और बाजार से जुड़ाव के माध्यम से शुरूआती चरण के जलवायु-तकनीक स्टार्टअप का सहयोग करेगी।

आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता का भारत का संदेश देने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

- ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मई के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे।
- निम्नलिखित संसद सदस्य सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करेंगे-
  1. शशि थरूर, कांग्रेस
  2. रविशंकर प्रसाद, भाजपा
  3. संजय कुमार झा, जदयू
  4. बैजयंत पांडा, भाजपा
  5. कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके
  6. सुप्रिया सुले, एनसीपी
  7. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना

राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के अभियान दल द्वारा माउंट एवरेस्ट की चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई

- **नेतृत्व** – कर्नल अमित बिष्ट।
- टीम में 10 एनसीसी कैडेट (पांच लड़के व पांच लड़कियाँ) के साथ चार अधिकारी, दो जूनियर कमीशन अधिकारी, एक बालिका कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारी शामिल।
- टीम में 19 वर्ष की औसत आयु वाले युवा शामिल।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभियान को 03 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।
- यह एनसीसी द्वारा माउंट एवरेस्ट पर तीसरी चढ़ाई है, इससे पहले साल 2013 और 2016 में भी चढ़ाई की गई थी।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (IDB) 2025 पर राष्ट्रीय स्तर का समारोह

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NAB), राजस्थान वन विभाग और राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से 22 मई को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित।
- **IDB 2025 की थीम** – 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास'।

बेगमपेट रेलवे स्टेशन

- प्रधानमंत्री द्वारा बेगमपेट सहित कुल 103 अमृत स्टेशनों का वर्चुअली उद्‌घाटन।
- बेगमपेट तेलंगाना में स्थित दक्षिण-मध्य रेलवे (SCR) का पहला पूर्णत: महिला संचालित रेलवे स्टेशन है।

भारत की पहली जंगल सफारी विस्टाडोम ट्रेन

- भारतीय रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ।
- कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा टाइगर रिजर्व तक संचालित।
- उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म बोर्ड की "वन डेस्टिनेशन, थ्री फारेस्ट" थीम के अंतर्गत।

क्रिएटर लैंड

- भारत का पहला ट्रांसमीडिया एंटरटेनमेंट सिटी।
- आंध्र प्रदेश में स्थापित किया जाएगा।
- आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा क्रिएटिव लैंड एशिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

भारत का प्रथम मॉर्गेज समर्थित पास-थ्रू सर्टिफिकेट (PTC)

- 5 मई को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध।
- RMBS डवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा संरचित।
- LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा शुरू किए गए आवास ऋणों के पूल द्वारा समर्थित।
- PTC निवेशकों को प्रतिभूतियों के बदले जारी किए गए प्रमाणपत्र हैं।
- निवेशकों के पास परिसंपत्तियों (एक ट्रस्ट द्वारा सामूहिक रूप से स्वामित्व वाली) पर आनुपातिक अधिकार होते हैं और वे रिटर्न कमाते हैं।

भारत का पहला प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड

- गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जारी।
- जुटाई गई धनराशि (150 करोड़) विशेष रूप से तृतीयक सीवेज उपचार संयंत्र (TSTP) के लिए आवंटित।
- स्वच्छ भारत मिशन शहरी ढांचे के अन्तर्गत।
- ग्रीन म्यूनिसिपल बांड स्थानीय सरकारों या नगर पालिकाओं द्वारा जारी किए गए ऋण प्रतिभूतियां हैं, जो विशेष रूप से सकारात्मक पर्यावरणीय या जलवायु लाभ वाली परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए जारी किए जाते हैं।
- **अवधि** – 5 से 30 वर्ष तक।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनियमित।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का FDI इनफ्लो

- वित्त वर्ष 2024-25 में 81.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर (प्रोविजनल) का FDI Inflow (वित्त वर्ष 2023-24 में 71.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 14% की वृद्धि)।
- वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित करने वाले क्षेत्र-
  - सर्विस सेक्टर और हार्डवेयर (19%)
  - कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर (16%
  - ट्रेडिंग (8%)।
- सर्विसेज सेक्टर में एफडीआई बीते वर्ष के 6.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 40.77% बढ़कर 9.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
- वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित करने वाले राज्य -
  - महाराष्ट्र (39%)।
  - कनार्टक (13%)।
  - दिल्ली (12%)।
- वित्त वर्ष 2024-25 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के शीर्ष स्त्रोत-
  - सिंगापुर (30%)
  - मॉरीशस (17%)
  - संयुक्त राज्य अमेरिका (11%)

भारत का पहला गोल्ड मेल्टिंग एटीएम

- गोल्डसिक्का प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हैदराबाद में अत्याधुनिक AI-सक्षम 'गोल्ड-मेल्टिंग एटीएम' लॉन्च।
- उपयोगकर्ता एटीएम से सोना खरीद और बेच सकते हैं।

गोवा राजभवन में आचार्य चरक, ऋषि सुश्रुत की मूर्तियों का उद्घाटन

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ द्वारा।
- राजभवन के वामन वृक्ष कला उद्यान (बोन्साई गार्डन) में।
- आचार्य चरक (चरक संहिता) को आयुर्वेद का जनक और ऋषि सुश्रुत (सुश्रुत संहिता) को शल्य चिकित्सा का जनक माना जाता है।

घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 मई को उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले में घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना (3×660 मेगावाट) की ईकाई-1 (660 मेगावाट) को राष्ट्र को समर्पित किया।
- यह विद्युत परियोजना नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (NUPPL) की एक प्रमुख पहल है, जिसमें एनएलसी इंडिया लिमिटेड (51 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (UPRVUNL) (49 प्रतिशत) का सहयोग है।
- विद्युत खरीद समझौता (PPA) उत्तर प्रदेश के साथ 1487.28 मेगावाट यानी उत्पादित बिजली के 75.12 प्रतिशत और असम के साथ 492.72 मेगावाट यानी उत्पादित बिजली के 24.88 प्रतिशत के लिए।
- NOx और SOx के उत्सर्जन को कम करने हेतु सेलेक्टिव कैटेलिटिक रिडक्शन (SCR) और फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) तकनीकों का उपयोग।
- जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली का प्रयोग।
- यह परियोजना परिष्कृत निगरानी उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (AAQMS) और निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (CEMS) शामिल हैं।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन।
- भारत सरकार द्वारा 'स्मारक सिक्का (300 रुपये) और डाक टिकट' जारी।
- अहिल्याबाई होल्कर 1765 में मालवा की शासक बनी।
- राजधानी को महेश्वर स्थानांतरित किया।
- 1780 में वर्तमान काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और सोमनाथ, हरिद्वार, पुष्कर और रामेश्वरम सहित पूरे भारत में मंदिरों का जीर्णोद्धार।
- ब्रिटिश इतिहासकार जॉन की ने उन्हें "दार्शनिक रानी" कहा।

17 महिला कैडेटों का पहला बैच राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) से पास आउट

- 148 वें कोर्स - स्प्रिंग टर्म 2025 के समापन पर 30 मई को 17 महिला कैडेटों का पहला बैच अकादमी से पास आउट।
- पासिंग आउट परेड (POP)- महाराष्ट्र के खडकवासला में खेत्रपाल परेड ग्राउंड में (कुल 1,341 कैडेट)।
- समीक्षा अधिकारी-मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ) वीके सिंह (सेवानिवृत)।

पंचशूल पल्स

- भारतीय सेना द्वारा उत्तराखंड के सीमावर्ती जिले पिथौरागढ़ में पहले सामुदायिक रेडियो स्टेशन (88.4 एफएम रेडिया) "पंचशूल पल्स" का प्रारम्भ।
- उद्घाटन-मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमाँडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता द्वारा।
- **टैगलाइन** - "हिल से दिल तक"
- यह पहल भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के साथ संरेखित है।

भारतीय प्रेस परिषद में सदस्यों का नामांकन

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के तीन सदस्यों को भारतीय प्रेस परिषद के लिए नामित किया है -
  - संबित पात्रा (बीजेपी)
  - नरेश म्हस्के (शिवसेना)
  - काली चरण मुंडा (कांग्रेस)
- इससे पहले, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी और बृज लाल को सदस्य नामित किया था।
- भारतीय प्रेस परिषद् प्रिंट मीडिया के लिए अर्ध-न्यायिक निकाय है।

आइजोल रेल संपर्क वाली पूर्वोत्तर की चौथी राजधानी

- मिजोरम की राजधानी आइजोल को अब राज्य में बैराबी-सैरांग लाइन के माध्यम से राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ दिया गया है।
- असम की सीमा के पास कोलासिब जिले में बैराबी अब तक मिजोरम का एक मात्र रेलवे स्टेशन रहा है।
- सैरंग आइजोल का एक उपनगर है, जो शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर है।
- इससे पहले दिसपुर (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ चुकी है।
- पूर्वोत्तर के चार अन्य राज्यों की राजधानियाँ गंगटोक (सिक्किम), इम्फाल (मणिपुर), कोहिमा (नागालैंड) और शिलांग (मेघालय) अभी भी रेल नेटवर्क से नहीं जुड़े हैं।

भारत का पहला सिल्वर नोटिस

- इंटरपोल ने वीजा धोखाधड़ी के सिलसिले में वांछित पूर्व फ्रांसीसी दूतावास अधिकारी शुभम शौकीन की वैश्विक संपत्तियों का पता लगाने के भारत के अनुरोध पर पहला सिल्वर नोटिस जारी किया है।
- सिल्वर नोटिस एक रंग-कोडित नोटिस है जिसे जनवरी 2025 में इंटरपोल द्वारा दुनिया भर में अवैध संपत्तियों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए पेश किया गया था।
- भारत सिल्वर नोटिस जारी करने के पायलट चरण में भाग लेने वाले 51 सदस्य देशों में से एक है।
- पायलट चरण के भाग के रूप में, प्रत्येक देश नौ सिल्वर नोटिस प्रकाशित करवा सकता है।
- पायलट प्रोजेक्ट के तहत इटली के अनुरोध पर पहला सिल्वर नोटिस जारी किया गया था।

- इंटरपोल नौ प्रकार के रंग-कोडित नोटिस जारी करता है, जिनमें से प्रत्येक का उद्देश्य दुनिया भर के सदस्य देशों से विशिष्ट जानकारी प्राप्त करना होता है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- **ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी** – उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा वर्चुअल उद्घाटन।
- ग्लोबल सोवेरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डोमिनियन बॉन्ड रेटिंग सर्विस (DBRS) द्वारा भारत की रेटिंग 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'बीबीबी' में अपग्रेड की गई है।
- **सुवदुगल** – तमिलनाडु सरकार के आदि द्रविड़ और जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा राज्य की आदि द्रविड़ और जनजातीय समुदायों की पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण करने के लिए प्रारंभ किया गया डिजिटल संग्रह।
- **नई दिशा** – स्कूल छोड़ने की दर को कम करने के प्रयास में, दिल्ली पुलिस ने स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के लिए 'नई दिशा – सीखने की राह' नामक सामुदायिक आउटरीच पहल शुरू की है।
- प्रमुख बंदरगाहों के इतिहास में पहली बार पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण (पीपीए) और दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण (डीपीए) ने 150 मिलियन टन कार्गो परिवहन का आंकड़ा पार किया है।
- उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (NRFMTTI), हिसार (हरियाणा) को कृषि ट्रैक्टरों के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर) परीक्षण की मंजूरी दी गई है।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा 150 अरब से अधिक आधार प्रमाणीकरण की उपलब्धि हासिल।
- मानव - वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए 10 विशेष बचाव वाहन - जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा।
- **केंद्र सरकार के आवास आवंटन में विकलांग व्यक्तियों के लिए 4% आरक्षण** – दिव्यांगजन अधिकार अधि नियम, 2016 के अनुरूप संपदा निदेशालय ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवासीय सुविधाओं तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है।
- **पहली चेरी कार्गो ट्रेन** – जम्मू रेलवे डिवीजन द्वारा 3 जून को पहली चेरी कार्गो ट्रेन जम्मू और कश्मीर से मुंबई (कटरा स्टेशन से मुंबई के बांद्रा स्टेशन) के लिए चलायी जायेगी।
- **विकास सिंह** – चौथी बार सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।
- लिवरपूल विश्वविद्यालय भारत में अपना परिसर स्थापित करने वाला दूसरा ब्रिटिश विश्वविद्यालय।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) द्वारा मैसूरु स्थित एस3वी वैस्कुलर टेक्नोलॉलीज लिमिटेड को प्रोजेक्ट ''एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक के उपचार के लिए मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी किट के एकीकृत विनिर्माण'' के लिए वित्तीय सहायता।
- भारत में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य-उत्तर प्रदेश।
- **24 घंटे में सबसे ज्यादा जीवन बीमा पॉलिसियाँ बेचने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड** – सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने 24 घंटे (20 जनवरी 2025 को) में 5.8 लाख बीमा पॉलिसियां बेचकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- **टाइम पत्रिका की 2025 की परोपकार के क्षेत्र में 100 सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची** – भारत के उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी, विप्रो के पूर्व चेयरमैन अजीम प्रेमजी और जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ शामिल।
- **अनिल कुंबले** – कर्नाटक के वन और वन्यजीव राजदूत के रूप में नामित।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) और असम राइफल्स (AR) के अधिकारी पद से नीचे के कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के अंतिम दिन एक पद ऊपर मानद पद (Honorary Rank) देने का फैसला किया है।
- दिन के समय अपनी बिजली की पूरी मांग ऊर्जा से पूरी करने वाला भारत का पहला जिला-केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव का दीव जिला।

03 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

चर्चित यात्राएँ

अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको ने भारत की राजकीय यात्रा की, जो 38 वर्षों में किसी अंगोला के राष्ट्रपति की पहली यात्रा है।
- यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई।
- **मुख्य परिणाम–**
  1. भारत और अंगोला के बीच निम्नलिखित विषयों पर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए:
     - आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग
     - कृषि सहयोग
     - सांस्कृतिक सहयोग (2025-2029)
  2. अंगोला 123वें सदस्य के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुआ।
  3. भारत ने अंगोला की रक्षा खरीद के लिए 200 मिलियन डॉलर की ऋण सहायता को मंजूरी दी।

ईरान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा

- विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है।
- उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की।
  - निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए
    1. चिकित्सा उत्पाद विनियमन
    2. सीमा शुल्क सहयोग पर द्विपक्षीय समझौते का कार्यान्वयन।

चर्चित व्यक्तित्व

एंथनी अल्बानीज

- संघीय चुनावों में लेबर पार्टी के नेता को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुना गया।
- वह लगातार दूसरी बार 3 साल का कार्यकाल जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बने।

फ्रेडरिक मर्ज



- जर्मनी के क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन के नेता, जिन्हें जर्मनी का 10वां चांसलर चुना गया।
- दूसरे दौर के मतदान में 630 सीटों में से 325 वोटों के साथ उन्हें बहुमत हासिल हुआ।

लॉरेंस वोंग

- प्रधानमंत्री वोंग के नेतृत्व में पीपुल्स एक्शन पार्टी ने सिंगापुर के 2025 के आम चुनाव में जीत हासिल की।
- 2025 का आम चुनाव प्रधानमंत्री वोंग के लिए पहली बड़ी चुनावी चुनौती थी, जिन्होंने मई 2024 में सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था।
- उन्होंने ली सीन लूंग का स्थान लिया, जिन्होंने लगभग 20 वर्षों तक पद पर रहने के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

कामिल अल-तैयब इदरीस

- सूडान के सेना प्रमुख अब्देल फत्ताह ने पूर्व संयुक्त राष्ट्र अधिकारी कामिल को अप्रैल 2023 में गृह युद्ध की शुरुआत के बाद से, देश का पहला प्रधानमंत्री नामित किया।

- सूडान में अप्रैल 2023 में गृह युद्ध तब छिड़ गया जब सूडानी सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज, सत्ता के संघर्ष में एक-दूसरे के खिलाफ हो गए।

एडी रामा

- अल्बानिया में हुए संसदीय चुनावों में एडी रामा ने प्रधानमंत्री के रूप में अभूतपूर्व चौथा कार्यकाल हासिल किया।

जीन-लुसिएन क्वासी डे टोवे

- टोगो की संसद ने सर्वसम्मति से टोवे को अपनी नई संसदीय प्रणाली के तहत देश का पहला राष्ट्रपति चुना।
- यह चुनाव मई 2024 के हुए सुधार जिसने टोगो को अर्ध-राष्ट्रपति प्रणाली से संसदीय प्रणाली में बदल दिया के बाद हुए।

डैनियल नोबोआ

- आधिकारिक तौर पर इक्वाडोर गणराज्य के 48वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

अनीता आनंद

- भारतीय मूल की कनाडाई राजनीतिज्ञ अनीता आनंद को प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा कनाडा की विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।
- वह कनाडा के शीर्ष राजनयिक के प्रतिष्ठित पद को संभालने वाली पहली हिंदू महिला बनी।

सलीम बिन ब्रिक

- राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद ने वित्त मंत्री ब्रिक को यमन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- यह निर्णय संवैधानिक सीमाओं और सुधार प्राधिकरण की कमी का हवाला देते हुए अहमद अवाद बिन मुबारक के अचानक इस्तीफे के बाद लिया गया।

परमेश्वरन अय्यर

- नीति आयोग के पूर्व सीईओ और विश्व बैंक के वर्तमान कार्यकारी निदेशक अय्यर को आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में अंतरिम प्रभार दिया गया।
- उन्होंने कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम की जगह ली, जिन्हें उनके तीन साल के कार्यकाल समाप्त होने से पहले हटा दिया गया।
- आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड आईएमएफ के दिन-प्रतिदिन के व्यवसाय के संचालन के लिए जिम्मेदार प्राथमिक निर्णय लेने वाला निकाय है, जिसमें 25 कार्यकारी निदेशक शामिल हैं।

कमला प्रसाद बिसेसर

- त्रिनिदाद और टोबैगो संसदीय चुनावों में निर्णायक जीत के बाद, वह दूसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालेंगी।
- इससे पूर्व वह 2010-2015 तक प्रधानमंत्री थीं।

हरवंश चावला

- उन्हें ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

- **उद्देश्य :** *ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना।*
- *यह संगठन नीति-निर्माण, व्यापार संवाद, और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सहयोग सुदृढ़ करता है।*
- *यह निजी क्षेत्र और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करता है।*

रॉबर्ट प्रीवोस्ट

- उन्हें वेटिकन सिटी के सिस्टिन चौपल में कार्डिनल्स के एक कॉलेज द्वारा 267वें पोप (कैथोलिक चर्च के नेता) के रूप में चुना गया।
- वह पहले अमेरिकी पोप बने।
- उन्होंने लियो XIV का नाम ग्रहण किया।
- उनके पास अमेरिका और पेरू की दोहरी नागरिकता है।

जोसेफ नाई

- एक प्रभावशाली अमेरिकी राजनीतिक वैज्ञानिक, का हाल ही में निधन।

- 2004 में उन्होंने अपनी पुस्तक 'सॉफ्ट पावर – द मीन्स टू सक्सेस इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स' में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में ''सॉफ्ट पावर'' शब्द गढ़ा।
- सॉफ्ट पावर राजनीतिक मूल्यों, संस्कृति और विदेश नीति में अपील के माध्यम से दूसरों की प्राथमिकताओं को आकार देने की क्षमता है। जबकि हार्ड पावर, सैन्य और आर्थिक ताकत पर निर्भर करता है।

जोस मुजिका

- उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति मुजिका का हाल ही में निधन।
- वे 2010 से 2015 तक उरुग्वे के राष्ट्रपति रहे।
- अपनी साधारण जीवनशैली और अपने वेतन का अधिकांश हिस्सा दान में देने के कारण उन्हें दुनिया के ''सबसे गरीब राष्ट्रपति'' के रूप में जाना जाता है।
- उन्होंने नागरिक स्वतंत्रता, समलैंगिक विवाह को वैध बनाने, प्रारंभिक गर्भावस्था में गर्भपात और उरुग्वे को मारिजुआना की बिक्री को वैध बनाने वाला पहला देश बनाने के मामले में उदार रुख अपनाया।

अनुराग भूषण

- 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी को स्वीडन साम्राज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।
- वह निवर्तमान राजदूत तन्मय लाल का स्थान लेंगे।

चर्चित स्थान

तुर्की-पाकिस्तान संबंध और भारत

- **हाल ही में पहलगाम हमले के बाद-**
  - सोशल मीडिया पर तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान के कारण भारतीय पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द की।
  - आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी रुड़की जैसे भारतीय संस्थानों ने तुर्की विश्वविद्यालयों के साथ संबंध निलंबित कर दिए।
  - व्यापार संघों ने व्यापार और वाणिज्य का बहिष्कार करने का संकल्प लिया।
  - उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने सरकार से तुर्की से आयात रोकने की अपील की।
- **तुर्की-पाकिस्तान साझा हित**
  - शीत युद्ध के दौरान, पाकिस्तान और तुर्की विभिन्न समूहों में एक साथ थे।
  - पाकिस्तान ने साइप्रस मुद्दे पर तुर्किये का समर्थन किया, 1964 और 1971 में सैन्य सहायता प्रदान की, और 1983 में यह वादा किया कि यदि उत्तरी साइप्रस स्वतंत्रता की घोषणा करता है, तो पाकिस्तान उसे सबसे पहले मान्यता देगा।
  - मुस्लिम दुनिया में सऊदी नेतृत्व का मुकाबला करने के लिए, तुर्किये और कतर ने पाकिस्तान, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे गैर-खाड़ी मुस्लिम देशों से गठजोड़ किया, जिसके परिणामस्वरूप 2019 का कुआलालंपुर शिखर सम्मेलन हुआ।
  - तुर्की सोमालिया (2017) में अपने सबसे बड़े विदेशी बेस, मालदीव को ड्रोन की बिक्री (2024), पाकिस्तान के साथ लगातार नौसैनिक अभ्यास के साथ हिंद महासागर क्षेत्र में विस्तार कर रहा है।
  - रेसेप तैयप एर्दोगन के राष्ट्रपति बनने और उनकी राजनीतिक इस्लामवादी सोच ने 2000 के बाद तुर्किये के पाकिस्तान के साथ विचारधारात्मक संबंधों को और गहरा किया। उन्होंने 2003 से अब तक कम से कम 10 बार पाकिस्तान का दौरा किया है
  - 2020 तक, तुर्की चीन के बाद पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया।
  - 1988 में स्थापित मिलिटरी कंसल्टेटिव ग्रुप ने रक्षा संबंधों को मजबूत किया, जिससे पाकिस्तान को अदा-क्लास कोरवेट, बेयराक्तर और सोंगर ड्रोन, और केमांकेस मिसाइलें प्राप्त करने में मदद मिली
  - 1947 से तुर्किये लगातार पाकिस्तान के कश्मीर दावों का समर्थन करता आ रहा है, जिसे हाल ही में पहलगाम हमले ने फिर से प्रमाणित किया है।

- **नेक्सस के प्रति भारत का रुख**
  - कश्मीर पर पाकिस्तान के लिए तुर्की के लगातार समर्थन ने भारत के साथ संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है।
  - 2023 में तुर्की में आए भूकंप के बाद भारत की मानवीय सहायता के बावजूद तुर्की ने अपना पाकिस्तान समर्थक रुख बरकरार रखा है।
  - भारत ग्रीस समर्थित साइप्रस गणराज्य का समर्थन करता है और तुर्किये व पाकिस्तान के उत्तरी साइप्रस के समर्थन का विरोध करता है; ग्रीस कश्मीर पर भारत का समर्थन करता है।
  - भारत आर्मेनिया का प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता है, जो नागोर्नो-कराबाख क्षेत्र को लेकर अजरबैजान के खिलाफ है, जिसे तुर्किये और पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है।
  - भारत का IMEC (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) तुर्की को दरकिनार करता है, जिससे एशिया-यूरोप सेतु के रूप में अंकारा की पारंपरिक भूमिका होती है।
  - पाकिस्तान अमेरिकी विदेश नीति में बढ़ती अलगाव का सामना कर रहा है, जबकि भारत एक प्रमुख इंडो-पैसिफिक साझेदार के रूप में उभर रहा है।
  - भारत के संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ गहरे संबंध।

अल्जीरिया

- आधिकारिक तौर पर न्यू डेवलपमेंट बैंक का पूर्णकालिक सदस्य (9वां) बना।

न्यू डेवलपमेंट बैंक

- *यह 2015 में ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है (2014 ब्रिक्स फोर्टालेजा शिखर सम्मेलन में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए)।*
- ***मुख्यालय:*** *शंघाई, चीन।*
- ***क्षेत्रीय कार्यालय:*** *दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील।*
- ***संस्थापक सदस्य:*** *ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स)।*
- ***नए सदस्य:*** *बांग्लादेश, यूएई, मिस्र, उरुग्वे और अल्जीरिया (2025)।*
- ***उद्देश्य:*** *बुनियादी ढांचे और सतत विकास के लिए धन जुटाना।*

स्वेज नहर

- लाल सागर में व्यापार व्यवधान के जवाब में, स्वेज नहर प्राधिकरण 15 मई, 2025 से बड़े कंटेनर जहाजों के लिए 15% पारगमन शुल्क छूट प्रदान करेगा।



- **पृष्ठभूमि**
  - 2023 में, लाल सागर में सुरक्षा संकट तब पैदा हुआ, जब ईरान द्वारा समर्थित यमन के हौथी विद्रोहियों ने गाजा संघर्ष के जवाब में इजरायल से जुड़े वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया।
  - शिपिंग लाइनों को केप ऑफ गुड होप के रास्ते मार्ग बदलना पड़ा, जिससे यात्राओं में 10-14 दिन बढ़े ईंधन का उपयोग बढ़ा और माल ढुलाई की लागत बढ़ गई।
- **स्वेज नहर का महत्व**
  - स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ने वाला 193 किलोमीटर लंबा कृत्रिम जलमार्ग है।
  - यह यूरोप और एशिया के बीच समुद्री दूरी को 7,000 किलोमीटर तक कम करता है, जिससे पारगमन समय कम हो जाता है।
  - यह वैश्विक व्यापार का 12%, विश्व तेल का 7% और दैनिक कंटेनर यातायात का 30% संभालता है।
  - भारत अपने यूरोपीय निर्यात के 80% के लिए नहर पर निर्भर करता है।



अफगानिस्तान

- चीन और पाकिस्तान ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने की घोषणा की।
- यह घोषणा चीनी, पाकिस्तानी और अफगान विदेश मंत्रियों की पहली त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई।
- चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के तहत 2015 में शुरू किए गए CPEC का उद्देश्य व्यापार और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सड़कों, रेलवे और ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से चीन के झिंजियांग को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट से जोड़ना है।

दुबई

- भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) दुबई, यूएई में अपना पहला विदेशी परिसर खोलेगा।
- यह भारतीय उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण और अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने पर एनईपी 2020 के अनुरूप है।
- आईआईएफटी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार नीति और अर्थशास्त्र में विशेष स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम प्रदान करता है।

चागोस द्वीप समूह

- यूके ने चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को हस्तांतरित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डा भी शामिल है।
- हालांकि, सैन्य अड्डा, जो हिंद महासागर में यूके-यूएस रक्षा अभियानों में केंद्रीय भूमिका निभाता है, 99 साल के पट्टे के तहत मॉरीशस से यूके को पट्टे पर दिया जाएगा।

> - *चागोस द्वीप समूह, हिंद महासागर में 60 से अधिक द्वीपों की एक सुदूर श्रृंखला है, जो 1814 से ब्रिटिश संप्रभुता के अधीन है, जब फ्रांस ने इसे सौंप दिया था।*
> - *1965 में ब्रिटेन ने मॉरीशस से इन द्वीपों को अलग कर दिया और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र का निर्माण किया।*
> - *डिएगो गार्सिया के सैन्य अड्डे ने वियतनाम युद्ध से लेकर इराक और अफगानिस्तान में संघर्षों तक अमेरिकी अभियानों का समर्थन किया है।*



इजराइल की नई गाजा योजना

- इजराइल के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा के पूरे क्षेत्र पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक नई सैन्य योजना को मंजूरी दी।
- इसका कोडनेम 'ऑपरेशन गिदोन चैरियट्स' है, जिसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:
  - इजराइली रक्षा बलों द्वारा गाजा पट्टी के भीतर के क्षेत्र पर कब्जा और नियंत्रण।
  - उत्तरी और मध्य गाजा से दक्षिण की ओर फिलिस्तीनियों का विस्थापन।
  - हमास को मानवीय सहायता में बाधा डालने से रोकने के प्रयास।

➢ हमास द्वारा पकड़े गए शेष इजराइली बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना।

मास्को

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 9 मई, 2025 को मास्को के 80वें विजय दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- पहलगाम आतंकी हमले के कारण प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी भागीदारी रद्द की।
- मास्को के रेड स्क्वायर पर, नाजी जर्मनी पर सोवियत विजय के उपलक्ष्य में वार्षिक विजय दिवस समारोह आयोजित किया जाता है।
- इस वर्ष के कार्यक्रम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग मुख्य अतिथि थे।

हो ची मिन्ह शहर

- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस पर भारत के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया।
- संयुक्त राष्ट्र ने मई 1999 में वेसाक दिवस की घोषणा की, जिसे पहली बार 2000 में न्यूयॉर्क मुख्यालय में मनाया गया।
- वेसाक भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण की याद में मनाया जाता है, जो एक प्रमुख बौद्ध उत्सव है।

याला ग्लेशियर

- नेपाल की लंगटांग घाटी में स्थित याला ग्लेशियर, नेपाल का पहला ग्लेशियर है जिसे 'मृत' घोषित किया गया है, जो 1970 के दशक से 66% सिकुड़ चुका है।
  - ➢ ग्लेशियरों को तब 'मृत' घोषित कर दिया जाता है जब वे अपने भार के कारण गति नहीं दिखाते या बहते नहीं हैं।
- तेजी से पीछे हटने और द्रव्यमान में कमी के कारण 2040 के दशक तक इसके गायब होने का अनुमान है।
- यह हिमालय का एकमात्र ग्लेशियर है जिसे ग्लोबल ग्लेशियर कैजुअल्टी लिस्ट में सूचीबद्ध किया गया है, जिसे दुनिया भर में ग्लेशियरों की स्थिति पर नजर रखना और उनकी गिरावट के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 2024 में लॉन्च किया गया।

संगठन/समिति

यूएनएससी 1267 समिति

- भारत ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्कर-ए-तैयबा की शाखा) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में प्रस्ताव रखा है।
- समिति के बारे में
  - ➢ **स्थापना:** UNSC प्रस्ताव 1267 के तहत 1999 में।
  - ➢ **उद्देश्य:** आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर संपत्ति जब्त करने, यात्रा प्रतिबंध और हथियारों पर पाबंदी के माध्यम से निगरानी और प्रतिबंध लगाता है। ।
  - ➢ **सदस्य:** UNSC के सभी 15 सदस्य।
  - ➢ **निर्णय प्रक्रिया:** निर्णयों के लिए सर्वसम्मति की आवश्यकता होती है, यदि एक भी सदस्य प्रस्ताव का विरोध करता है, तो वह प्रस्ताव पारित नहीं होता।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आयु-अनुकूल नेटवर्क

- कोझिकोड को आधिकारिक तौर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के आयु-अनुकूल शहरों और समुदायों के वैश्विक नेटवर्क (जीएनएएफसीसी) में शामिल किया गया है।
- 2010 में स्थापित, जीएनएएफसीसी, 50 से अधिक देशों में आयु-समावेशी योजना, नीति नवाचार, बुजुर्गों की भागीदारी और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध शहरों को जोड़ता है।

पाकिस्तान को आईएमएफ ऋण स्वीकृति

- आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने अपनी विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान को तत्काल 1 बिलियन डॉलर (लगभग 8,500 करोड़ रुपये) के वितरण को मंजूरी दी।
  - ➢ ईएफएफ मध्यम अवधि के भुगतान संतुलन की समस्याओं से ग्रस्त देशों के लिए एक आईएमएफ ऋण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अल्पकालिक राहत के बजाय संरचनात्मक सुधारों का समर्थन करना है।

- ➢ यह वित्तीय सहायता या अनुदान नहीं है, देशों को ब्याज सहित इन धनराशियों को वापस करना होता है।
- ❐ आईएमएफ ने पाकिस्तान की स्थिर जीडीपी, दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति, भारी ऋण निर्भरता इत्यादि कारणों से ईएफएफ सहायता के लिए विचार किया।
- ❐ **भारत की असहमति:**
  - ➢ पिछले ऋणों का दुरुपयोग, वादा किए गए सुधारों को लागू करने में विफल होना या धन का गलत आवंटन।
  - ➢ इसका अप्रत्यक्ष रूप से भारत के खिलाफ सैन्य या आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।
- ❐ भारत ने विरोध की कूटनीतिक अभिव्यक्ति के रूप में निर्णय से खुद को दूर रखा, हालांकि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड सदस्य देशों को ऐसे प्रस्तावों के खिलाफ मतदान करने की अनुमति नहीं देता है।

पहला सागरमाथा संवाद

- ❐ **आयोजन:** काठमांडू, नेपाल।
- ❐ **थीम:** जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य।
- ❐ **भारत का प्रतिनिधित्व:** भूपेंद्र यादव (केंद्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्री)
- ❐ यादव ने पर्वतीय क्षेत्रों की साझा पारिस्थितिक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई हेतु एक पांच सूत्रीय आह्वान की रूपरेखा प्रस्तुत की:
  1. उन्नत वैज्ञानिक सहयोग।
  2. जलवायु लचीलापन का निर्माण।
  3. पर्वतीय समुदायों को सशक्त बनाना।
  4. हरित वित्त उपलब्ध कराना।
  5. पर्वतीय परिप्रेक्ष्य को मान्यता देना।

शांगरी-ला डायलॉग 2025

- ❐ 22वां संस्करण।
- ❐ 30 मई से 01 जून तक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक अफेयर्स द्वारा सिंगापुर में आयोजित।
- ❐ चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व।
- ❐ शांगरी-ला डायलांग रक्षा और सुरक्षा विषय पर एशिया का प्रतिष्ठित शिखर सम्मेलन है, जो दुनिया भर से रक्षा मंत्रियों, सैन्य प्रमुखों, नीति निर्माताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों को एक मंच पर लेकर आता है।

78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा

- ❐ यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।
- ❐ हर साल WHO मुख्यालय जिनेवा, स्विटजरलैंड में आयोजित की जाती है।
- ❐ इसमें WHO के सभी 194 सदस्य देश भाग लेते हैं।
- ❐ इस वर्ष 19 से 27 मई, 2025 तक आयोजित की गई।
- ❐ **थीम:** स्वास्थ्य के लिए एक विश्व।
- ❐ WHO ने भारत को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में ट्रेकोमा के उन्मूलन का प्रमाण पत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया।
- ❐ WHO सदस्य देशों ने औपचारिक रूप से दुनिया का पहला महामारी समझौता अपनाया, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के प्रति दुनिया को अधिक सुरक्षित और समान रूप से प्रतिक्रिया देने योग्य बनाना है।

ट्रेकोमा के बारे में

- ❍ ***कारण:*** *क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस के कारण होने वाली आँख की बीमारी, जिसे WHO द्वारा उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग के रूप में वर्गीकृत किया गया है।*
- ❍ ***प्रसार:*** *व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से या संक्रमण फैलाने वाली मक्खियों के माध्यम से।*

एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ)

- ❐ जकार्ता, इंडोनेशिया में 67वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग आयोजित की गई।
- ❐ भारत ने 2025-26 के कार्यकाल के लिए एपीओ की औपचारिक रूप से अध्यक्षता संभाली।

एशियाई उत्पादकता संगठन

- ***स्थापना:*** *1961 में स्थापित, भारत इसका संस्थापक सदस्य है।*
- ***मुख्यालय:*** *टोक्यो, जापान।*
- ***वर्तमान सदस्य:*** *21 सदस्य ।*
- ***उद्देश्य:*** *सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग के माध्यम से एशिया में उत्पादकता बढ़ाना और आर्थिक विकास में तेजी लाना।*

विश्व बैंक भूमि सम्मेलन 2025

- **आयोजक:** विश्व बैंक
- **आयोजन:** वाशिंगटन डी.सी. (यूएसए)
- सम्मेलन में भारत को देश चौंपियन के रूप में मान्यता दी गई।
- भारत ने स्वामित्व योजना और ग्राम मानचित्र पोर्टल जैसी पहलों से समावेशी, प्रौद्योगिकी-संचालित ग्रामीण शासन के मॉडल के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित किया।

- ***स्वामित्व योजना***– *इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में सुरक्षित भूमि स्वामित्व, आजीविका में सुधार और ऋण तक पहुँच को सुनिश्चित करना है।*
- ***ग्राम मंच पोर्टल***– *एक भू-स्थानिक नियोजन मंच जो ग्राम पंचायतों को डेटा-संचालित, स्थानीयकृत विकास योजनाएँ तैयार करने में सक्षम बनाता है, जिससे जलवायु लचीलापन, बुनियादी ढाँचा नियोजन को बढ़ावा मिलता है।*

हिंद महासागर रिम संघ (आईओआरए) मंत्रिपरिषद की 24वीं बैठक

- **मेजबान:** श्रीलंका (आईओआरए का वर्तमान अध्यक्ष), 21 मई 2025 को वर्चुअली आयोजित की गई।
- **विषय:** भावी पीढ़ी के लिए टिकाऊ हिंद महासागर।
- भारत वर्तमान में आईओआरए का उपाध्यक्ष है और 2025-2027 के लिए आईओआरए की अध्यक्षता ग्रहण करेगा।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 58वीं बैठक

- **आयोजन :** मिलान, इटली
- केंद्रीय वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण ने भाग लिया

- ***एडीबी*** – *एक बहुपक्षीय विकास बैंक, जो एशिया और प्रशांत क्षेत्र में समावेशी, लचीले और सतत विकास का समर्थन करता है।*
- ***स्थापना:*** *1966*
- ***सदस्य:*** *69*
- ***मुख्यालय:*** *मनीला, फिलीपींस*
- ***अध्यक्ष:*** *मासातो कांडा*
- ***बोर्ड ऑफ गवर्नर:*** *सर्वोच्च नीति निर्माण निकाय, जिसमें प्रत्येक सदस्य राष्ट्र से एक प्रतिनिधि शामिल होता है*
- ***निदेशक मंडल:*** *कुल 12 निदेशक, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा चुने जाते हैं, जो बैंक के सामान्य संचालन करते हैं।*

भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता

- भारत और यूके ने लगभग तीन वर्षों की वार्ता के बाद एक मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया।
- इसका उद्देश्य 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 60 बिलियन डॉलर से दोगुना करके 120 बिलियन डॉलर करना है।
- **मुख्य बिंदु:-**
  1. 99% भारतीय निर्यात को यूके में शुल्क-मुक्त पहुँच मिलेगी।
     - श्रम (वस्त्र, चमड़ा, जूते) और प्रौद्योगिकी (इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स, जैविक रसायन) गहन क्षेत्रों को विस्तारित निर्यात अवसर प्राप्त होंगे।
     - भारतीय किसानों की सुरक्षा के लिए डेयरी, पनीर और सेब जैसी संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर कोई शुल्क कटौती नहीं की जाएगी।
  2. भारत, यूके के 90% सामानों पर शुल्क कम करेगा, जिसमें 85% 10 वर्षों में शून्य हो जाएगा।
     - व्हिस्की और जिन पर शुल्क 150% से घटकर 75% और फिर एक दशक में 40% हो जाएगा।
     - यूके की कारों पर कोटा प्रणाली के तहत् आयात शुल्क 100% से घटाकर 10% किया जाएगा।

3. डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन के तहत, कुशल भारतीय श्रमिकों और यूके में उनके नियोक्ताओं को तीन साल के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट दी जाएगी।
4. आईटी/वित्तीय/पेशेवर/व्यावसायिक/शैक्षणिक सेवाओं के व्यापार को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क (आईपीएलएन)

- क्वाड देशों - भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका - ने आईपीएलएन के शुभारंभ का अनुकरण करने के लिए हवाई में एक टेबलटॉप अभ्यास किया।
- यह पहल क्वाड साझेदारों को भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा लॉजिस्टिक क्षमताओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति नागरिक प्रतिक्रिया को क्षेत्रभर में अधिक तेजी से और प्रभावी रूप से समर्थन दिया जा सके।

रिपोर्ट/सूचकांक

मानव विकास रिपोर्ट 2025

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी
- शीर्षक - ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई।
- **वैश्विक परिदृश्य**
  - 1990 के बाद से एचडीआर प्रगति में सबसे छोटी वृद्धि देखी गई।
  - निम्न और अति उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देशों के बीच असमानता लगातार चौथे वर्ष बढ़ी है।
  - एआई तेजी से फैल रही है, और विश्व स्तर पर 5 में से 1 व्यक्ति पहले से ही एआई उपकरण का उपयोग कर रहा है।

शीर्ष देश	निचले देश
1. आइसलैंड (0.972)	193. दक्षिण सूडान (0. 388)
2. नॉर्वे (0.970)	192. सोमालिया (0.404)
2. स्विटजरलैंड (0.970)	191. मध्य अफ्रीकी गणराज्य (0.414)
4. डेनमार्क (0.962)	190. चाड (0.416)
5. जर्मनी (0.959)	188. नाइजर (0.419)

- **भारतीय परिदृश्य**

प्रमुख आंकड़े (मानव विकास सूचकांक)	2023
रैंक	130
एचडीआई मूल्य	0.685
जीवन प्रत्याशा (वर्षों में)	72.00
अपेक्षित स्कूली शिक्षा के वर्ष	12.95
औसत स्कूली शिक्षा के वर्ष	6.88
प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय ($2021 पीपीपी में)	9046.76

  - भारत मध्यम मानव विकास श्रेणी में बना हुआ है।
  - भारत के पड़ोसियों में चीन (78वें), श्रीलंका (89वें) और भूटान (125वें) भारत से ऊपर हैं, जबकि बांग्लादेश (130वें) बराबर है। नेपाल (145वें), म्यांमार (150वें) और पाकिस्तान (168वें) भारत से नीचे हैं।
  - भारतीय एआई शोधकर्ताओं में से 20% अब देश में ही हैं, जो 2019 में लगभग शून्य से उल्लेखनीय वृद्धि है।

विश्व की पहली पशु स्वास्थ्य स्थिति रिपोर्ट

- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी।
  - संक्रामक पशु रोग नए क्षेत्रों में फैल रहे हैं, जिनमें से लगभग 47% में जूनोटिक क्षमता है।
  - अनुमान है कि 2050 तक रोगाणुरोधी प्रतिरोध के कारण पशुधन की हानि होगी, जिससे 2 बिलियन लोगों की खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी और परिणामस्वरूप 100 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होगा।
  - जलवायु परिवर्तन और बढ़ता व्यापार रोग प्रसार के प्रमुख कारक माने गए हैं।
  - रिपोर्ट उपायों के रूप में सुरक्षित, प्रभावी टीकों तक समान पहुँच, बेहतर स्वच्छता, रोग निगरानी प्रणालियों में सुधार आदि की सिफारिश करती है।

विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन

- *यह पशु स्वास्थ्य पर वैश्विक प्राधिकरण है, जो दुनिया भर में पशु रोगों की निगरानी, नियंत्रण और रिपोर्टिंग के लिए समर्पित है।*
- *भारत सहित इसके 183 सदस्य देश हैं।*

ग्लोबल ईवी आउटलुक 2025

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा जारी
- 2024 में वैश्विक कार बिक्री का 25% से अधिक हिस्सा इलेक्ट्रिक था, जिनमें से लगभग आधी चीन में बिकीं।
- चीन ने दुनिया के 70% से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन किया, जिससे वह वैश्विक उत्पादन में अग्रणी बना रहा।
- भारत ने पीएम ई-ड्राइव पहल की मदद से 20% वार्षिक वृद्धि के साथ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स में वैश्विक वृद्धि का नेतृत्व किया।

खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट 2025

- खाद्य संकट के खिलाफ वैश्विक नेटवर्क और खाद्य सुरक्षा सूचना नेटवर्क द्वारा प्रकाशित।
- यह दुनिया भर में तीव्र खाद्य असुरक्षा और कुपोषण का व्यापक विश्लेषण प्रदान करता है।
- **दायरा:** 2025 की रिपोर्ट में 65 देशों को शामिल किया गया है, जिसमें 53 के लिए पूरा डेटा है। विश्लेषण में भारत को शामिल नहीं किया गया।
- **वैश्विक भूख का स्तर:** 2024 में, 53 देशों में 295 मिलियन से अधिक लोगों को तीव्र भूख का सामना करना पड़ा (2023 से 13.7 मिलियन की वृद्धि)।
  - मुख्य कारण- विश्व में जारी संघर्ष, गंभीर जलवायु घटनाएँ, आर्थिक व्यवधान और जबरन विस्थापन।

ग्लोबल मीथेन ट्रैकर 2025

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा जारी।
- मुख्य निष्कर्ष:
  - मीथेन एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जो औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक तापमान में लगभग 30% वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।
  - मीथेन उत्सर्जन के तीन मुख्य स्रोत कृषि, ऊर्जा और अपशिष्ट हैं।
  - ऊर्जा क्षेत्र (तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला और जैव ऊर्जा) मानव गतिविधि से उत्पन्न मीथेन उत्सर्जन के 35% से अधिक के लिए जिम्मेदार है (2024 में इसने 145 मिलियन टन मीथेन उत्सर्जन में योगदान दिया)।

प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2025

- पेरिस स्थित इंटरनेशनल NGO रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने जारी की।
- **भारत की रैंक** - 180 देशों में 151वीं रैंकिंग (2024-159)।
- भारत में प्रेस हिंसा, राजद्रोह कानूनों के दुरुपयोग और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सेंसरशिप मुख्य चिंताएँ हैं।
- **शीर्ष देश :** नॉर्वे (पहला), एस्टोनिया (दूसरा) एवं नीदरलैंड (तीसरा)

विश्व हृदय 2025: मोटापा और हृदय रोग रिपोर्ट

- विश्व हृदय महासंघ द्वारा प्रकाशित
  - 2022 में, 878 मिलियन वयस्क मोटापे से ग्रस्त थे, जो 1990 में 194 मिलियन से चार गुना अधिक है।
  - यदि वर्तमान वृद्धि प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक 25 वर्ष से अधिक आयु के 3 में से 2 वयस्क अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स नर्सिंग 2025 रिपोर्ट

- विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद द्वारा जारी।
  - वैश्विक नर्सिंग कार्यबल 29.8 मिलियन (2023) है, जिसके 2030 तक 36 मिलियन तक पहुँचने का अनुमान है।
  - वैश्विक नर्स-से-जनसंख्या अनुपात 37.1 प्रति 10,000 है, जिसमें यूरोप में अफ्रीका की तुलना में 5 गुना अधिक नर्स हैं।
  - भारत में प्रति 1,000 लोगों पर 1.9 नर्स हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित 3 प्रति 1,000 से कम है।

- अधिकांश नर्सें शहरी क्षेत्रों में काम करती हैं, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सेवा की कमी बनी रहती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

कोविड JN.1 वैरिएंट

- **उप-वंश:** ओमिक्रॉन बीए. 2.86 स्ट्रेन
- **JN.1 के सब-वैरिएंट:** NB.1.8.1, LF.7
- **WHO स्थिति:** वैरिएंट ऑफ इंट्रेस्ट (रुचि का वेरिएंट)।
- **प्रभावित देश:** हांगकांग, सिंगापुर, चीन, भारत आदि।
- **लक्षण:** बुखार, सूखी खांसी, स्वाद/गंध का न आना, सिरदर्द, नाक बहना, गले में खराश, थकान आदि।
- JN.1 अपने पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक संक्रामक है, क्योंकि इसमें 30 आनुवंशिक उत्परिवर्तन हैं, जो इसे मानव प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने में मदद करते हैं।

गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा परियोजना

- **घोषणाकर्ता:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प
- **परिचालन:** 2029 तक
- **विशेषताएँ:**
  - भूमि, समुद्र और अंतरिक्ष को कवर करने वाली एक महत्वाकांक्षी अगली पीढ़ी की रक्षा प्रणाली।
  - यह अंतरिक्ष आधारित सेंसर और इंटरसेप्टर से सुसज्जित है।
    - ✓ प्रणाली में पृथ्वी की कक्षा में हजारों छोटे उपग्रह शामिल होंगे।
    - ✓ ये उपग्रह दुश्मन की मिसाइलों का पता लगाएँगे और उन्हें इंटरसेप्ट करेंगे।
- इस प्रकार, दुनिया में कहीं से भी मिसाइलों को बेअसर करने के लिए एक बहुस्तरीय ढाल का निर्माण होगा।

आयरन डोम एक छोटी दूरी की, जमीन आधारित हवाई रक्षा प्रणाली है जो उपग्रहों पर निर्भर हुए बिना, दुश्मन के लक्ष्यों पर नजर रखने और उन्हें रोकने के लिए रडार का उपयोग करती है।

हॉकआई 360 प्रौद्योगिकी

- अमेरिका ने भारत को हॉकआई 360 प्रौद्योगिकी की बिक्री को मंजूरी दी।
- यह रेडियो आवृत्ति संकेतों का पता लगाने, भौगोलिक स्थिति निर्धारित करने और उनका विश्लेषण करने के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में 3 उपग्रहों का एक समूह संचालित करता है।

इग्ला-एस

- भारत को हाल ही में रूस से मिसाइलों की एक नई खेप प्राप्त हुई।
- यह रूस द्वारा विकसित एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPADS) है।
- यह एक हस्त-संचालित रक्षा प्रणाली है जिसे किसी व्यक्ति या चालक दल द्वारा संचालित किया जा सकता है।
- अधिकतम रेंज – 6 किमी.
- इसे कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह क्रूज मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों की पहचान कर उन्हें बेअसर कर सकता है।

क्षुद्रग्रह 2024 YR4

- नासा द्वारा पहचाने गए एक क्षुद्रग्रह के 22 दिसंबर, 2032 को चंद्रमा से टकराने की 3.8% संभावना है।
- क्षुद्रग्रह 2024 YR4 की खोज दिसंबर 2024 में चिली स्थित एटलस टेलीस्कोप द्वारा की गई थी।

17वीं लंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री एवं अंतरिक्ष प्रदर्शनी (एलआईएमए 2025)

- 1991 में स्थापित।
- मलेशिया के लैंगकावी में द्विवार्षिक रूप से आयोजित।
- महत्व- एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ी समुद्री और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शनी।

युद्धाभ्यास

आईएमडीईएक्स एशिया 2025

- आईएनएस किल्टान (पी30) ने सिंगापुर के चांगी प्रदर्शनी केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री रक्षा प्रदर्शनी (आईएमडीईएक्स) एशिया 2025 में भाग लिया ।

- 1997 से सिंगापुर में हर दो साल में आयोजित होने वाला आईएमडीईएक्स एशिया, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख समुद्री और रक्षा प्रदर्शनी है।

> *आईएनएस किल्टान एक स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धक स्टील्थ कार्वेट है तथा प्रोजेक्ट 28 के तहत चार कामोर्टा श्रेणी के जहाजों में से तीसरा है।*

मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास

- इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय नौसेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है।
- अभ्यास में भाग लेने के लिए आईएनएस शारदा मालदीव के माफिलाफुशी एटोल पहुंचा।

17वां नोमैडिक एलीफेंट

- भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 31 मई से 13 जून 2025 तक मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित किया जाएगा।

पुरस्कार

78वाँ कान्स फिल्म महोत्सव

- **तिथियाँ:** 13-24 मई, 2025
- **स्थान:** ग्रैंड थिएटर लुमियर, कान, फ्रांस
- **मानद पाल्मे डी'ओर प्राप्तकर्ता:** रॉबर्ट डी नीरो
- **अध्यक्ष:** जूलियट बिनोचे (फ्रांस)
- पायल कपाड़िया निर्णायक मंडल में शामिल थीं।

पाल्मे डी'ओर	अन सिंपल एक्सीडेंट (इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट)
ग्रैंड प्रिक्स	एफेक्सजोन्सवर्डी (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता	वैगनर मौरा
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री	नादिया मेलिटि
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	क्लेबर मेंडोंका फिल्हो
पाल्मे डी'ओर - लघु फिल्म	आई एम ग्लैड यू आर डेड नाउ
कैमरा डी'ओर	द प्रेसीडेंट्स केक

मौलिक भौतिकी में 2025 का ब्रेकथ्रू पुरस्कार

- सर्न के लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) में कार्यरत चार प्रायोगिक सहयोगों - एटलस, सीएमएस, एलिस और एलएचसीबी - को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।
- इस पुरस्कार को अक्सर 'विज्ञान का ऑस्कर' कहा जाता है।

वर्ल्ड फूड प्राइज 2025

- ब्राजील की माइक्रोबायोलॉजिस्ट मारियांगेला हुनग्रिया को सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान उन्हें जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण पर उनके क्रांतिकारी शोध के लिए दिया गया।

मेडल ऑफ ऑनर

- **पुरस्कार विजेता** - भुवन रिभु (प्रथम भारतीय वकील)
- विश्व विधि कांग्रेस 2025 में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन द्वारा सम्मानित।

51वें अमेरिकी संगीत पुरस्कार समारोह

- रैपर राजा कुमारी अमेरिकी संगीत पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय मूल की संगीतकार बनीं।
- आर्केन लीग ऑफ लीजेंड्स: सीजन 2 से उनके सहयोगी ट्रैक रेनेगेड (वी नेवर रन) के लिए पुरस्कार मिला, जिसे पसंदीदा साउंडट्रैक श्रेणी में नामांकित किया गया।
- **आयोजन** - लॉस एंजिल्स, अमेरिका।

ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड

- **पुरस्कार विजेता**- सद्गुरु जग्गी वासुदेव।
- कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा सम्मानित।

2025 ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड

- **पुरस्कार विजेता:** कुमार मंगलम बिड़ला।
- यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) द्वारा सम्मानित।
- आयोजन : वाशिंगटन डी.सी. में USISPF लीडरशिप समिट 2025।

डैग हैमरशॉल्ड पदक

- दो भारतीय शांति सैनिकों को मरणोपरांत डैग हैमरशॉल्ड पदक -

- ➢ ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा
- ➢ हवलदार संजय सिंह।

- ❒ मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड 2024-स्क्वाड्रन लीडर शेरोन म्विनसोटे सिमे (घाना)।
- ❒ यूएन वुमन पुलिस ऑफिसर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024-जैनब गब्ला (सिएरा लियोन)।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत ने न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र वन फोरम के 20वें सत्र में भाग लिया।
- अमेरिका और यूक्रेन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत अमेरिका को यूक्रेन के महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा संसाधनों तक बेहतर पहुंच प्रदान की जाएगी
- बेसल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम सम्मेलनों के पक्षकारों का सम्मेलन जिनेवा, स्विटजरलैंड में संपन्न हुआ।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पापुआ न्यू गिनी में जंगली पोलियो वायरस के प्रकोप की आधिकारिक घोषणा की।
- भूटान दुनिया का पहला ऐसा संप्रभु राष्ट्र बन गया है, जिसने राष्ट्रीय पर्यटन नीति में आधिकारिक रूप से क्रिप्टो भुगतान को एकीकृत किया।
- चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में स्थित 'सैंडी के रीफ' के स्वामित्व को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ।
- नेपाल के भृकुटि मंडप में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन हुआ।
- कोलंबिया ने औपचारिक रूप से चीन की बेल्ट एंड रोड अवसंरचना पहल में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर 46 वर्ष पुराने अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की।
- फिलीपींस ट्रेंच में एम्डेन डीप (गैलाथिया डीप), चैलेंजर डीप (मारियाना ट्रेंच) और होराइजन डीप (टोंगा ट्रेंच) के बाद दुनिया का तीसरा सबसे गहरा बिंदु है।
- अर्जेंटीना में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल - लॉस ग्लेशियर्स नेशनल पार्क में स्थित 'व्हाइट जायंट' कहे जाने वाले पेरिटो मोरेनो ग्लेशियर को बर्फ पिघलने का खतरा है।
- चीनी वैज्ञानिकों ने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर नियालिया तियांगोंगेंसिस नामक बैक्टीरिया की एक नई प्रजाति की खोज की है।
- विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन का छठा संस्करण, दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोजन समर्पित कार्यक्रम, नीदरलैंड के रोटरडैम में आयोजित किया गया।
- इक्वाडोर के अमेजन में खोजी गई नई प्रजाति, उत्तरी ग्रीन एनाकोंडा, को अब दुनिया के सबसे बड़े सांप के रूप में मान्यता दी गई है।
- संयुक्त अरब अमीरात ने ब्लू वीजा शुरू किया, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में योगदान के लिए मान्यता प्राप्त व्यक्तियों के लिए 10 साल का निवास परमिट प्रदान करता है।
- डेनमार्क ने कासो में विश्व का पहला व्यावसायिक स्तर का ई-मेथनॉल संयंत्र प्रारंभ किया है।
- भारत ने कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित RIMES (क्षेत्रीय एकीकृत बहु-खतरा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली) के चौथे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में श्रीलंका के साथ सह-अध्यक्ष के रूप में भाग लिया।
- विनिर्माण और सेवा गतिविधि में विकासशील और उभरते देशों के बीच यूएस आधारित जेपी मॉर्गन के क्रय प्रबंधक सूचकांक में भारत शीर्ष पर रहा।
- इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (शिकागो, यूएसए) मुंबई में स्वतंत्र परिसर स्थापित करने के लिए यूजीसी से अनुमोदन प्राप्त करने वाला पहला अमेरिकी विश्वविद्यालय बना।
- भारतीय निर्माताओं से सीधे दवाइयाँ और चिकित्सा आपूर्तियाँ खरीदने के लिए, फिजी ने भारत के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- निकारागुआ सरकार ने विरोध के बावजूद ला प्रेंसा (निकारागुआ का स्थानीय अखबार) को दिए गए यूनेस्को/गिलर्मो कैनो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार के विरोध में यूनेस्को से अपना नाम वापस लिया।
- चीन ने पृथ्वी के निकट स्थित क्षुद्रग्रह (469219 कामोओलेवा) से नमूने एकत्र करने के लिए तियानवेन-2 मिशन प्रक्षेपित किया है।

- मिस्र की तटीय झील मंजाला में ड्रेजिंग के कारण पर्यावरणीय परिवर्तन हुए, जिससे इसकी लवणता और पोषक तत्वों के स्तर में परिवर्तन हुआ तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।
- सऊदी अरब ने पर्यटन, प्रौद्योगिकी, निवेश और स्थिरता के क्षेत्र में अग्रणी लोगों को जोड़कर पर्यटन को बदलने के लिए एक वैश्विक मंच, टूराइज (TOURISE) का शुभारंभ किया।
- फ्रांस की नेशनल असेंबली ने एक विधेयक पारित किया है, जो 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वयस्कों को असिस्टेड डाइंग (सहायता प्राप्त मृत्यु) चुनने की अनुमति देता है, जो लाइलाज बीमारियों से लगातार और असहनीय पीड़ा झेल रहे हैं।
- आसियान ने चीन और खाड़ी सहयोग परिषद के 6 सदस्यों के साथ अपना पहला शिखर सम्मेलन मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया।
- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित किया, जो केवल गैर-अमेरिकी नागरिकों (ग्रीन कार्ड धारकों और वीजा धारकों) के लिए प्रेषण हस्तांतरण पर 3.5% एक्साइज टैक्स लगाता है, जबकि अमेरिकी नागरिकों को इससे छूट दी गई है।
- होंडुरास सरकार ने औपचारिक रूप से नई दिल्ली में अपना दूतावास खोला।
- नेपाली पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने अभूतपूर्व 31वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की।
- कशिश चौधरी बलूचिस्तान में सहायक आयुक्त के पद पर नियुक्त होने वाली पहली हिंदू महिला बनीं।
- भारतीय और अमेरिकी शोधकर्ताओं ने हाल ही में युवावस्था में परिपक्वता-शुरुआत मधुमेह (MODY) के एक नए उपप्रकार की खोज की है, जो मधुमेह का एक दुर्लभ, वंशानुगत रूप है।
- IMF के हालिया अनुमानों के अनुसार, सूडान का ऋण-से-जीडीपी अनुपात दुनिया में सबसे अधिक 252% है, उसके बाद जापान का स्थान है। भारत 80% के ऋण-से-जीडीपी अनुपात के साथ 31वें स्थान पर है।

❖❖❖

04 विज्ञान और प्रौद्योगिकी

भारत फोरकास्टिंग सिस्टम (BFS)

- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 26 मई को विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में दुनिया की पहली स्वदेशी रूप से विकसित उच्च-रिज़ॉल्यूशन मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों में से एक-भारत फोरकास्टिंग सिस्टम (BFS) को राष्ट्र को समर्पित किया।
- भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (IITM), पुणे द्वारा विकसित।
- यह सिस्टम 2022 में प्रायोगिक तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और अब यह ऑपरेशन के लिए तैयार है।
- यह सिस्टम मानसून ट्रैकिंग, विमानन, चक्रवात और आपदा प्रबंधन, कृषि, जलमार्ग, रक्षा, बाढ़ पूर्वानुमान को बढ़ावा देगा और प्रमुख मंत्रालयों को भी सहायता प्रदान करेगा।
- यह अत्याधुनिक प्रणाली भारत के मौसम पूर्वानुमान रिजॉल्यूशन को 12 किमी से बढ़ाकर 6 किमी कर देती है, जिससे भारत के हर गाँव (पंचायत स्तर पर) को अधिक सटीक और स्थान-विशिष्ट पूर्वानुमान प्राप्त करने में मदद मिलती है।
- यह प्रणाली चरम मौसम पूर्वानुमानों में सुधार करके फसल हानि और विसंगतियों को कम करने में मदद करेगी और 'त्रिकोणीय घन अष्टफलकीय ग्रिड मॉडल' पर आधारित रियल टाइम मॉडलिंग का उपयोग करके चरम वर्षा के पूर्वानुमानों में 30% सुधार और कोर जोन में 64% वृद्धि होगी।

जीनोम इंडिया परियोजना

- केंद्र सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित 'जीनोम इंडिया' ने देश भर में सभी प्रमुख जनसंख्या समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10,000 से अधिक व्यक्तियों का संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण (WGS) डेटाबेस पूरा कर लिया है।
- इस डेटा को भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBCD),फरीदाबाद में संग्रहीत किया गया है। IBCD (मार्च 2020 में स्थापित) भारत का पहला राष्ट्रीय जीवन विज्ञान डेटा संग्रह है, जिसका काम सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान डेटा को संग्रहित करना है।
- जीनोम इंडिया परियोजना वर्ष 2020 में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT), भारत सरकार द्वारा भारत की आनुवंशिक विविधता का मानचित्रण करने के लिए 20 संस्थानों के सहयोग से प्रारंभ।
- 9 जनवरी 2025 को 'जीनोमिक्स डेटा कॉन्क्लेव' के दौरान, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'जीनोम इंडिया डेटा' शोधकर्ताओं को समर्पित किया गया।
- जीनोम इंडिया डेटा कॉन्क्लेव में डेटा एक्सचेंज के लिए फ्रेमवर्क (FeED) और IBCD पोर्टल भी लॉन्च किए गए।

जीनोम

- *किसी व्यक्ति या प्रजाति में मौजूद आनुवंशिक सामग्री यानी डीएनए/आरएनए (अधिकांश जीवों में डीएनए) का संपूर्ण समूह।*
- *किसी जीव के जीनोम के सम्पूर्ण आनुवंशिक पदार्थ अनुक्रम का निर्धारण करने की प्रक्रिया को जीनोम अनुक्रमण कहा जाता है।*

अंतरिक्ष प्रयोगशालाएँ

- जनजातीय कार्य मंत्रालय और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा इसरो के तकनीकी मार्गदर्शन में।
- देश के 19 राज्यों के 75 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) पहल के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये की सहायता से स्थापित।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरिक्ष ट्यूटर एजेंसियों द्वारा तकनीकी रूप से समर्थन।

- जनजातीय मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए EMRS की स्थापना की गई है।
- EMRS उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के अलावा उनके पोषण और समग्र स्वास्थ्य और विकास का भी ध्यान रखता है।
- वर्तमान में देश भर में 470 ईएमआरएस कार्यरत हैं।

INSV कौंडिन्य

- भारतीय नौसेना ने 21 मई को करवार स्थित नौसेना बेस में आयोजित एक औपचारिक समारोह में प्राचीन सिले हुए जहाज (Ancient Stitched Ship) को बेड़े में शामिल किया और औपचारिक रूप से आईएनएसवी कौंडिन्य नाम दिया।
- कौंडिन्य एक महान भारतीय नाविक थे, जिन्होंने हिंद महासागर को पार करके दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा की थी। उन्हीं के नाम पर जहाज का नाम रखा गया।
- आईएनएसवी कौंडिन्य एक सिला हुआ पाल वाला जहाज है, तो अजंता की गुफाओं की पेंटिंग में दर्शाए गए 5वीं शताब्दी के जहाज पर आधारित है।
- इस परियोजना की शुरूआत संस्कृति मंत्रालय, भारतीय नौसेना और होदी इनोवेशन के बीच जुलाई 2023 में हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से की गई थी, जिसके लिए संस्कृति मंत्रालय ने वित्त पोषण किया था।
- इस जहाज का निर्माण केरल के कुशल कारीगरों की एक टीम (नेतृत्व-मास्टर शिपराइट श्री बाबू शंकरन) ने सिलाई की पारंपरिक विधि का उपयोग करके किया था।
- कॉयर रस्सी, नारियल फाइबर और प्राकृतिक राल का उपयोग।
- फरवरी 2025 में गोवा में लॉन्च।
- डिजाइन को समुद्री इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास में हाइड्रोडायनमिक मॉडल परीक्षण और आंतरिक तकनीकी मूल्यांकन के माध्यम से मान्य किया गया था।
- पालों पर गंडभेरुंड और सूर्य की आकृतियाँ, धनुष पर एक गढ़ा हुआ सिंह यली और एक प्रतीकात्मक हड़प्पा शैली के पत्थर का लंगर।
- यह जहाज वर्ष 2025 के अंत में गुजरात से ओमान तक प्राचीन व्यापार मार्ग के साथ एक पार-महासागरीय यात्रा पर निकलेगा।

आईएनएस अर्नाला

- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा स्वदेशी (80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री) रूप से डिजाइन और निर्मित आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) में से पहला पोत 'अर्नाला' 08 मई 25 को एल एंड टी शिपयार्ड, कट्टुपल्ली में भारतीय नौसेना को सौंपा गया।
- जीआरएसई द्वारा लार्सन एंड टुब्रो शिपयार्ड के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के तहत भारतीय शिपिंग रजिस्टर (IRS) के वर्गीकरण नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित।
- अर्नाला का नाम महाराष्ट्र के वसई में स्थित ऐतिहासिक किले 'अर्नाला' पर रखा गया है।
- 77 मीटर लंबा यह युद्धपोत, डीजल इंजन-वॉटरजेट संयोजन द्वारा संचालित भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत है।
- जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (LIMO) के लिए तैयार किया गया है।
- यह जहाज तटीय जल में एंटी-सबमरीन वारफेयर संचालन में सक्षम है, साथ ही यह माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है।

आईएनएस तमाल

- भारत को रूस द्वारा क्रिवाक-III श्रेणी के सौदे के तहत निर्मित दूसरा उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तमाल प्राप्त होने वाला है।
- **वजन** – 3,900 टन
- यह आईएनएस तुषिल का सहयोगी जहाज है, जिसे दिसंबर 2024 में कमीशन किया गया।
- भारत-रूस रक्षा सहयोग के तहत संयुक्त परियोजना के अंतर्गत यंतर शिपयार्ड, कलिनिनग्राद, रूस में निर्मित।
- चार फ्रिगेट अनुबंध का हिस्सा – 2 रूस में निर्मित, 2 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ गोवा शिपयार्ड में निर्माणाधीन।

- स्टील्थ प्रौद्योगिकी, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, शिटल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, पनडुब्बी रोधी टारपीडो और रॉकेट हथियार प्रणालियों से लैस (गति-30 नॉट से अधिक)।
- पनडुब्बी रोधी युद्ध और हवाई पूर्व चेतावनी के लिए कामोव-28 और कामोव-31 हेलीकॉप्टर संचालन में सक्षम।

सबल (यार्ड 340)

- छठे 25T बोलार्ड पुल टग का 27 मई को टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड (TRSL), कोलकाता में शुभारंभ।
- टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL) कोलकाता द्वारा छह 25टी बीपी टग के निर्माण के अनुबंध के अंतर्गत निर्मित।
- स्वदेशी रूप से डिजाइन और भारतीय नौवहन रजिस्टर (IRS) के प्रासंगिक नौसेना नियमों और विनियमन के अनुसार निर्मित।
- **उपयोग**
  - भारतीय नौसेना द्वारा सीमित जल में जहाज से लागों को चढ़ाने-उतारने और युद्धाभ्यास के दौरान नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों की सहायता के लिए।
  - सीमित खोज और बचाव अभियान चलाने की क्षमता के साथ यह टग जहाजों को किनारे लगाने और लंगर में आग बुझाने में भी सहायता प्रदान करेंगे।
- **अन्य 25T बोलार्ड पुल टग**
  - महाबली
  - बाहुबली
  - अश्व
  - युवान
  - ओजस

एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA)

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट AMCA के डिजाइन और उत्पादन के लिए निष्पादन (Execution) मॉडल को मंजूरी दी है।
- **विकास** – रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) द्वारा सार्वजनिक तथा निजी भारतीय उद्योग भागीदारों के साथ।
- लगभग 25 टन वजनी AMCA एक दो इंजन वाला मीडियम वेट मल्टीरोल फाइटर जेट है।
- सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने मार्च 2024 में AMCA कार्यक्रम को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।
- **अनुमानित लागत** – 15000 करोड़ रुपये।

ई-हंसा

- भारत ने अगली पीढ़ी के दो-सीटों वाले इलेक्ट्रिक ट्रेनर विमान, इलेक्ट्रिक हंसा (ई-हंसा) को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- विकास-वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) की बेंगलुरु स्थित National Aerospace Laboratories (NAL) द्वारा स्वदेशी रूप से।
- **संभावित लागत** – लगभग 2 करोड़ रुपये।
- ई-हंसा, हंसा-3 (एनजी) प्रशिक्षण विमान कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे भारत में पायलट प्रशिक्षण के लिए सस्ते और स्वदेशी विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है।

क्लाउड-सीडिंग परीक्षण

- दिल्ली सरकार द्वारा वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 5 क्लाउड-सीडिंग परीक्षणों को मंजूरी।
- **कुल लागत** – तीन करोड़ 21 लाख रुपये।
- पहला परीक्षण मई और जून के बीच।
- मुख्य रूप से दिल्ली के बाहरी इलाकों में लगभग 100 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में।
- क्लाउड सीडिंग एक वैज्ञानिक मौसम संशोधन तकनीक है जिसमें नमी वाले बादलों में सिल्वर आयोडाइड जैसे एजेंट फैलाए जाते हैं जिससे वर्षा होती है।
- **क्रियान्वयन** – इस परियोजना को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर।

भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमला करने के लिए उपयोग किए गये प्रमुख हथियार

- **SCALP क्रूज मिसाइल (स्ट्रॉमशैडो)**–
  - एक लंबी दूरी की, हवा से प्रक्षेपित की जाने वाली क्रूज मिसाइल।
  - **उपयोग** – दुश्मन के क्षेत्र में स्थित किलेबंद ठिकानों और महत्त्वपूर्ण पूर्ण बुनियादी ढाँचे जैसे उच्च-मूल्य वाले स्थिर लक्ष्यों पर गहराई तक सटीक हमले करने के लिये।

- यूरोपीय रक्षा फर्म MBDA द्वारा विकसित।
- सामान्यत: राफेल जैसे उन्नत लड़ाकू जेट से लॉन्च।

❒ **हैमर प्रिसिजन-गाइडेड बम-**

- हैमर - Highly Agile Modular Munition Extended Range।
- एक प्रिसिजन - गाइडेड बम प्रणाली।
- उपयोग - मध्यम दूरी पर स्थित लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिये (गतिशील या मोबाइल आतंकी ठिकाने)।
- फ्राँसीसी रक्षा कंपनी सफ्रान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस द्वारा विकसित।

❒ **लोइटरिंग म्यूनिशन (कामिकेज ड्रोन)-**

- उपयोग - निगरानी और लक्ष्य पर निशाना साधने के लिये।
- सटीक हमला करने से पहले दुश्मन के इलाके में गश्त करते हैं।
- ये रीयल-टाइम खुफिया जानकारी प्रदान करते हैं और लंबी अवधि तक मिशन पर सक्रिय रह सकते हैं।
- इनमें लक्ष्य को कब और कैसे साधना है, इस बारे में स्वायत्त निर्णय लेने की क्षमता होती है।

❒ **HAROP ड्रोन**

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रयोग।
- उन्नत लड़ाकू विमान (आत्मघाती/कामिकेज ड्रोन)।
- इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) द्वारा विकसित।
- यह मिसाइल और यूएवी दोनों के कार्यों को एक साथ करता है - यह एक क्षेत्र के ऊपर चक्कर लगाता है, एक लक्ष्य का चयन करता है, और एक विस्फोटक पेलोड के साथ उस पर हमला करता है।
- इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल (ईओ) सेंसर-रियल टाइम में टारगेट की पहचान के लिए।
- 9 घंटे तक की उड़ान क्षमता।
- ट्रक पर लगे कनस्तरों , नौसैनिक जहाजों या स्थिर जमीनी प्लेटफार्मों से प्रक्षेपित किया जा सकता है।
- जीपीएस जैमिंग से प्रतिरक्षित।
- फायर-एंड-फॉरगेट प्रोफाइल के साथ स्वायत्त और मैनुअल हमला करने की क्षमता।

❒ **आकाशतीर**

- एक एआई-संचालित, पूर्णतया स्वचालित वायु रक्षा समाधान।
- ड्रोन, मिसाइलों, माइक्रो यूएवी और लॉइटरिंग म्युनिशन को रोकने और बेअसर करने के लिए डिजाइन।
- **विकास** - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा स्वदेशी रूप से।
- आकाशतीर कई स्त्रोतों से डेटा एकत्र कर संसाधित करता है और स्वचालित, रियल टाइम में हमला करने का निर्णय लेने में सक्षम है।
- आकाशतीर व्यापक C4SIR (कमान, नियंत्रण, संचार, कंप्यूटर, बुद्धिमत्ता, सर्विलांस और टोही) प्रणाली का हिस्सा है, जो अन्य प्रणालियों के साथ समन्वय रखते हुए काम करता है।
- वाहन-आधारित होने से यह प्रणाली गतिमान रहती है और युद्ध के समय में इसे सुगमता से संचालित किया जा सकता है।

भारत की वायु रक्षा प्रणाली (ADS)

❒ भारत के एडीएस में एक एकीकृत काउंटर यूएएस (मानवरहित हवाई प्रणाली) ग्रिड और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियाँ शामिल है।

1. एस-400 ट्रायम्फ

- रूस से प्राप्त।
- भारत में इसे सुदर्शन चक्र भी कहा जाता है।
- विश्व के सबसे उन्नत लंबी दूरी के एसएएम में से एक।
- सम्पूर्ण 360 डिग्री रडार और मिसाइल कवरेज प्रदान करता है।
- एक साथ कई लक्ष्यों को ट्रैक और संलग्न कर सकता है।
- **रेंज और क्षमता।**
  - ✓ **ट्रैकिंग:** 600 किमी तक
  - ✓ **इंगेजमेंट:** 400 किमी तक

- ✓ **ऊंचाई कवरेज:** 30 मीटर से 30 किमी तक (कम ऊंचाई वाले ड्रोन से लेकर उच्च ऊंचाई वाले विमानों और मिसाइलों के खिलाफ प्रभावी)।

2. बराक 8

- ➢ भारत और इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित।
- ➢ मध्यम से लंबी दूरी (MRSAM/LR SAM)।
- ➢ **गति** – मैक 2।
- ➢ हवा में एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम।
- ➢ 100 किमी तक की रेंज। इस प्रणाली के समुद्री और भूमि-आधारित दोनों प्रकार मौजूद हैं।

3. आकाश हथियार प्रणाली

- ➢ स्वदेशी रूप से निर्मित।
- ➢ **विकास** – रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)।
- ➢ लघु दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल।
- ➢ बिल्ट इन इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेजर (ECCM)।
- ➢ समूह मोड या स्वायत्त मोड में एक साथ कई लक्ष्यों को शामिल कर सकता है।
- ➢ मोबाइल प्लेटफॉर्म पर कॉन्फिगर।
- ➢ **रेंज और क्षमता**
  - ✓ **रेंज:** 4.5 किमी से 25 किमी।
  - ✓ संचालन की ऊँचाई: 100 मीटर से 20 किमी तक।
  - ✓ सक्रिय और निष्क्रिय जैमिंग के विरुद्ध उच्च प्रतिरक्षा।
  - ✓ पता लगाने से लेकर हमला करने तक त्वरित प्रतिक्रिया समय के साथ पूर्णत: स्वचालित।
  - ✓ **मार्गदर्शन प्रणाली:** कमांड मार्गदर्शन प्रणाली।

गगनयान मिशन

- ❑ भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' को वर्ष 2027 की पहली तिमाही में लॉन्च किया जाएगा।
- ❑ दूसरा परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी2) 2025 के अंत में निर्धारित।
- ❑ दूसरे परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी2) के बाद गगनयान की मानव रहित कक्षीय उड़ानें होंगी।
- ❑ गाइनोइड (महिला रोबोट) व्योममित्र गगनयान का पहला मानव रहित मिशन शुरू करेगी।
- ❑ **उद्देश्य** – 3 सदस्यों के चालक दल को 3 दिन के मिशन के लिए 400 किमी (पृथ्वी की निचली कक्षा) की कक्षा में भेजकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करना तथा भारतीय समुद्री जल में उतारकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना।
- ❑ प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम-3) का उपयोग।

भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत छठी सेमीकंडक्टर इकाई

- ❑ उत्तर प्रदेश में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) में जेवर हवाई अड्डे के पास स्थापित।
- ❑ एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम।
- ❑ मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण।
- ❑ इस प्लांट को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से डिजाइन किया गया है।
- ❑ इसकी उत्पादन क्षमता 36 मिलियन यूनिट प्रतिमाह है।

याक जीनोमिक्स

- ❑ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के चार संस्थानों के वैज्ञानिकों ने भारतीय याक (बोस ग्रुन्निएन्स) के गुणसूत्र-स्तरीय जीनोम को पहली बार सफलतापूर्वक संकलित किया है।
- ❑ भारतीय याक, जिसे अक्सर हिमालय का जहाज" कहा जाता है, उच्च ऊंचाई वाले पशुपालक समुदायों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- ❑ याक मांस, दूध, फाइबर, गोबर ईंधन और सामान परिवहन का स्रोत हैं।
- ❑ भारतीय याक (बोस ग्रुन्निएन्स) 7,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर पाए जाते हैं -लद्दाख, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर में।
- ❑ आईसीएआर-राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र की स्थापना 1989 में दिरांग, अरुणाचल प्रदेश में की गई थी।

ग्रीन जिप्सम

- कोरोमंडल केमिकल्स और सकरनी प्लास्टर के मध्य ग्रीन जिप्सम बनाने के लिए समझौता।
- विजाग (आंध्र प्रदेश) संयंत्र में उत्पादन।
- फॉस्फो जिप्सम पर आधारित हरित निर्माण सामग्री का विनिर्माण और विपणन।
- प्राकृतिक जिप्सम के विपरीत, फॉस्फो जिप्सम खनन से बचता है और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का समर्थन करता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है और चक्रीय अर्थव्यवस्था के अपशिष्ट से धन (West to Wealth) के उद्देश्यों में योगदान मिलता है।

पॉलिमर झिल्ली

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की कानपुर स्थित प्रयोगशाला, रक्षा सामग्री भंडार और अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (DMSRDE) द्वारा स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमेरिक झिल्ली का विकास।
- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के जहाजों में विलवणीकरण संयंत्र के लिए।

भारत-यूरोपीय संघ की अनुसंधान और नवाचार पहल

- भारत-यूरोपीय संघ द्वारा समुद्री प्लास्टिक कूड़े और अपिशष्ट से हाइड्रोजन के लिए अभिनव अनुसंधान समाधान खोजने के लिए दो प्रमुख अनुसंधान और नवाचार पहल प्रारंभ।
- भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत-ईयू व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद् (टीटीसी) के तहत।
- टीटीसी की स्थापना 2022 मे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने व्यापार और प्रौद्योगिकी पर द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के लिए की थी।
- **समुद्री जीवों और पारिस्थितिकी तंत्रो पर समुद्री प्रदूषण के संचयी प्रभावो की पहल–**
  - **प्रारंभ** – 6 मई 2025
  - **कुल बजट** – भारत (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) 90 करोड़ रुपये और यूरोपीय संघ 12 मिलियन यूरो।
  - **उद्देश्य** – समुद्री प्रदूषण, इसके संचयी प्रभावों और जलवायु परिवर्तन से निपटना।
- **बायोजेनिक कचरे से हाइड्रोजन की पहल–**
  - **प्रारंभ** – 15 मई 2025।
  - **कुल बजट** – भारत (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) 90 करोड़ रुपये और यूरोपीय संघ 10 मिलियन यूरो।
  - **उद्देश्य** – टिकाऊ नवीकरणीय हाइड्रोजन के लिए संयुक्त नवाचार।
  - **लक्ष्य** – उच्च कार्बन से हाइड्रोजन उपज, कम जीएचजी उत्सर्जन (या नकारात्मक पदचिह्न), कम लागत और न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव।

भार्गवास्त्र

- ओडिशा के गोपालपुर सीवर्ड फायरिंग रेंज में हार्ड किल काउंटर स्वार्म ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का सफल परीक्षण।
- भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित एक कम लागत वाली माइक्रो-मिसाइल प्रणाली, जिसे स्वार्म ड्रोन खतरों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।
- सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL) द्वारा विकसित।
- 6 किमी. से अधिक दूरी पर स्थित छोटे हवाई लक्ष्यों का पता लगाने तथा निर्देशित सूक्ष्म हथियारों का उपयोग करके उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम।
- मोबाइल प्लेटफॉर्म पर तेजी से तैनाती करने और 2.5 किमी से अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्यों पर निशाना साधने की क्षमता।
- एक साथ 64 से अधिक माइक्रो मिसाइलें दागने में सक्षम।
- **द्विस्तरीय सुरक्षा प्रणाली–**
  - स्तर 1 – स्वार्म ड्रोन के लिए गैर-निर्देशित माइक्रो-रॉकेट।
  - स्तर 2 – सटीक हमलों के लिए निर्देशित माइक्रो-मिसाइलें।
- इसे उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों (5000 मीटर से ऊपर) सहित विविध इलाकों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है, यह प्रणाली विशिष्ट सैन्य परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करती है।

- इसका एकीकृत कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर उन्नत C4I (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन, कंप्यूटर और इंटेलिजेंस) सिस्टम के साथ आता है, जो रियल टाइम जानकारी देता है।

मल्टी इन्फ्लुएंस ग्रांउड माइन (MIGM)

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना द्वारा स्वदेशी MIGM का कम विस्फोटक के साथ युद्धक गोलाबारी हेतु सफल परीक्षण।
- पानी के भीतर एक उन्नत किस्म की नौसैन्य बारूदी सुरंग।
- नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, विशाखापत्तनम द्वारा हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, पुणे तथा टर्मिनल बैलेस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ के सहयोग से विकसित।
- **उत्पादन भागीदार** – भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, विशाखपत्तनम और अपोलो माइक्रोसिस्टम्स लिमिटेड, हैदराबाद।

जीनोम संपादित चावल

- केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नई दिल्ली में भारत में विकसित दो जीनोम संपादित चावल किस्मों – DRR धान 100 (कमला) और पूसा DST राइस 1 की घोषणा।
- भारत जीनोम संपादित चावल की किस्में विकसित करने वाला विश्व का पहला देश।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) द्वारा CRISPR-Cas आधारित तकनीक का उपयोग करके विकसित।
- DRR धान 100 (कमला) किस्म को ICAR-IIRR (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ राइस रिसर्च) हैदराबाद द्वारा सांबा महसूरी (बीपीटी 5204) के आधार पर विकसित किया गया है।
- पूसा DST राइस 1 को ICAR-IARI (इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट), नई दिल्ली द्वारा MTU 1010 के आधार पर विकसित किया गया है।

भारत की तटरेखा की लंबाई में परिवर्तन

- सर्वे ऑफ इंडिया (एसओआई) और नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस (एनएचओ) द्वारा सटीक सैटेलाइट इमेजरी डेटा का उपयोग करके किए गए नवीनतम अध्ययन के अनुसार भारत की तटरेखा की कुल लंबाई 11,098.81 किलोमीटर है।
- यह रिपोर्ट राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) की सहायता से 1:2,50,000 के पैमाने पर उपग्रह डेटा का उपयोग करके किए गए आकलन पर आधारित है, तथा इसमें 1,389 द्वीपों को भी ध्यान में रखा गया है, जिन्हें नवीनतम सर्वेक्षण किए जाने से पहले सूची में शामिल किया गया था।

कोडईकनाल सौर वेधशाला

- भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा कोडईकनाल सौर वेध शाला की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्मारक डाक टिकट जारी।
- 1 अप्रैल 1899 को स्थापित कोडईकनाल सौर वेधशाला (KSO) तमिलनाडु के पलानी हिल्स में स्थित है।
- देश की सबसे लंबे समय से चलने वाली खगोलीय वेधशाला।
- **संचालन** – भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), बेंगलुरु द्वारा।
- 20वीं सदी के प्रारंभ से प्रतिदिन रिकॉर्ड की गई 1.48 लाख डिजिटाइज्ड सौर छवियों और सूर्य की हजारों अन्य छवियों का डिजिटल संग्रह।
- विश्व में सूर्य का सबसे लम्बा निरन्तर दैनिक रिकॉर्डों में से एक।
- **प्रमुख वैज्ञानिक खोज**–
  - एवरशेड प्रभाव – खोज 1909 में जॉन एवरशेड द्वारा कोडईकनाल सौर वेधशाला में।
  - सनस्पॉट में गैसों का रेडियल प्रवाह होता है जिसे एवरशेड प्रभाव के रूप में जाना जाता है।

देश की पहली राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी (NSSL)

- केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नागपुर, महाराष्ट्र में उद्घाटन।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) – राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण और भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर तथा भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा सहयोगात्मक रूप से विकसित।
- यह पहल 'प्रिसिजन कृषि पर नेटवर्क कार्यक्रम' का हिस्सा है।

- स्वच्छ पौधा कार्यक्रम के अंतर्गत पुणे में एक राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला स्थापित करने की घोषणा।

EOS-09 का प्रक्षेपण

- पृथ्वी अवलोकन उपग्रह।
- ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान PSLV-C61 से आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित।
- PSLV-C61 पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल की 63वीं उड़ान।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का 101वां मिशन।
- EOS-09 मिशन पूरा नहीं हो सका क्योंकि तीसरे चरण के दौरान इसमें कुछ तकनीकी समस्या आ गई थी।

ऑटोमोटिव एवं हथियार प्रणाली परीक्षण केंद्र

- चेन्नई के वेल्लनूर में स्थापित।
- **उद्घाटन** – रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत द्वारा।
- इस केन्द्र में 26 प्रकार के ट्रैक हैं जो ट्रैक किए गए बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के संपूर्ण ऑटोमोटिव प्रदर्शन मापदंडों के परीक्षण में मदद करेंगे।

सुपर-फास्ट चार्जिंग सोडियम-आयन बैटरी

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के स्वायत्त संस्थान जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (JNCASR) की एक शोध टीम ने नासिकोन-प्रकार के कैथोड और एनोड सामग्री पर आधारित एक सुपर-फास्ट चार्जिंग सोडियम-आयन बैटरी (SIB) विकसित की है।
- केवल छह मिनट में 80% तक चार्ज हो सकती है और 3000 से अधिक चार्ज साइकिल्स तक चल सकती है।
- भारत में सोडियम किफायती और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जबकि लिथियम दुर्लभ है और व्यापक रूप से इसका आयात किया जाता है।

  लीथियम के बजाय सोडियम के माध्यम से बनी बैटरी देश को ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर बनने में मदद कर सकती है-जो भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत मिशन का एक प्रमुख लक्ष्य है।

सैमहैक फॉर ग्रीन इन्फ्रा

- सीमेंट एवं निर्माण सामग्री परिषद् (NCB), बल्लभगढ़ में 20 मई को DPIIT, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव द्वारा अपनी तरह के पहले राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन का शुभारंभ।
- सीमेंट एवं निर्माण सामग्री परिषद् (NCB) इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा आयोजित।
- सीमेंट एवं निर्माण सामग्री परिषद् (NCB), हरियाणा में कार्बन कैप्चर और उपयोग (CCU) के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) ने एक अग्रणी राष्ट्रीय पहल सीमेंट क्षेत्र में पांच कार्बन कैप्चर और उपयोग परीक्षण केंद्र (CCU Testbed) का अनावरण किया है।
  - यह औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए अपनी तरह का पहला अनुसंधान और नवाचार क्लस्टर है।

सागर भवन और पोलर भवन

- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा गोवा के ''राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र'' (NCPOR) में ''सागर भवन'' और ''पोलर भवन'' का उद्घाटन।
- **सागर भवन** –
  - 13 करोड़ रुपये से निर्मित सागर भवन 1,772 वर्ग मीटर में फैला हुआ है।
  - इसमें दो -30°C आइस कोर प्रयोगशालाएँ और तलछट और जैविक नमूनों को संग्रहित करने के लिए +4°C भंडारण इकाइयाँ शामिल हैं।
  - भवन में 29 कमरे भी हैं, जिनमें ट्रेस मेटल और आइसोटोप अध्ययन के लिए एक धातु-मुक्त क्लास 1000 क्लीन रूम भी शामिल है।
- **पोलर भवन**–
  - 55 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 11,378 वर्ग मीटर में फैला पोलर भवन NCPOR परिसर का सबसे बड़ा भवन।

- साइंस ऑन स्फीयर (SOS) सुविधा-पृथ्वी प्रणालियों और जलवायु से संबंधित डेटा को प्रदर्शित करने के लिए एक 3डी विजुअलाइजेशन प्लेटफॉर्म।
- भारत का प्रथम ध्रुवीय और महासागर संग्रहालय स्थापित किया जाएगा।

पॉलीब्यूटिलीन एडिपेट टेरेफ्थेलेट (PBAT) कंपोस्टेबल बैग

- त्रिपुरा की कमालपुर नगर पंचायत द्वारा एकल-उपयोग प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पॉलीब्यूटिलीन एडिपेट टेरेफ्थेलेट (PBAT) से बने कंपोस्टेबल बैग निर्मित किए गये हैं।
- पॉलीब्यूटिलीन एडिपेट टेरेफ्थेलेट (PBAT) एक बायोडिग्रेडेबल, रसायन मुक्त थर्मोप्लास्टिक कॉपोलीमर है।
- इसे नवीकरणीय संसाधनों, जैसे मक्का स्टार्च और गन्ना से बनाया जाता है।
- इससे बने पर्यावरण अनुकूल बैग 180 दिनों के भीतर विघटित हो जाते हैं।

बुलबुल वी2

- बेंगलुरू स्थित एआई स्टार्टअप सर्वम एआई का टेक्स्ट-टू-स्पीच (TTS) AI वॉयस मॉडल।
- 11 भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है।

रोबोटिक्स शिक्षा

- केरल कक्षा 10 के छात्रों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला भारत का पहला राज्य
- केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन (KITE) द्वारा प्रबंधित पहल।
- संशोधित सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) पाठ्यक्रम में 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में 'द वर्ल्ड ऑफ रोबोट्स' नामक एक अध्याय शामिल।

बैटरी आधार पहल

- टाटा एलेक्सी द्वारा वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (WRI) इंडिया द्वारा 28 मई को नई दिल्ली में आयोजित बैटरी समिट 2025 में बैटरी आधार प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन।
- यह प्रणाली प्रत्येक बैटरी पैक को एक अद्वितीय डिजिटल पहचान प्रदान करेगी, जिससे विनिर्माण मूल, बैटरी रसायन विज्ञान, सुरक्षा प्रमाणपत्र और जीवनचक्र प्रदर्शन की ट्रैकिंग सक्षम होगी।

स्ट्रेटोस्पेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म

- DRDO द्वारा 3 मई को मध्य प्रदेश के श्योपुर परीक्षण स्थल से पहला सफल उड़ान परीक्षण।
- एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, आगरा द्वारा विकसित।
- एयरशिप को लगभग 17 किलोमीटर की ऊँचाई पर एक इंस्ट्रूमेंटल पेलोड ले जाने के लिए लॉन्च किया गया था।
- उड़ान की कुल अवधि लगभग 62 मिनट थी।
- यह प्रणाली भारत की पृथ्वी अवलोकन और खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को अद्वितीय रूप से बढ़ाएगी।

ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) प्रणाली

- अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले और सैन फ्रांसिस्को के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित।
- चेन्नई में जन्में निखिलेश नटराज भी शोधकर्ताओं में शामिल।
- यह एक कंप्यूटर आधारित प्रणाली है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (CNS) द्वारा उत्पादित मस्तिष्क संकेतों को प्राप्त करती है, उनका विश्लेषण करती है, और उन्हें आदेशों में परिवर्तित करती है, जिन्हें वांछित कार्रवाई के लिए आउटपुट डिवाइस पर भेजा जाता है।

अंकिता (Assam's New-age Knowledge-based information Technology Anchor-ANKITA)

- क्षेत्रीय भाषा (असमिया) में समाचार प्रस्तुत करने वाली एआई आधारित वर्चुअल न्यूज एंकर।
- असम सरकार द्वारा लांच।
- पहली प्रस्तुति में असम कैबिनेट बैठक की खबरों-डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट का नाम भूपेन हजारिका के नाम पर रखने तथा चाय बागान मजदूरो के लिए समय आधारित अनुदान की मंजूरी, को प्रस्तुत किया।

इंडियाएआई मिशन के अंतर्गत तीन नए स्टार्टअप का भारत के स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल के निर्माण के लिए चयन

- सोकेट एआई (Soket AI) भारत का पहला ओपन-सोर्स 120 बिलियन पैरामीटर फाउंडेशन मॉडल विकसित करेगा, जो देश की भाषायी विविधता के लिए अनुकूलित होगा, तथा रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को लक्षित करेगा।
- ज्ञानी एआई (Gnani AI) 14 बिलियन पैरामीटर वॉयस एआई फाउंडेशन मॉडल का निर्माण करेगा, जो उन्नत तर्क क्षमताओं के साथ बहुभाषी, रियल टाइम विवरण प्रदान करेगा।
- गण एआई (Gan AI) वर्तमान वैश्विक नेताओं से आगे निकलने के लिए "सुपरह्यूमन टीटीएस (टेक्स्ट-टू-स्पीच)" क्षमताओं को लक्षित करते हुए 70 बिलियन पैरामीटर बहुभाषी फाउंडेशन मॉडल तैयार करेगा।
- सर्वम एआई को भारत के संप्रभु लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) इकोसिस्टम का निर्माण करने के लिए चुना गया है।
- भारत की राष्ट्रीय कंप्यूटिंग क्षमता 34000 GPU (Graphics Processing Unit) को पार कर गई है।
  - क्लाउड पर यह विस्तारित कंप्यूट क्षमता प्रशिक्षण और अनुमान के लिए सामान्य कम्प्यूटेशनल एआई प्लेटफार्म प्रदान करेगी, जो भारतीय संदर्भ के अनुरूप स्वदेशी आधारभूत मॉडल और एआई समाधान विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

ध्रुवा (डिजिटल हब फॉर रेफरेंस एंड यूनिक वर्चुअल एड्रेस)

- भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी एक व्यापक नीति दस्तावेज।
- यह नीति राष्ट्रीय डिजिटल पता डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) के लिए रूपरेखा प्रस्तुत करती है।
- ध्रुवा का दृष्टिकोण एक मानकीकृत, अंतर-संचालनीय और जियो- कोडेड डिजिटल पता प्रणाली स्थापित करना है जो पते की जानकारी को सुरक्षित, सहमति-आधारित और निर्बाध साझाकरण सुनिश्चित करती है।

तेजस एमके1ए के लिए पहली सेंटर फ्यूजलेज असेंबली

- हल्के लड़ाकू विमान (LCA) तेजस एमके1ए के लिए पहली सेंटर फ्यूजलेस असेंबली 30 मई को हैदराबाद में मैसर्स वीईएम टेक्नॉलजीज द्वारा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को सौंप दी गई।
- पहली बार एलसीए तेजस के लिए एक प्रमुख सब-असेंबली का निर्माण एक निजी भारतीय कंपनी द्वारा।

भारत का पहला डी9-9000 एचपी इलेक्ट्रिक इंजन

- जर्मन कम्पनी सीमेंस मोबिलिटी द्वारा निर्मित।
- **निर्माण** – सीमेंस के नासिक, औरंगाबाद और मुंबई संयंत्रों में तथा अंतिम असेंबली दाहोद स्थित भारतीय रेलवे के कारखाने में।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2025 को गुजरात के दाहोद में भारतीय रेलवे और देश के पहले 9000 हॉर्स पावर (एचपी) इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव प्रोडक्शन प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया है।
- जनवरी 2023 में, सीमेंस ने भारत में माल ढुलाई के लिए 1200, 9000 एचपी इलेक्ट्रिक इंजनों की आपूर्ति और सेवा के लिए भारतीय रेलवे के साथ 3.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।
- **अधिकतम गति** – 120 किमी/घंटा, **क्षमता** – 5800 टन

बायोयुग

- बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल) द्वारा मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भारत के पहले औद्योगिक पैमाने के पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA) बायोपॉलिमर ब्रांड 'बलरामपुर बायोयुग' आधिकारिक तौर पर लॉन्च।
- पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA) बायोपॉलिमर एक बायोप्लास्टिक है।
- **उत्पादन** – वर्तमान में कुंभी, उत्तर प्रदेश (भारत का पहला औद्योगिक जैव-प्लास्टिक संयंत्र) में विकसित की जा रही अत्याधुनिक सुविधा में किया जाएगा।
- यह संयंत्र 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके गन्ने को पीएलए में परिवर्तित करेगा।

- भारत की वर्तमान एसयूपी (सिंगल यूज प्लास्टिक) खपत और इसके संबंधित अनुप्रयोगों में से अधिकांश को पीएलए और पीएलए यौगिकों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र

- 27 मई, 2025 को दिल्ली के मेटकाफ हाउस में रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और DRDO के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ द्वारा उद्घाटन।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्थापित।
- उद्देश्य-सामरिक और रक्षा एप्लीकेशन्स के लिए स्वदेशी क्वांटम क्षमताओं को और मजबूत करना।

भारत की पहली जीन-संपादित भेड़

- शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (SKUAST), कश्मीर के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं द्वारा CRISPR-Cas9 तकनीक का उपयोग करके विकसित।
- जीन-संपादित मेमने को 'मायोस्टैटिन' जीन के लिए संशोधित किया गया है - जो मांसपेशियों की वृद्धि का नियामक है।
- जीन-संपादित मेमने का भार सामान्य भेड़ की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है।
- यह उपलब्धि SKUAST- कश्मीर के पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय के डीन रियाज अहमद शाह के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा लगभग चार वर्षों के शोध के बाद हासिल की गई।
- इससे पहले 2012 में रियाज अहमद शाह के नेतृत्व में भारत की पहली पश्मीना बकरी - 'नूरी' का क्लोन तैयार किया गया था।

❖❖❖

05 खेल

मोहम्मद अफसल

- यूएई एथलेटिक्स ग्रांपी - 2025 में भारतीय एथलीट मोहम्मद अफसल ने पुरूषो की 800 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।
- मोहम्मद अफसल ने 1 मीनट 45:61 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।
- केन्या के निकोलस किपलगट 1:45:38 समय के साथ पहले स्थान पर रहें।
- अन्य इवेंट्स में अनिमेश कुजूर ने 200 मीटर में 20:45 सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और मीट रिकॉर्ड बनाया।

खुनिंग पाटामा लीस्वादत्राकुल

1. थाइलैंड की खुनिंग पाटामा लीस्वादत्राकुल को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) का अध्यक्ष चुना गया है।
2. वे इस पद पर पहुँचने वाली दूसरी महिला है।
3. इनसे पूर्व चीन की लू शेनरोंग (1995 से 2001) तक इस पद पर रह चुकी है।
4. खुनिंग पाटामा पॉल-एरिक होएयर का स्थान लेगी।

आर्यना सबालेंका

- आर्यना संबालेका ने तीसरी बार मैड्रिड ओपन का खिताब जीता है।
- यह इनके करियर का 20वाँ खिताब हैं।
- फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 7-5 से हराया।
- हाल ही में इन्होने मियामी ओपन का खिताब भी जीता था।

कैस्पर रूड

- नॉवे के टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड मैड्रिड ओपन चैम्पियन बने।
- कैस्पर रूड ने पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता है।
- फाइनल में ब्रिटेन के जैक ड्रैपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराया।

आर. प्रग्गनानंद

- भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रग्गनानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक का खिताब जीता।
- उन्होने अलीरेजा फिरौजा और मैक्सिम वचियर-लाग्रेव के खिलाफ ट्राईब्रेक खेलकर जीत हासिल की।
- डी. गुकेश टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रहे।
- ग्रेंड शतरंज टूर का अगला चरण, सुपरयूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज इवेंट क्रोएशिया में (1 जुलाई से शुरू होगा।)

नीरज चोपड़ा

- भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 2025 दोहा डायमंड लीग पुरूष भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे।
- जर्मनी के जूलियन वेबर 91.06 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान पर रहे।
- नीरज चोपड़ा ने पौलेण्ड में हुए जानुस कुसोचिंस्की (जेके) मेमोरियल टूर्नामेंट में 84.14 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- जर्मनी के जूलियन वेबर 86.12 मीटर थ्रो के साथ पहले और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (83.24 मीटर) तीसरे पर रहे।
- भारत सरकार ने खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के उत्कृष्ट प्रदर्शन और राष्ट्रीय सेवा को मान्यता देते हुए टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट की मानद उपाधि प्रदान की।

राष्ट्रीय खेल महासंघो के लिए संशाधित अनुदान

1. केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मड़ाविया ने भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने हेतु राष्ट्रीय खेल महासंघो के लिए संशोधित अनुदान की भी घोषणा की।
2. उच्च प्राथमिकता वाले खेलों में राष्ट्रीय चैपियनशिप के लिए अनुदान 51 लाख रूपये से बढ़कर 90 लाख रूपये हो गया है, जबकि प्राथमिकता वाले खेलों को 75 लाख रूपये मिलेंगे।

- अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने वालो को अब 2 करोड़ रूपये मिलेंगे, मुख्य राष्ट्रीय कोचों का वेतन 5 लाख रूपये से बढ़कर 7.5 लाख रूपये हो जाएगा व अन्य कोचो को 2 लाख रूपये से बढ़कर 3 लाख रूपये मिलेंगे।

भारतीय महिला क्रिकेट

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 28 जून से 22 जुलाई तक होने वाले भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैण्ड दौरे के लिए टीमों की घोषणा कर दी है।
- इस दौरे में पाँच टी-20 अंतरराष्ट्रीय और उसके बाद तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे।
- हरमनप्रीत कौर दोनों प्रारूपों में भारतीय टीम महिला की कप्तानी करेगी, जबकि स्मृति मंधाना उनकी उपकप्तान होंगी।

संन्यास-विराट कोहली

- विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।
- विराट ने (14 साल के टेस्ट करियर में) 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए।
- वे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के बाद भारत के लिए चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है।
- भारत के 2024 टी-20 विश्व कप जीतने के बाद कोहली पहले ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले चुके है।

तीरंदाजी विश्वकप 2025 शंघाई (चीन)

- **दिनांक** - 6 से 11 मई 2025
- आयोजन स्थल - शंघाई चीन
- तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में भारत ने शंघाई चीन में दो स्वर्ण, एक रजत, चार कास्य कुल 7 पदक जीतकर तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
  - प्रथम स्थान - साउथ कोरिया (5 गोल्ड 2 सिल्वर)
  - तृतीय स्थान मैक्सिको (1 गोल्ड 2 सिल्वर)
- **विजेताओं के नाम :-**
  - **स्वर्ण** -
    1. मधुरा धामनगांवकर (महिलाओं की कंपाउड स्पर्धा में)
    2. अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव, ओजस देवताले की भारतीय पुरूष टिकड़ी ने कंपाउंड टीम वर्ग में पोडियम पर शीर्ष स्थान।
  - **रजत** -
    1. ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिथा तानिपार्थी और मधुरा की महिला टीम ने महिला कंपाउंड का रजत पदक जीता।
  - **कास्य** -
    1. ऋषभ -पुरूषों की कंपाउंड स्पर्धा में।
    2. सुशांत सालुखे (पुरूषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा)
    3. दीपिका कुमारी (महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा)
    4. मधुरा व अभिषेक (कंपाउंड मिक्स्ड स्पर्धा)
- विश्व कप का तीसरा चरण 3 से 8 जून तक अंताल्या में आयोजित किया जाएगा।

सुनयना प्रकाश

- भारतीय ओलिपिंक संघ की विधिक समिति की चेयरपर्सन और सुप्रीम कोर्ट की सीनियर एडवोकेट सुनयना प्रकाश को इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।
- इसके साथ ही सुनयना को एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष भी बनाया गया है।

निरूपमा देवी

- भारत की निरूपमा देवी ने चीन के जियांगशान में आयोजित एशियाई भारोत्तेलन चैंपियनशिप में चौथे स्थार पर।
  - स्नैच - 91Kg.
  - क्लीन एंड जर्क - 115Kg. (कुल भार - 206 Kg.)
- **विजेता** -
  1. चीन - स्वर्ण - 239 Kg. भार वर्ग
  2. फिलीपिंस - रजत - 232 Kg. भार वर्ग
  3. दक्षिण कोरिया - कास्य - 214 Kg. भार वर्ग

नेशनल ओपन रिले

- भारतीय शीर्ष धावक गुरिंदवीर सिंह, अनिमेष कुजुर, मणिकांत होबलीधर ओर अमलान बोरगोहेन की टीम ने चंढ़ीगढ़ में आयोजित द्वितीय भारतीय ओपन रिले प्रतियोगिता में पुरूषों की 4x100 मीटर रिले में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।
- इससे पहले 38.89 सेकंड का रिकॉर्ड दिल्ली में 2010 के राष्ट्रमंडल खेलो में बनाया गया था।

चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेडी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार - 2023 मिला।

- युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में बैडमिंटन चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया।
- 2023 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) रैंकिंग में नंबर 1 रैंक पर पहुँचने और हांग्जो ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकी रेड्डी की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी को 2023 में खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया।

शुभमन गिल

- बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए है। ऋषभपंत उप-कप्तान चुने गए है।
- BCCI ने साथ ही इंग्लैण्ड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा भी की टीम में साई सुदर्शन और करूण नायर, शार्दुल ठाकुर को जगह मिली है।
- 25 साल की उम्र में शुभमन गिल टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पाँचवें सबसे युवा क्रिकेटर बने। उन्हें इंग्लैण्ड दौरे के लिए भारतीय टीम का कप्तान चुना गया।

नोवाक जोकोविच

- नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन खिताब जीतने के साथ 100वाँ एटीपी खिताब जीता।
- सर्बियन टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर जिनेवा ओपन पुरूष एकल खिताब जीतकर अपने करियर का 100वां एटीपी खिताब जीता।
- फाइनल मुकाबले में नोवाक जोकोविच ने ह्यबूर्ट हर्काज को 5-7, 7-6(7-2),7-6(7-2) से हराया।
- जोकोविच 100 एटीपी एकल खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।
- पूर्व में एटीपी 100वाँ खिताब विजेता -
  - पहले - जिमी कोनर्स (109)
  - दूसरे - रोजर फेडरर (103)

के. श्रीकांत - मलेशिया मास्टर्स

- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कि दांबी श्रीकांत कुआलालंपुर में आयोजित मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट में उपविजेता रहे।
- उन्हें फाइनल मुकाबले में चीन के शीफेंग ली ने 21-11, 21-9 से हराया।

साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन

- भारत ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (SAFF) अंडर-19 चैंपियनशिप - 2025 का खिताब जीता।
- अरूणाचल प्रदेश के यूपिया में आयोजित साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (SAFF) अंडर-19 चैंपियनशिप-2025 में भारतीय टीम ने फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेशी टीम को 4-3 से हराया।

खेलो इंडिया बीच गेम्स



- **दिनांक** - 19 से 24 मई 2025
- **आयोजन स्थल** - केन्द्र शासित प्रदेश और दादर नागर हवेली तथा दमन और दीव
- **शुभकंर** - पर्ल द डॉल्फिन।
- **सम्मिलित खेल** - बीच सॉकर, बीच सेपकटेकरा, बीच कबड्डी, बीच वॉलीबॉल, ओपन वॉटर स्विमिंग और मॉर्शल आर्ट (पेनकैकसिलाट) आदि मेडल कैटगिरी में रखा गया है।
- रस्साकशी, मल्लखभ (गैर-पदक) को प्रदर्शनी खेल कैटेगिरी में रखा गया है।

रैंक	राज्य	कुल	स्वर्ण	रजत	कांस्य
1.	मणिपुर	14	5	6	3
2.	महाराष्ट्र	20	5	5	10
3.	नागालैण्ड	13	5	3	5

(राजस्थान का प्रदर्शन - 1 रजत, 5 कांस्य कुल 6 पदक)

- यह खेलो इंडिया का साल का चौथा आयोजन है। इससे पूर्व विंटर गेम्स, पैरा गेम्स, यूथ गेम्स हो चुके हैं।

26वीं एशियन एथलेटिक्स

- दक्षिण कोरिया में आयोजित 26वीं एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले कैटेगिरी में रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल और शुभा वेकेंटेशन की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने 7618 अंक के साथ रजत पदक जीता।
- पुरूष ट्रिपल जम्प में प्रवीन चित्रवेल ने 16.90 मीटर की सर्वश्रेष्ठ जम्प के साथ रजत पदक जीता।
- महिलाओं की 400 मीटर स्प्रिंट में रूपल चौधरी और 1500 मीटर में पूजा ने रजत पदक जीता।
- पुरूषों के 1500 मीटर में युनुस शाह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

जैसमिन पाओलिनी

- जैसमिन पाओलिनी (इटली) इटेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का डब्ल्यूटीए सिंगल्स खिताब जीता।
- अमेरिका की कोको गॉफ को 6-4, 6-2 से हराया।
- जैसमिन पाओलिनी ने अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीता।
- इससे पूर्व इन्होने दुबई चैंपियनशिप - 2024 भी जीती थी।

नूर अल शेरबिनी

- मिस्त्र की स्कवैश खिलाड़ी नूर अल शेरबिनी ने रिकॉर्ड आठवीं बार स्कवैश वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- हानिया एल हम्मामी को 3-1 से हराया।
- पुरूषों के फाइनल राउंड में मिस्त्र के ही वर्ल्ड नंबर - 1 मुस्तफा असल ने अली फरग को 3-0 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट जीता।

राष्ट्रीय क्लासिंग पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

- **दिनांक** - 21 से 25 मई 2025
- आयोजन स्थल - कोल्हापुर, महाराष्ट्र
- **स्वर्ण पदक विजेता :-**
  - **क्षितिज कनौजिया** - 120 किग्रा लड़कों के सब-जूनियर वर्ग में कुल 535 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक जीता, (स्क्वाट 125 किग्रा और डेडलिफ्ट 120 किग्रा)
  - **साई चरण** - राष्ट्रीय ओपन क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में कुल 665 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक जीता।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप - जर्मनी

- **दिनांक** - 19-27 मई 2025
- **आयोजन स्थल** - सुहल, जर्मनी
- **पदक तालिका में शीर्ष 3 देश** -

रैंक	देश	कुल पद	स्वर्ण	रजत	कांस्य
1.	भारत	11	3	4	4
2.	चीन	4	3	0	1
3.	इटली	8	2	2	4

- **स्वर्ण पदक विजेता** -
  - कनक (महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल)
  - शांभवी श्रवण क्षीरसागर (महिलाओं की 10 मी. एयर राइफल)
  - तेजस्विन (महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में प्रथम)
- **रजत पदक विजेता** -
  1. ओजस्वी ठाकुर (महिलाओं 10 मीटर एयर राइफल में)
  2. एड्रियन कर्माकर (पुरूषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में)
  3. ख्याति चौधरी/नारायण प्रवण वनिता सुरेश (10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में)
  4. रायजा ढिल्लो (महिला स्कीट)
- **कास्यं पदक विजेता** -
  1. एड्रियन करमाकर - (पुरूषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में)
  2. नारायण प्रणव वनिता सुरेश - (पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल में)
  3. मुकेश नेलावल्ली - (पुरूष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल)
  4. शांभवी श्रवण श्रीरसागर/हिमांशु - (10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में)

रिटायरमेंट

- दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट, वनडे और टी-20 फॉर्मेट सहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।
- ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने 13 साल के करियर के बाद एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) से संन्यास की घोषणा की है।
- श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।
- इंग्लैंड की महिला टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है।

सेरेना विलियम्स

- खेलों के लिए 2025 के प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- यह एक प्रतिष्ठित स्पेनिश सम्मान है जो खेल, कला साहित्य और विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और वैश्विक योगदान के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है।

मिस वर्ल्ड 2025 स्पोर्ट्स चैलेंज

- एस्टोनिया की मिस एलिस रैंडमा ने हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में मिस वर्ल्ड 2025 स्पोर्ट्स चैलेंज जीता।
- रजत पदक - मिस ऑरेली जाचिम (मार्टिनिक)
- कांस्य पदक - मिस एम्मा मॉरिसन (कनाडा)

रोहित शर्मा-संन्यास

- रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है।
- रोहित ने 67 टेस्ट मैंचो में 4301 रन बनाए है।
- रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे।
- रोहित शर्मा के आईपीएल में 7000 रू. पूरे 300 छक्के लगाने वाले विराट कोहली के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने।

महत्वपूर्ण तथ्य

- जून में होने वाली महिला हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए भारत ने 14 सदस्यीय टीम घोषित की है। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर होंगी।
- भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 25 मई से 2 जून तक अर्जेटीना में फोर नेशन टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत के अलावा इसमें उरूग्वे चिली व अर्जेटीना की टीमें खेलेगी।
- ब्राजील की फुटबॉलर मार्ता ने अंतरराष्ट्रीय सन्यास से की वापसी की घोषणा।
- फुटबॉल : 2031 से महिला वर्ल्ड कप में 32 से बढ़कर पुरूषों के बराबर 48 टीमें होगी।
- शॉटगन शूटिंग वर्ल्ड कप के ट्रैप मिक्स्ड टीम इंवेट में भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। कीनन चेन्नई और सबीरा हारिस की जोड़ी ने तुर्की की टीम को 34-33 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले चैम्पियनशिप में मिक्स्ड 4x100 रेस को पहली बार शामिल किया गया। कनाडा की टीम ने 40:90 समय लेकर जमैका टीम को हराकर चैंपियन बनी।
- ब्राजील 10वें फीफा वुमन वर्ल्ड कप 2027 की मेजबानी करेगा। ब्राजील वुमन वर्ल्ड कप की मेजबानी करने वाला पहला दक्षिण अमेरिकी देश बनेगा।
- जापान के आइचि-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया है। ओलम्पिक काउंसिल ऑफ एशिया ने 41वीं बोर्ड मीटिंग में क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को आधिकारिक रूप से मंजूरी दे दी हैं।
- एशियन अडंर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप: भारत ने 25 मेडल के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- महिला T-20 वर्ल्ड कप का फाइनल 2026 में इग्लैण्ड के लॉड्र्स मैदान पर खेला जाएगा।
- विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में होगी। भारत को पहली बार इसकी मेजबानी मिली है।
- जापान में 2026 एशियन गेम्स के 20वें संस्करण के लिए तैरता हुआ खेल गांव तैयार होगा। पेरिस ओलम्पिक-2024 में भी 'फ्लोटिंग गेम्स विलेज का कॉन्सेप्ट अपनाया गया था।

- इंग्लेण्ड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ट्रांसजेडंर खिलाड़ियों को महिला क्रिकेट मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया हैं।
- अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने शतरंज खेलने पर अस्थायी रोक लगा दी है। तालिबान सरकार के अनुसार यह खेल जुए को बढ़ावा देता, जो उनके इस्लामी (शरीया) कानून के खिलाफ हैं।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो फोर्ब्स की 2025 के लिए दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में नंबर 1 पर रहे है। (क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कुल संपत्ति – 275 मिलियन डॉलर)
- ल्यूक कैंपबेल – ब्रिटेन के हॉल और ईस्ट यॉकशायर में मेयर चुनाव में जीत हासिल की है। ल्यूक कैंपबेल ने लदंन ओलिपिंक में बॉक्सिंग का गोल्ड मेडल जीता था।
- अमरावती, महाराष्ट्र में 1 से 4 मई तक आयोजित चौथे सीनियर फेडरेशन कप कबड्डी टूर्नामेंट में राजस्थान की टीम उपविजेता रही। हरियाणा की पुरूष और महिला टीमों ने कास्य्ं पदक जीते है।
- जर्मनी फुटबॉल क्लब बार्यन म्यूनिख ने 33वीं बार जर्मन क्लब फुटबॉल लीग का खिताब जीता। यह इंग्लैंड फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन के करियर का पहला मेजर टाइटल है।
- एफसी गोवा ने भुवनेश्वर में खेले गए फाइनल में जमशेदपुर एफसी को 3–0 से हराकर दूसरी बार सुपर कप खिताब जीता।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने भारत के एससी 2025 से बाहर होने के किसी भी फैसले से इनकार किया।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन अल ऐन यूएई में आयोजित एशियाई चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे, रजत पदक जीता। अंतिम दौर के मुकाबले में ईरान के बर्दिया दानेश्वर को हराया। महिला वर्ग में वंतिका अग्रवाल चौथे स्थान पर रही।
- Fide शतरंज विश्वकप – भारत करेगा मेजबानी क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी – निहाल सरीन अलऐन प्रा. इनियन, आर. राजा ऋत्विक, एसएल नारायणन, एम. प्रणेश और जी. बी. हर्षवर्धन।
- अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने नौशाद मूसा को अंडर-23 पुरूष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती। (कप्तान – हरमनप्रीत कोर, उपकप्तान – स्मृति मंधाना)
- नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 भाला फेंक प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्करण स्थगित (भारत – पाक सैन्य तनाव के कारण)
- भारतीय खिलाड़ी अंकुल भट्टाचार्य और अभिनंद प्रधावधी ने बैंकॉक (थाइलैण्ड) में आयोजित डब्ल्यूटीटी यूथ स्टार कटेंडर में अंडर-19 बॉयज कैटेगिरी में युगल खिताब जीता। फाइनल में कोरिया के ली जुंगमोक और चोई जिवुक को 3–7 से हराया।
- बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया था। यह निर्णय भारत और पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते सैन्य तनाव के कारण लिया गया।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्टेलिया दौरे के दौरान अंतिम मैंच में 1–10 से जीत हासिल की।
- हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरूष और महिला) उद्घाटन संस्करण की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी तमिलनाडु की हॉकी इकाई 18 से 27 जून तक चेन्नई में करेगी।
- टी. दिलीप – टीम इंडिया के फिल्डिंग कोच/बीसीसीआई ने इन्हे एक साल का अस्थायी विस्तार दिया है।
- 44 साल बाद भारत में एशियन वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2026 में अहमदाबाद करेगा मेजबानी एशियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। पूर्व में 1982 में (नई दिल्ली) भारत ने एशियन गेम्स की मेजबानी की थी।
- एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप – भारत की ज्योति याराजी और अविनाश साबले ने एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीता। साबले ने 8 मिनट 20.92 सेकंड में 3,000 मीटर स्टीपलचेंज में जीत हासिल की।
- स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलीना न े'ला लिगा' खिताब 28वीं बार जीता। 36वें राउंड मैच में एस्पान्योल को 2–0 से हराया।
- वानखेडे स्टेडियम में 'रोहित शर्मा स्टैंक' का अनावरण किया गया।

- बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है। अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान और ध्रुव जुएल को उप-कप्तान बनाया गया है।
- चेन्नई के श्रीहरी एल. आर. 86 वें ग्रैंडमास्टर बने उन्होने यूएई में एशियन इंडिविजुअल मैंस चेस चैंपियनशिप में तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म पूरा किया।
- फीफा ने कांगो आधिकारिक तौर पर गणराज्य के फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया निलंबन हटाया।
- दोहा डायमंड लीग में 100 मीटर रेस इवेंट में क्लेटन सिस्टर्स टिया क्लेटन व टीना क्लेटन ने क्रमश: पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- बेंगलुरू के 24 वर्षीय कुश मैनी मोनाको ग्रांपी में फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- हॉकी इंडिया मास्टर्स कप-2025 का आयोजन 18 जून से 27 जून तक चेन्नई में किया जाएगा। प्रतियोगिता दोनों वर्गों (महिला/पुरूष) में आयोजित की जाएगी।
- डूरंडकप के 134वें संस्करण का आयोजन 22 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जाएगा।
- टॉटेनहम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग 2025 का खिताब जीता। फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया।
- विश्व कप विजेता और दो बार यूरोपीय चैपियन रहे पेपे रीना ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।
- यूएई ने तीसरे टी-20 में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर 2-1 से सीरीज जीती। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम (145 रन) प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।
- बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमिर्जिंग टीम एशिया कप से भारत के हटने की खबरों का खंडन किया है।
- 27वीं नेशनल डेफ सीनियर (महिला-पुरूष) स्पोर्ट्स चैंपियनशिप और 10वीं नेशनल डेफ एब जूनियर और जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन कानपुर, उत्तरप्रदेश में 15-16 जून को होगा।
- मणिपुर के 23 वर्षीय भारतीय फुटबॉलर बिजय छेत्री ने उरूग्वे के कल्ब कोलोन एफसी से अस्थायी अनुबंध किया है। वह लैटिन अमेरिकी क्लब से स्थायी करार करने वाले पहले भारतीय बन गए है।
- कर्नाटक सरकार ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कर्नाटक की प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों को बल देते हुए क्रिकेटर अनिल कुंबले को अपने वन विभाग और वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- ऑडी इंडिया ने भारतीय जैवलिन प्लेयर नीरज चोपड़ा को ब्रांड एंबेसडर बनाया।
- राहुल के.पी. - भारत के राहुल के.पी को अमेरिकी फुटबॉल प्रतियोगिता द सॉकर टूर्नामेंट में वेस्ट हैम यूनाइटेड के लिए खेलने के लिए चुना गया है। वे प्रमुख अंतराष्ट्रीय क्लब द्वारा चुने गए पहले भारतीय खिलाड़ी है।
- ब्राजील में 2027 में पहली बार वीमेंस फीफा वर्ल्ड कप, 8 शहरों में होगा। फीफा ने 2027 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील के आठ मेजबान शहरों की घोषणा कर दी है। (बेलो होरिजोटे, ब्रासीलिया, फोर्टालेजा, पोर्टो एलेग्रे, रेसिफ, रियो डी जेनेरियो, साल्वाडोर और साओ पाउलो)
- 'सू बर्ड को अमेरिका की महिला बास्केटबॉल टीम का मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है।
- अर्जेटीना के दिग्गज फुटबॉलर और 1978 में विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य लुइस गैल्वन (77) का निधन हो गया है।
- वर्ल्ड टेबल टेनिस : भारतीय खिलाड़ी अंकुल भट्टाचार्य और अभिनंद प्रधावधी ने बैंकॉक में डब्ल्यूटीटी यूथ स्टार कंटेडर में अंडर-19 पुरूषों का युगल खिताब जीता।
- डायमंड क्लब ने 2nd अतिया परवीन स्मृति महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता। फाइनल में एमएनपीएस गर्ल्स क्रिकेट एकेडमी को 4 विकेट से हराया।
- नीरज चोपड़ा - पोलैंड के चोरज़ो में जानूस कुसोसिन्स्की मेमोरियल मीट 2025 में रजत पदक जीता (84.14 मीटर)। जर्मनी के जूलियन वेबर (86.12 मीटर) ने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- टेनिस - फ्रेंच ओपन, जिसे शैलेंद-गैरोस के नाम से भी जाना जाता है, 25 मई 2025 से पेरिस (फ्रांस) में शुरू हो रहा हैं। भारत से रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन. श्रीराम बालाजी और रित्विक चौधारी बोलिपल्ली पुरूष युगल स्पर्धाओं में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

❖❖❖

06 महत्वपूर्ण दिवस

तारीख	दिवस	थीम
1 मई, 2025	अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस	श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य। डिजिटलीकरण और काम का भविष्य।
1 मई, 2025	महाराष्ट्र दिवस	महाराष्ट्र दिवस 1 मई, 1960 को राज्य के जन्म का प्रतीक है, जब बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ था।
1 मई, 2025	गुजरात दिवस	गुजरात दिवस 1 मई, 1960 को राज्य के जन्म का प्रतीक है, जब बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ था।
2 मई, 2025	विश्व टूना दिवस	''हमारा महासागर, हमारा टूना, हमारा भविष्य''
3 मई, 2025	प्रेस स्वतंत्रता दिवस	''बहादुर नई दुनिया में रिपोर्टिंग: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर प्रभाव''
6 मई, 2025	विश्व अस्थमा दिवस	''श्वसन द्वारा उपचार को सभी के लिए सुलभ बनाना''
7 मई, 2025	विश्व एथलेटिक्स दिवस	''दुनिया भर में चुनौतियों का सामना करना''
8 मई, 2025	विश्व थैलेसीमिया दिवस	''थैलेसीमिया के लिए एक साथ: समुदायों को एकजुट करना, रोगियों को प्राथमिकता देना''
8 मई, 2025	विश्व रेड क्रॉस दिवस	''मानवता को जीवित रखना''
11 मई, 2025	राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस	''यंत्र - नई प्रौद्योगिकी अनुसंधान और त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर''
12 मई, 2025	अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस	''हमारी नर्सें: हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बनाती है''
12-18 मई, 2025	8वां संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह	''गतिशीलता पर पुनर्विचार करें: पैदल चलना और साइकिल चलाना सुरक्षित बनाएं''
16 मई, 2025	राष्ट्रीय डेंगू दिवस	''जल्दी कार्रवाई करें, डेंगू को रोकें: स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन''
17 मई, 2025	वर्ल्ड टेले कम्युनिकेशन एंड इनफॉरमेशन सोसायटी दिवस	डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना।
18 मई, 2025	विश्व एड्स वैक्सीन दिवस	''टीकाकरण करें। प्रेरित करें।''
18 मई, 2025	अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम्स दिवस	''तेजी से बदलते समुदायों में म्यूजियम्स का भविष्य''
20 मई, 2025	विश्व मेट्रोलॉजी दिवस	''सभी समय के लिए, सभी लोगों के लिए माप''।

21 मई, 2025	राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस	''आतंकवाद को ना कहें, शांति को हाँ'' राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस राजीव गांधी की शहादत की याद दिलाता है।
22 मई, 2025	अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस	''प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास'
25 मई, 2025	विश्व फुटबॉल दिवस	एक साथ, हम मजबूत हैं।
28 मई, 2025	वर्ल्ड हंगर डे	''युवाओं को सशक्त बनाना, भूख को खत्म करना''।
29 मई, 2025	अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस	''शांति स्थापना का भविष्य''
30 मई, 2025	गोवा राज्य दिवस	''यह दिन 1987 में गोवा के भारत का 25वाँ राज्य बनने के दिन की याद दिलाता है''
30 मई, 2025	हिंदी पत्रकारिता दिवस	''1826 में पहले हिंदी समाचार पत्र, उदंत मार्तंड के शुभारंभ की याद दिलाता है''
31 मई, 2025	विश्व तंबाकू निषेध दिवस	''उज्ज्वल उत्पाद, अंधेरे इरादे। अपील को उजागर करना''

07 महत्वपूर्ण पुस्तकें

क्र.सं.	पुस्तकों के नाम	लेखक का नाम
1.	जनता की कहानी–मेरी आत्मकथा	बंडारू दत्तात्रेय
2.	मुख्यमंत्री और द स्पाई	अमरजीत सिंह दौलत
3.	ओरिजनल सिन : प्रेसीडेंट बिडेन का मानसिक पतन	जैक टैपर
4.	एक परीक्षित जीवन : निबंध और चिंतन	करण सिंह
5.	ऑपरेशन एक्स : द अन्टोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज कोवर्ट नेवल वॉर इन ईस्ट पाकिस्तान	एम.एन.आर. सामंत और संदीप उन्नीथन
6.	पीएमओ : प्राइम मिनिस्टर्स ऑफिस थ्रू द इयर्स	हिमांशु रॉय
7.	जीवन परिवर्तन : नागालैण्ड में पीएमएवाई (शहरी) मिशन की एक झलक	झालेओ रियो, नगर निगम मामले एवं शहरी विकास सलाहकार
8.	अदालत से परे	फली सैम नरीमन
9.	मेरे अच्छे दिन	हरि सिंह राणा
10.	एआई ऑन ट्रॉयल	श्री सुजीत कुमार
11.	द अनडाइंग लाइट	गोपालकृष्ण गांधी
12.	बुरांश : शब्दों की खुशबू	अनुपमा शर्मा

अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

1. NDDB (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड), 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति व्यक्ति दूध खपत में देशभर में प्रथम स्थान पर कौनसा राज्य रहा?
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश **(d) राजस्थान**

2. खेजड़ी वृक्ष की फली (सांगरी) किस राज्य का प्रमुख पारम्परिक उत्पाद है, जिसे मई, 2025 में GI टैग प्राप्त हुआ है?
(a) गुजरात **(b) राजस्थान**
(c) हरियाणा (d) पंजाब

3. हाल ही में चर्चा में रही पुस्तक "ZENITH: Mastering AI for Everday Work and Life" के लेखक कौन है?
(a) डॉ. रमेश रलिया (b) डॉ. किरण चौधरी
(c) डॉ. अजय डाटा (d) डॉ. कृष्णा देवन्दा

4. राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा समितियों का गठन किया उनमें से असत्य कथन का चयन कीजिए ?
(a) प्राक्कलन समिति ''क'' - अर्जुनलाल जीनगर
(b) प्राक्कलन समिति ''ख'' - बाबूसिंह राठौड़
(c) प्रश्न एवं संदर्भ समिति - कालीचरण सर्राफ
(d) जनलेखा समिति - टीकाराम जूली

5. हाल ही में कांग्रेस पार्टी की किस नेत्री का निधन हुआ है, जिन्होने वर्ष 2005-2011 तक राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभाला था।
(a) डॉ. गिरिजा व्यास (b) सोनिया कुमारी
(c) डॉ. सौम्या गुर्जर (d) रूचिका कुमारी

6. निम्नलिखित में से किसे हाल ही में ''ट्रिपएडवाइजर ट्रैवलर्स चॉइस अवॉर्ड, 2025'' से सम्मानित किया गया है?
(a) पिछोला लेक, उदयपुर
(b) ताज लेक पैलेस, उदयपुर
(c) मेनार तालाब झील, उदयपुर
(d) फतेहसागर झील, उदयपुर

7. अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष, 2025 के उत्सव और सफल क्रियान्वयन हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष कौन है?
(a) मुख्य सचिव, सुधांश पंत
(b) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
(c) राज्यवर्धन सिंह राठौड़
(d) गजेन्द्र सिंह खींवसर

8. कृषक उपहार योजना के तहत् कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर जारी की गई राज्य स्तरीय ऑनलाईन-लॉटरी में 2.50 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार किसने जीता।
(a) गोलू (कृषि उपज मंडी, कोटा)
(b) ओमप्रकाश (कृषि उपज मंडी, सीकर)
(c) बजरंग लाल (कृषि उपज मंडी, जयपुर)
(d) सुंडाराम (कृषि उपज मंडी, जोधपुर)

9. हाल ही में राजस्थान के 'प्रथम साइबर सपोर्ट सेंटर' का उद्घाटन किस जिले में किया गया?
(a) जोधपुर (b) उदयपुर
(c) जैसलमेर **(d) जयपुर**

10. फेडरेशन इक्वेस्ट्रियन इंटरनेशनल (FEI) द्वारा जारी 'ग्लोबल ड्रेसाज रैंकिंग, 2024-25' में एशिया की सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार का खिताब किसने जीता।
(a) अवनि लेखरा (b) मोना अग्रवाल
(c) दिव्यकृति सिंह (d) कृष्णा चौधरी

11. हाल ही में कुलपति पदनाम कुलगुरू होने के बाद प्रथम बार प्रोफेसर अखिल रंजन गर्ग किस विश्व विद्यालय के कुलगुरु नियुक्त किए गए है?
(a) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, जयपुर
(b) जयनारायण व्यास, विश्वविद्यालय, जोधपुर
(c) बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर
(d) पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी, सीकर

12. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (RAJSICO) के किस सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया है?
(a) सरल (b) सक्षम

(c) सुरक्षा (d) संवाद

13. फुजैरा, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप, 2025 में भारत के लिए कास्य पदक राजस्थान के किस खिलाड़ी ने जीता।

(a) मनोज बिश्नोई **(b) रघुराज सिंह बिश्नोई**

(c) हितेश मारवाल (d) मनमोहन सिंह भाटी

14. हाल ही में 05 मई, 2025 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने किन दो शहरो में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डो को सैद्धांतिक मंजूरी दी।

(a) उत्तरलाई, बाड़मेर एवं जैसलमेंर

(b) सांगानेर, जयपुर एवं जोधपुर

(c) जयपुर एवं जबलपुर, मध्यप्रदेश

(d) कोटा एवं पुरी, ओडिशा

15. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मई, 2025 को बीकानेर, राजस्थान दौरे के समय राजस्थान के कितने पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया।

(a) आठ (b) दस

(c) नौ (d) चार

16. हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किस जिले में 'तीसरे प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' का उद्घाटन किया गया।

(a) जयपुर **(b) कोटा**

(c) जोधपुर (d) उदयपुर

17. हाल ही में 17-18 मई, 2025 को जयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में किस खिलाड़ी ने लगातार अपना 8वाँ स्टेट खिताब जीता।

(a) योग्या सिंह **(b) जूही कुमारी**

(c) मोना अग्रवाल (d) विद्या चौधरी

18. राज्य का 'प्रथम स्काउट गाइड एडवेंचर पार्क' किस जिलें में स्थापित किया जाएगा।

(a) बीकानेर (b) बाड़मेर

(c) श्रीगंगानगर (d) जयपुर

19. हाल ही में आयोजित 8वीं मिसेज राजस्थान प्रतियोगिता-2025 की विजेता कौन बनी?

(a) वैदेही जोशी **(b) निधि शर्मा**

(c) ललिता नेहरा (d) अनुष्का शर्मा

20. विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 मुख्यत: किस सिद्धान्त पर आधारित है?

(a) लैंड टू लैब

(b) लैब टू लैंड

(c) हमारा खेत-हमारी पहचान

(d) हर खेत में पानी

21. हाल ही में किसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया है?

(a) आलोक जोशी (b) पीएम सिन्हा

(c) मनमोहन सिंह (d) राजीव रंजन वर्मा

22. प्रथम विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) का आयोजन कहाँ किया गया है?

(a) हैदराबाद, तेलगांना (b) कोलकात्ता, पश्चिम बंगाल

(c) मुंबई, महाराष्ट्र (d) अहमदाबाद, गुजरात

23. आईएनएस अर्नाला से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

(i) आईएनएस अर्नाला भारतीय नौसेना का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है।

(ii) इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकात्ता द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल I (b) केवल II

(c) I और II दोनों (d) न तो I और ना ही II

24. भारत के किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश द्वारा वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 5 क्लाउड-सीडिंग परीक्षणों को मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) हरियाणा **(b) नई दिल्ली**

(c) पंजाब (d) चंडीगढ़

25. भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान को कब लॉन्च किया जायेगा ?

(a) वर्ष 2025 में (b) वर्ष 2026 में

(c) वर्ष 2027 में (d) वर्ष 2028 में

26. भारत के महापंजीयक (RGI) द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) रिपोर्ट 2021 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

(i) भारत में मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) 2014-16 के प्रति लाख जीवित जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गया है।

(ii) भारत के आठ राज्य पहले ही मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) के SDG लक्ष्य ($\leq$ 70) को प्राप्त कर चुके है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन से सही है/हैं –

(a) केवल I (b) केवल II

(c) I और II दोनों (d) ना तो I और ना ही II

27. भारत का पहला क्वांटम वैली टेक पार्क कहाँ स्थापित किया जायेगा ?

(a) हैदराबाद, तेलगांना (b) बैंगलुरु, कर्नाटक

(c) चेन्नई, तमिलनाडु **(d) अमरावती, आंध्रप्रदेश**

28. वर्तमान में भारत की तटरेखा की कुल लंबाई कितनी है?

(a) 11098.81 कि.मी (b) 7500 कि.मी.

(c) 7500.81 कि.मी. (d) 11098 कि.मी.

29. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

अभियान		**विवरण**
(I) ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट	:	नक्सल विरोधी अभियान
(II) ऑपरेशन शिवा	:	अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा
(III) ऑपरेशन सिंदूर	:	पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान में कार्यवाही
(IV) ऑपरेशन कैक्टस लिली	:	बांग्लादेश मुक्ति संग्राम

(a) केवल I (b) केवल II

(c) I और II दोनों **(d) न तो I और ना ही II**

30. ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी कहाँ स्थापित की गई है?

(a) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश (b) नासिक, महाराष्ट्र

(c) हासन, कर्नाटक **(d) लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

31. ई-जीरो एफआईआर (E-Zero FIR) से संबंधित असत्य कथन है –

(i) यह साइबर अपराध से निपटने के लिए इंडियन साइबर क्राइम को ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) की एक पहल है।

(ii) इसे दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लॉन्च किया गया है।

(a) केवल I (b) केवल II

(c) I और II दोनों **(d) ना तो I और ना ही II**

32. हाल ही में पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता हासिल करने वाला भारत का पहला राज्य कौनसा है?

(a) मिजोरम (b) गोवा

(c) केरल (d) तेलगांना

33. 'वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (FRI) को किसके द्वारा प्रारम्भ किया गया है?

(a) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

(b) संचार मंत्रालय, भारत सरकार

(c) भारतीय रिजर्व बैंक

(d) सेबी

34. 78वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में भारत को किस रोग के उन्मूलन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है?

(a) पोलियो (b) मलेरिया

(c) ट्रेकोमा (d) रूबेला

35. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप केन्द्र सरकार के आवास आवंटन में विकलांग व्यक्तियों के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

(a) 5 प्रतिशत (b) 3 प्रतिशत

(c) 4 प्रतिशत (d) 7 प्रतिशत

36. विश्व अस्थमा दिवस-2025 की थीम क्या है –

(a) श्वसन उपचार को सभी के लिए सुलभ बनाना

(b) श्वसन उपचारो का डिजिटलीकरण करना

(c) श्वसन सबंधित रोगों की वैश्विक रोकथाम करना

(d) इनमें से कोई नहीं

37. 'मेरे अच्छे दिन' नामक पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन है?

(a) अमरजीत सिंह दौलत (b) करण सिंह

(c) हरि सिंह राणा (d) गोपालकृष्ण गाँधी

38. निम्न में से किस शतरंज खिलाड़ी ने रोमानिया के बुखारेस्ट में 'सुपरबेट शतरंज क्लासिक' का खिताब जीता?

(a) अलीरेजा फिरौजा (b) डी. गुकेश

(c) आर. प्रग्गनांनद (d) मैग्नस कार्लसन

39. खेलो इंडिया बीच गेम्स- 2025 का शुभंकर निम्न में से क्या है?

(a) पर्ल द डॉल्फिन (b) द स्नो लेपर्ड

(c) गजसिंह (d) उज्जवला

40. हाल ही में भारतीय टीम का नया टेस्ट कप्तान निम्न में से किसे चुना गया है?

(a) ऋषभ पंत **(b) शुभमन गल**

(c) रोहित शर्मा (d) विराट कोहली

41. निम्नलिखित पुरस्कारों का मिलान करें:

स्तंभ A	स्तंभ B
1. विश्व खाद्य पुरस्कार	(a) सद्गुरु
2. अमेरिकी संगीत पुरस्कार	(b) मारियांगेलाहंगरिया
3. मेडल ऑफ ऑनर	(c) भुवन रिभु
4. ग्लोबल इंडियन ऑफ दी ईयर	(d) राजा कुमारी

(a) 1-d, 2-b, 3-c, 4-a (b) 1-c, 2-a, 3-d, 4-b
(c) 1-b, 2-d, 3-c, 4-a (d) 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

42. जर्मनी के नए चांसलर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(a) फ्रेडरिक मर्ज (b) एंजेला मर्केल
(c) मार्क कार्नी (d) एंथनी अल्बानीज

43. रॉबर्ट प्रीवोस्ट के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1. उन्हें कार्डिनल्स के एक कॉलेज द्वारा 267वें पोप के रूप में चुना गया।
2. वे पहले अमेरिकी पोप बने और उन्होंने लियो XIV नाम अपनाया।
3. उनके पास केवल अमेरिका की नागरिकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) उपरोक्त सभी

44. प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार करें -

1. इसे रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स एनजीओ द्वारा जारी किया गया था।
2. भारत की रैंक 159 है।
3. सूची में नीदरलैंड सबसे ऊपर है और उसके बाद नॉर्वे है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा गलत है?

(a) केवल 1 और 2 **(b) केवल 2 और 3**
(c) केवल 1 और 3 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. 17वां नोमैडिक एलीफेंट सैन्य अभ्यास कहाँ आयोजित किया गया?

(a) उज्बेकिस्तान (b) ताजिकिस्तान
(c) तुर्कमेनिस्तान **(d) मंगोलिया**

46. विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किस शहर में हुआ?

(a) नई दिल्ली, भारत **(b) रॉटरडैम, नीदरलैंड**
(c) जिनेवा, स्विटजरलैंड (d) पेरिस, फ्रांस

47. विश्व विकास रिपोर्ट 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार करें-

1. भारत की रैंक 133 है।
2. भारत का मानव विकास सूचकांक मूल्य सुधारकर 0.685 हो गया है।
3. आइसलैंड सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद नॉर्वे है।
4. दक्षिण सूडान 193वें स्थान पर सबसे नीचे है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1, 2 और 3 **(b) केवल 2, 3 और 4**
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी

48. प्रथम सागरमाथा संवाद किस स्थान पर आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली, भारत **(b) काठमांडू, नेपाल**
(c) ढाका, बांग्लादेश (d) थिम्पू, भूटान

49. निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

(a) भारतीय विदेश व्यापार संस्थान दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में अपना पहला विदेशी परिसर खोलेगा।
(b) अमेरिका ने चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को हस्तांतरित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
(c) जिनेवा, स्विटजरलैंड में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा आयोजित की गई।
(d) विश्व बैंक भूमि सम्मेलन 2025 में भारत को देश चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई।

50. निम्नलिखित में से कौन सा देश न्यू डेवलपमेंट बैंक का 9वां सदस्य बना?

(a) अल्जीरिया (b) युगांडा
(c) सूडान (d) नाइजीरिया

टॉपर्स टॉक

Rank - 20
(UPSC-2024)

त्रिलोक सिंह

पिता	–	श्री चून सिंह
माता	–	श्रीमती धन कंवर
स्नातक	–	किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली (8.9 GPA)
12th	–	आर्मी स्कूल, जोधपुर। (96%)
10th	–	आर्मी स्कूल, जोधपुर। (10 GPA)

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!

त्रिलोकसिंह : आपकी शुभकामनाओं का धन्यवाद।

प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?

त्रिलोकसिंह : मैं जोधपुर के ओसियां तहसील के एक छोटे से गाँव भाखरी से आता हूँ, मेरे पिता ने 28 साल तक सेना में सेवा दी। मैंने अपनी स्कूली शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल जोधपुर से और किरोड़ीमल कॉलेज से गणित में बीएससी और जेएनवीयू से एमए किया है। इसने मेरे चयन में भूमिका निभाई है क्योंकि मैंने सेना से अनुशासन और कभी हार न मानने का रवैया सीखा है।

प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?

त्रिलोकसिंह : मैंने 2020 में स्प्रिंगबोर्ड अकादमी से आरएएस की तैयारी शुरू की। मैंने 2021 का प्रयास करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन कॉलेज के दूसरे वर्ष के परिणाम में देरी के कारण इसे नहीं दे पाया। आरएएस की तैयारी के लिए 14-18 महीने आदर्श हैं। मैं शुरू में भारतीय वायु सेना में शामिल होना चाहता था, बाद में सिविल सेवा में आया।

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?

त्रिलोकसिंह : कोचिंग और फाउंडेशन आपको सिलेबस पर पकड़ बनाने में मदद करता है, आपको नोट्स अभ्यास परीक्षण प्रदान करता है और सही मानसिकता बनाता है। स्व-अध्ययन भी बाद में महत्वपूर्ण है, लेकिन कोचिंग तैयारी की गति निर्धारित करने में मदद करती है।

प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?

त्रिलोकसिंह : कोचिंग का चयन करने के लिए आपको इसकी फैकल्टी, उसकी स्टैंडर्ड और चयन दर पर ध्यान देना होगा। स्प्रिंगबोर्ड अकादमी राजस्थान में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देती है और इसलिए मैंने इसे आरएएस के लिए चुना।

प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?

त्रिलोकसिंह : मेरा माध्यम अंग्रेजी था। यदि आपकी अवधारणाओं पर अच्छी पकड़ है तो भाषा मायने नहीं रखती, लेकिन पाठ्य-सामग्री की उपलब्धता के मामले में कुछ अंतर है।

प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?

त्रिलोकसिंह : मैंने यूपीएससी की मुख्य परीक्षा भी दी और टॉपर की कॉपियों का विश्लेषण किया ताकि यह समझ सकें कि फाउंडेशन नोट्स का सबसे अच्छा उपयोग कैसे किया जाए।

प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?

त्रिलोकसिंह : मैंने आरएएस परीक्षा और यूपीएससी में कुछ विषयों में स्प्रिंगबोर्ड आरएएस फाउंडेशन नोट्स का भी उपयोग किया। मैंने कुछ टॉपर नोट्स और अपने स्वयं के नोट्स का भी उपयोग किया।

प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?

त्रिलोकसिंह : मैंने संक्षिप्त नोट्स बनाए क्योंकि मुख्य और प्रारंभिक के दौरान रिविजन करना आसान है, इसलिए यह मददगार था।

प्रश्न : मॉक इंटरव्यू की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?

त्रिलोकसिंह : मॉक इंटरव्यू आत्मविश्वास और बोलने के कौशल को सही करने में सहायक है।

प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?

त्रिलोकसिंह : शिक्षक और मार्गदर्शक मार्गदर्शन और आत्म-संदेह पर काबू पाने में मदद करते हैं। जब मैं आरएएस के बाद यूपीएससी और दोनों परीक्षाएँ एक साथ देना चाहता था, तो स्प्रिंगबोर्ड जोधपुर के मनोहर सर ने मेरी उलझन को दूर करने में मेरी मदद की। दिलीप सर और अन्य शिक्षकों ने भी अवधारणाओं को स्पष्ट करने में मदद की।

प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?

त्रिलोकसिंह : दोस्त समर्थन के स्तंभ हैं, मेरे दोस्तों ने असफलता के समय में मदद की है और मुझे प्रत्येक चरण में अच्छा करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने मुझे अपने खाली समय का आनंद लेने में मदद की है और हमेशा मेरे साथ रहे हैं।

प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?

त्रिलोकसिंह : घर से दूर रहना मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी अधिकांश तैयारी घर से ही की है।

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे मोटिवेट रखा?

त्रिलोकसिंह : मैंने हिंदी कविताएँ पढ़ीं और हमेशा याद रखा कि इस परीक्षा को पास करना मेरा लक्ष्य है। मैं बस इस चक्र को पूरा करना चाहता था, इसलिए मैंने निरंतर सुधार किया।

प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?

त्रिलोकसिंह : प्लान बी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा थी।

प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?

त्रिलोकसिंह : एक अधिकारी के रूप में, शुरुआती चरण में, मैं निम्न वर्ग/निम्न स्तर के लोगों को लाभ पहुंचाने की दिशा में काम करना चाहूंगा। मैं एक आईएएस के रूप में शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में बदलाव लाना चाहता हूं।

प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?

त्रिलोकसिंह : मेरी सफलता की कुंजी मेरी गलतियों को पहचानने की क्षमता, कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट वर्क और निरंतरता है।

प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?

त्रिलोकसिंह : समय प्रबंधन महत्वपूर्ण है मैंने दिन की शुरुआत में ही तय कर लिया कि मुझे क्या काम करने हैं और उन्हें पूरा किया।

प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं!

त्रिलोकसिंह : धन्यवाद!

❖❖❖